

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पोंगल का त्यौहार मनाते हुए।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्षः 18 अंकः 15 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

## इंडिया में सीट शेयरिंगः बंगाल-पंजाब-यूपी ने फंसाया, ममता-अखिलेश कांग्रेस को ज्यादा सीटें देने को तैयार नहीं

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**इंडिया** गठबंधन में सीट शेयरिंग को लेकर एकराय नहीं बन पा रही है। बंगाल में ममता, पंजाब में आप तो यूपी में अखिलेश अपने दम पर लड़ना चाहते हैं। विपक्षी गठबंधन इंडिया में सीट शेयरिंग समेत गठबंधन के अध्यक्ष और संयोजक पद पर भी असमंजस की स्थिति है। सूत्रों के मुताबिक, शनिवार 13 जनवरी को हुई वर्चुअल मीटिंग में चेयरपर्सन के लिए मल्लिकार्जुन खड़गे के नाम पर सहमति बनी, लेकिन संयोजक के नाम पर फैसला नहीं हो सका। मीटिंग के बाद एनसीपी प्रमुख शरद पवार ने कहा, हमारे बीच चर्चा हुई कि हम जल्द सीट शेयरिंग पर फैसला लेंगे।' जदयू भी सीट शेयरिंग में हो रही देरी से नाराज है। पार्टी के महासचिव और मुख्य प्रवक्ता केसी त्यागी ने कहा, हमारी चिंताएं हैं कि सीट शेयरिंग जल्दी हो और जॉइंट कैंपेन होना चाहिए। चुनाव में मुश्किल से दो महीने बचे हैं और अभी सीट शेयरिंग भी नहीं हुई। यह बहुत बड़ी प्रॉब्लम है। हालांकि, ठऊअ में भी सीट शेयरिंग नहीं हुई है, लेकिन इखढ का संगठन, जनशक्ति और धनशक्ति काफी मजबूत है। इंडिया ब्लॉक की ऑनलाइन बैठक में 9 पार्टियों के नेता जुड़े। ममता बनर्जी और उद्धव ठाकरे शामिल नहीं हुए।

**पश्चिम बंगालः कांग्रेस को चाहिए 6 सीटें, ममता 2 से ज्यादा देने को तैयार नहीं:** राज्य में लोकसभा की 42 सीटें हैं, जिनमें से कांग्रेस 6 सीटों पर चुनाव लड़ना चाहती है। मुख्यमंत्री और टीएमसी सुप्रीमो ममता बनर्जी कांग्रेस को 2 सीटों से ज्यादा देने को तैयार नहीं हैं। पश्चिम बंगाल में फिलहाल सीट शेयरिंग का कोई फॉर्मूला बनता नहीं दिख रहा। यही वजह है कि ममता बनर्जी इंडिया गठबंधन से दूरी बनाते दिख रही हैं। फिलहाल कांग्रेस और टीएमसी में सीटों के बंटवारे पर कोई औपचारिक बैठक नहीं हुई है।

**पंजाबः कांग्रेस का 8 सीटों पर दावा, लेकिन आप राजी नहीं:** पंजाब में लोकसभा की 13 सीटें हैं। आम आदमी पार्टी के चीफ अरविंद केजरीवाल ने दिसंबर में भटिंडा में एक रैली के दौरान लोगों से आप को सभी 13 सीटें जिताने की अपील की थी। जाहिर है कि आप का दावा पंजाब की सभी 13 सीटों पर है। अभी 13 में से 8 सीटों पर कांग्रेस के सांसद हैं। कांग्रेस इन 8 सीटों पर दावा कर रही है। पंजाब में सरकार बनाने के बाद आम आदमी पार्टी कांग्रेस को इतनी सीटें देने के लिए तैयार नहीं है।

# मणिपुर से शुरू हुई कांग्रेस की 'न्याय यात्रा'

= मणिपुर में भाई-बहन, माता-पिता आंखों के सामने मरे और आज तक हिंदुस्तान के प्रधानमंत्री मणिपुर में आपके आंसू पोछने, गले मिलने नहीं आए, ये शर्म की बात हैः राहुल

**न्याय यात्रा**

8 पीएम यहां आंसू पोछने नहीं आए, सीएम बीरेन ने कहा- राहुल के आने से स्थिति बिगड़ती



**टीम एक्शन इंडिया/इंफाल**

**कांग्रेस** सांसद राहुल गांधी ने मणिपुर के थौबल से भारत जोड़ो न्याय यात्रा की शुरूआत की। यात्रा से पहले राहुल गांधी ने एक सभा को संबोधित करते हुए कहा- मणिपुर में भाई-बहन, माता-पिता आंखों के सामने मरे और आज तक हिंदुस्तान के प्रधानमंत्री मणिपुर में आपके आंसू पोछने, गले मिलने नहीं आए। ये शर्म की बात है। उधर मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने राहुल की यात्रा को लेकर संदेह जताया। सीएम ने कहा, राज्य में मौजूदा स्थिति को देखते हुए, क्या यह रैली आयोजित करके राजनीति करने का समय है? यह वास्तव में भारत तोड़ो यात्रा है, न कि भारत जोड़ो यात्रा है। हमें संदेह है कि राहुल ने इसमें गड़बड़ी की है। वे जब भी आते हैं तो दिक्कत हो जाती है। इस बार मणिपुर अलर्ट पर है। राहुल के साथ अशोक गहलोत, सचिन पायलट, दिग्विजय सिंह, सलमान खुर्शीद, आनंद शर्मा और राजीव शुक्ला जैसे कई सीनियर नेता मणिपुर पहुंचे। भारत जोड़ो न्याय यात्रा 15 राज्यों के 110 जिलों को कवर करेगी।

### 'मणिपुर में बीजेपी की नफरत की राजनीति है'

**चुनाव** में ज्यादा समय नहीं बचा। इसलिए पैदल के साथ-साथ बस यात्रा का फैसला किया। सवाल उठा कि यात्रा कहां से शुरू करें, किसी ने कहा वेस्ट से करो, किसी ने ईस्ट बताया। मैंने साफ कहा- अगली भारत जोड़ो यात्रा सिर्फ मणिपुर से शुरू हो सकती है। मणिपुर में बीजेपी की नफरत की राजनीति है। 2004 से मैं राजनीति में हूं, पहली बार मैं हिंदुस्तान के एक प्रदेश में गया। जहां गर्वनेंस का पूरा स्ट्रक्चर बिगड़ गया। 29 जून के बाद से मणिपुर बदल गया। कोने-कोने में नफरत फैली। आज तक हिंदुस्तान के प्रधानमंत्री मणिपुर में आपके आंसू पोछने, गले मिलने नहीं आए। ये शर्म की बात है।

### मोदी दिल्ली में पोंगल त्योहार में शामिल हुए

**नई दिल्लीः** देशभर में आज (रविवार) मकर संक्रांति का उत्सव मनाया जा रहा है। कुछ लोग इसे कल भी मनाएंगे। यह त्योहार दक्षिण भारत में पोंगल, मकर विलक्कु और पेड्डा पांडुया, उत्तर भारत में मकर संक्रांति, लोहिड़ी और देव डोली, मध्य भारत में उत्तरायण, पूर्व में बिहू के नाम से मनाया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली में पोंगल त्योहार में शामिल हुए। उन्होंने गुड़ और चावल से भगवान सूर्य का प्रसाद बनाया और गाय की पूजा की। यहां उन्होंने तमिल समुदाय के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि पोंगल का पर्व 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' की राष्ट्रभावना को दशार्ता है। वहीं, गुजरात में उत्तरायण के अवसर पर इंटरनेशनल काइट फेस्टिवल मनाया गया।

## 'इंडियन आर्म्ड फोर्स दुनिया की बेस्ट फोर्स में से एक'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने कहा कि इंडियन आर्म्ड फोर्स दुनिया की सर्वश्रेष्ठ सेनाओं में से एक है। युद्ध की अनगिनत चुनौतियों का सामना करने के लिए बदलते समय के साथ इंडियन आर्म्ड फोर्स में भी बदलाव आया है। वीआर चौधरी ने यह बात रविवार (14 जनवरी) को दिल्ली कैंट के मानेकशॉ सेंटर में आयोजित 8वें सशस्त्र बल पूर्व सैनिक दिवस कार्यक्रम में कही है। उन्होंने कहा कि पूर्व सैनिकों के नेतृत्व और दूरदर्शिता ने ही आज की आर्म्ड फोर्स की नींव रखी थी। आज का दिन उन सभी पूर्व सैनिकों याद करने का भी दिन है, जिन्होंने देश के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं उन लोगों के परिवारों के



साथ हैं। इस कार्यक्रम में नेवी चीफ एडमिरल आर हरि कुमार के साथ-साथ तीनों सेनाओं के वरिष्ठ अधिकारी और रिटायर्ड सैनिक अपने परिवार के सदस्यों के साथ शामिल हुए।

**इंडियन एयरफोर्स ने तैयार किए 60 हजार मेक इन इंडिया कंपोनेंटः** श एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने कहा था कि बीते दो-तीन सालों में इंडियन एयरफोर्स ने 60 हजार से अधिक मेक इन इंडिया कंपोनेंट तैयार किए हैं। हमारी एयरफोर्स को अब रिपेयरिंग और रखरखाव के लिए विदेशों से आने वाले ओरिजिनल इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरर्स के भरोसे रहने की जरूरत नहीं है। शुक्रवार (12 जनवरी) को रक्षा मंत्रालय ने कहा था कि 22 जुलाई 2016 को गायब हुए एयरफोर्स के एंटोनोव एएन-32 विमान का मलबा बंगाल की खाड़ी में मिला है।

**बदलाव**

8 चुनौतियों का सामना करने के लिए बदलते समय के साथ इंडियन आर्म्ड फोर्स में भी बदलाव आया है

## कांग्रेस को झटकाः मिलिंद देवड़ा (शिंदे गुट) शिवसेना में शामिल

**टीम एक्शन इंडिया/मुंबई**

**राहुल** गांधी की न्याय यात्रा से पहले रविवार 14 जनवरी को मिलिंद देवड़ा ने शिवसेना (शिंदे गुट) जॉइन कर ली। मिलिंद, दिग्गज कांग्रेसी नेता रहे मुरली देवड़ा के बेटे हैं। मिलिंद ने इस्तीफे की जानकारी सोशल मीडिया पर दी थी। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा- आज मेरे राजनीतिक सफर का एक महत्वपूर्ण अध्याय खत्म हुआ। मैंने कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। इसी के साथ पार्टी के साथ मेरे परिवार का 55 साल पुराना रिश्ता खत्म हो गया। मिलिंद देवड़ा के पार्टी छोड़ने पर कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने कहा कि इस्तीफे की टाइमिंग पीएम मोदी ने तय की है।







# ईको विलेज-2 में उत्तराखंडी समाज ने दिखाई सांस्कृतिक झलक

**झांकी**

**8 कुमाऊं और गढ़वाल अंचल के लोगों ने अपने पारंपरिक वस्त्रों में सज-धजकर सोसाइटी में झांकी निकाली**





**टीम एक्शन इंडिया/ग्रेटर नोएडा।** आगामी 14-15 जनवरी को उत्तरायण और मकरैणी का त्योहार बड़ी धूम-धाम से मनाया जाएगा। इससे पहले शनिवार 13 जनवरी को ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सुपरटेक ईको विलेज-2 में उत्तराखंडी समाज ने दूसरे शरदोत्सव का आयोजन किया। सोसाइटी में रहने में उत्तराखंड के कुमाऊं और गढ़वाल अंचल के लोगों ने अपने पारंपरिक वस्त्रों में सज-धजकर सोसाइटी में झांकी निकाली।

इस झांकी के लिए उत्तराखंड के पुरुषों ने जहां कुर्ता-पायजामा के साथ पहाड़ी टोपी पहनी हुई थी। वहीं महिलाओं ने साड़ी और पिछोड़ा ओढ़कर सोसाइटी में उत्तराखंड की झलक पेश की. झांकी सोसाइटी में मौजूद मंदिर से शुरू हुई। इस झांकी का मुख्य आकर्षण पहाड़ी बैंड और छोलिया डांस रहे। सोसाइटी में मौजूद अन्य समाज के लोगों ने भी इस झांकी में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और पहाड़ी संस्कृति की सुगंध को महसूस किया। पहाड़ी बैंड में नगाड़ा, दमऊ, बीनबाज (बैगपाइपर), रणसिंग, छोलिया और निशाण ने लोगों को ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया. झांकी के बाद शाम को सोसाइटी के क्लब में पहाड़ी समाज ने रंगारंग कार्यक्रम किया। इस कार्यक्रम में महिलाएं, बच्चे और पुरुष पहाड़ी गानों पर न सिर्फ थिरके, बल्कि कई बच्चों और महिलाओं ने पहाड़ी गाने गाकर अपनी संस्कृति की मिसाल पेश की। यह शरदोत्सव पहाड़ी समाज का एक तरह से शक्ति प्रदर्शन भी रहा। जिसमें उन्होंने सभी को जताया कि पहाड़ी समाज इकट्ठा है और अपनी संस्कृति के प्रति संजीदा भी है।

# मकान की दूसरी मंजिल पर लगी भीषण आग

**टीम एक्शन इंडिया/नोएडा।** कोतवाली सेक्टर-20 क्षेत्र के सेक्टर-25 में रविवार सुबह अचानक एक घर में दूसरी मंजिल पर आग लग गई।

सूचना पर दमकल विभाग की चार गाड़ियों ने करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रदीप कुमार चौबे ने बताया कि आग आरके पालीवाल के मकान में लगी, जिस पर समय रहते काबू पा लिया।

शुरूआती जांच में आग लगने का कारण इनवर्टर में हुए शार्ट सर्किट को बताया जा रहा है। उन्होंने बताया कि रेस्क्यू आपरेशन के दौरान मौके पर जा कर देखा तो वहां तीन व्यक्ति वीर बहादुर सिंह उम्र 90 वर्ष (चलने में असमर्थ), आरके पलीवाल उम्र 80 वर्ष, मधु पालीवाल उम्र 71 वर्ष फंसे हुए थे, जिन्हें फायर सर्विस द्वारा सुरक्षित बाहर निकल कर आग को बुझाया गया।

**काबू पाया**

**8 सूचना पर दमकल विभाग की चार गाड़ियों ने करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।**

# चार दिन पहले लापता हो गई थी दो बहन, फुसलाकर ले जाने के आरोप में जीजा गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया/ गाजियाबाद।** थाना क्षेत्र के एक गांव से लापता दो बहनों को पुलिस ने शनिवार रात सकुशल बरामद कर लिया। जीजा पर उन्हें बहला फुसलाकर अपने साथ ले जाने का आरोप है। पुलिस ने आरोपित जीजा को गिरफ्तार कर लिया है।

लापता किशोरी के पिता की शिकायत पर केस दर्ज किया गया है। थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी के व्यक्ति कामगार हैं। उनकी 14 वर्षीय बेटी एक स्कूल की छात्रा हैं। दस जनवरी को वह संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। साथ में 14 वर्षीय भतीजी भी गायब हो गई। स्वजन ने आसपास में पता किया। लेकिन जानकारी नहीं मिली। दोस्ती व रिश्तेदारी में पता किया। जब कहीं से भी पता नहीं चला तो स्वजन ने थाने में शिकायत दी।

**बहनों को ढूंढ़ने के लिए दो टीम हुई थी गठन**

मामले की गंभीरता को भांपते हुए पुलिस अधिकारियों ने तत्काल दो टीमों का गठन किया।

इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस और मुनेअल इनपुट की मदद से पुलिस ने शनिवार रात दोनों को सकुशल बरामद कर लिया। पूछताछ में पता चला कि आरोपित जीजा जावेद उन्हें बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया था।

# गाजियाबाद में नमो भारत ट्रेन के चलते प्रॉपर्टी में बूम

**टीम एक्शन इंडिया/ गाजियाबाद।** नमो भारत ट्रेन प्रोजेक्ट जैसे-जैसे चरणबद्ध तरीके से परवान चढ़ रहा है। वैसे-वैसे जिले की प्रॉपर्टी में बूम बढ़ रहा है। पहले आओ-पहले पाओ की तर्ज पर निकाली गई स्कीम में तीन माह में 151 फ्लैट बिक चुके हैं। बिकने वाले फ्लैटों में सबसे ज्यादा मधुबन-बापूधाम योजना के हैं व कुछ चंद्रशिला आवास योजना, कोयल एंक्लेव, इंद्रप्रस्थ योजना व संजयपुरी के हैं। जीडीए अपर सचिव सीपी त्रिपाठी ने बताया कि नमो भारत ट्रेन प्रोजेक्ट से गाजियाबाद जिले की प्रॉपर्टी में जबरदस्त बूम आया है। मधुबन-बापूधाम के फ्लैट नमो भारत ट्रेन के दुहाई स्टेशन से मात्र 500 मीटर की दूरी पर और पेरिफेरल हाइवे से 15 मिनट की दूरी पर हैं व यहां जीडीए कार्यालय बनना प्रस्तावित है। ऐसे में यहां फ्लैट खरीदना लोग फायदे का सौदा समझ रहे हैं। यही कारण है कि मधुबन-बापूधाम योजना के फ्लैटों के लिए लोगों का रुझान ज्यादा है। जीडीए ने यहां विभिन्न श्रेणी के 700 फ्लैटों की योजना लांच की है। अपर सचिव ने बताया कि बेहतरीन लोकेशन पर फ्लैट खरीदने का इससे अच्छा मौका लोगों को कभी नहीं मिलेगा। कोयल एंक्लेव में 479, इंद्रप्रस्थ योजना में 396, संजयपुरी मोदीनगर में 44 ईडब्ल्यूएस फ्लैट व चंद्रशिला आवास योजना में 36 फ्लैट खरीदने का लोगों के पास अच्छा मौका है।

# शीतलहर और कोहरे को लेकर 12वीं तक के स्कूल 16 जनवरी तक रहेंगे बंद




**टीम एक्शन इंडिया/ गाजियाबाद।** जिले में शीतलहर एवं कोहरे को देखते हुए 12वीं तक के सभी शिक्षण संस्थानों में विद्यार्थियों की छुट्टी रहेगी। जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने रविवार को अवकाश की घोषणा की। आदेश का पालन कराने के लिए बेसिक शिक्षा अधिकारी ओपी यादव ने सभी बोर्ड के विद्यार्थियों को अवकाश के लिए निर्देशित किया है। जिले में कड़कड़ाती सर्दी को देखते हुए एक जनवरी से 14 जनवरी तक जिलाधिकारी द्वारा अवकाश घोषित किया गया था। अब दो दिन से सर्दी ज्यादा है और ऐसे में अब स्कूल खुलने थे। बच्चों के स्वास्थ्य एवं स्कूल पहुंचने में परेशानी को देखते हुए जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने छुट्टी बढ़ा दी है। अब 16 जनवरी तक अवकाश रहेगा।

**विद्यालयों में सख्ती के साथ आदेश का पालन**

बेसिक शिक्षा अधिकारी ओपी यादव ने बताया कि विद्यार्थियों की छुट्टी रहेगी। लेकिन शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी विद्यालय में उपस्थित रहकर राज्य सरकार की योजनाओं से संबंधित कार्य यू-डायस डाटा, मानव संपदा पोर्टल कार्य, बीएलओ का कार्य, बोर्ड परीक्षा की तैयारी आदि सहयोग करेंगे।

# जाति पता चलने पर जबरन छुवाए पैर, व्यापारियों में आक्रोश

**टीम एक्शन इंडिया/ग्रेटर नोएडा।** ईकोटेक तीन कोतवाली क्षेत्र में बिल्डिंग मैटेरियल विक्रेता गौरव शर्मा व उसके साले रविदत्त शर्मा से हुई मारपीट के मामले में व्यापारियों का गुस्सा बढ़ रहा है। आरोप है कि पीड़ित की जाति पता चलने पर आरोपितों ने जबरन पैर छुवाए। व्यापारियों का आरोप है कि पुलिस ने मामले में हल्की धारा में केस दर्ज किया। मामले में चार आरोपितों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की। व्यापारियों ने शनिवार को ईकोटेक तीन कोतवाली पहुंचकर केस में धारा बढ़ाने की मांग की है। दरअसल, हबीबपुर गांव के रहने वाले गौरव शर्मा की गांव में ही बिल्डिंग मैटेरियल की दुकान है। गौरव शर्मा के साथ कई व्यापारी एकत्रित होकर शनिवार को ईकोटेक तीन कोतवाली गए। उन्होंने कहा कि दस दिसंबर को खैरपुर गांव के रोड़ी मिक्सर प्लांट में गौरव शर्मा ने 27 हजार पांच सौ रुपये में पांच हजार ईंट भेजी। आरोपितों ने प्लांट पर आकर पेमेंट लेने के लिए कहा। कई चक्कर लगाने पर आरोपितों ने बीस हजार का भुगतान किया, शेष रुपये नहीं दिए। आरोप है कि 11 दिसंबर को गौरव शर्मा और उनके साले रविदत्त शर्मा प्लांट पर रुपये मांगने गए। वहां मौजूद दो प्लांट संचालक व एक ऑडी सवार आरोपितों ने गौरव व रविदत्त को बंधक बना लिया। जीजा-साले को पीटा गया। जाति पता चलने पर आरोपितों ने जबरन पैर छूवाए। आरोपितों ने एक वीडियो बनाया जिसमें पीड़ितों के हाथ में रुपये दिए गए। बाद में यह रुपये वापस ले लिए गए। आरोप है कि पुलिस ने मामले में साधारण धारा में केस दर्ज किया।

# जैविक उत्पादों की गुणवत्ता की जांच करेगी राष्ट्रीय परीक्षणशाला, जयपुर से शुरूआत





**जांच**

**8 दावा कर बेचे जा रहे हैं, उन दावों की सच्चाई का पता लगाने के लिए उनकी जांच न होना बड़ी समस्या**

**टीम एक्शन इंडिया/गाजियाबाद।** देश में इन दिनों जैविक खाद्य पदार्थ का चलन तेजी से बढ़ रहा है। लेकिन बाजार में जो जैविक खाद्य पदार्थ सौ प्रतिशत जैविक होने का दावा कर बेचे जा रहे हैं, उन दावों की सच्चाई का पता लगाने के लिए उनकी जांच न होना बड़ी समस्या है। ऐसे में उपभोक्ताओं को यह पता नहीं चल पाता है कि जो जैविक खाद्य पदार्थ वो खरीद रहे हैं, वो वास्तव में जैविक हैं भी या नहीं। उपभोक्ताओं की इस समस्या के मद्देनजर राष्ट्रीय परीक्षणशाला की ओर से जयपुर में लेब्रोटरी स्थापित की गई है। इस लैब में जैविक उत्पाद बेचने वाले व्यक्ति और उपभोक्ता जैविक खाद्य पदार्थ की जांच करा सकेंगे। इससे एक तो दावे की हकीकत सामने आएगी तो दूसरी तरफ उपभोक्ताओं को गुणवत्तापरक खाद्य पदार्थ मिल सकेंगे।

**बड़ी संख्या में जैविक खेती की ओर रुख कर रहे हैं किसान**

देश में रसायनयुक्त खेती से हो रहे मिट्टी और लोगों के स्वास्थ्य के नुकसान को देखते हुए केंद्र सरकार ने जैविक खेती को बढ़ावा देने की अपील की है। लोगों ने भी अच्छे स्वास्थ्य के लिए जैविक खाद्य पदार्थों को अपनाना शुरू किया है, यही वजह है कि बड़ी संख्या में किसान जैविक खेती की ओर रुख कर रहे हैं। अब तक किसी भी सरकारी लैब में जैविक पदार्थों की गुणवत्ता की जांच नहीं होती थी, खेती करने वाले किसान खुद से तैयार किए गए जैविक खाद्य पदार्थ को जैविक होने का दावा कर उसे बेचते हैं। जैविक खाद्य पदार्थ का बाजार में आम खाद्य पदार्थ की अपेक्षा दाम अधिक होता है।

ऐसे में कुछ लोग ऐसे भी हैं जो कि उत्पाद के सौ प्रतिशत जैविक न होने के बावजूद उसके जैविक होने का दावा कर बेच देते हैं, इससे उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ता है। उनको महंगे दाम पर भी गुणवत्तापरक खाद्य पदार्थ नहीं मिल पा रहे थे। इस समस्या का समाधान के लिए ही केंद्र सरकार के निर्देश पर राष्ट्रीय परीक्षणशाला ने अपनी जयपुर स्थित यूनिट में जैविक खाद्य पदार्थों की जांच के लिए लैब बनाई है। यहां पर जैविक खाद्य पदार्थों की जांच की जाएगी।

**किसानों को भी होगा फायदा**

जैविक खाद्य पदार्थों की जांच शुरू होने से न केवल उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी बल्कि जैविक खेती करने वाले किसानों को भी फायदा होगा। जब उनके उत्पाद को राष्ट्रीय परीक्षणशाला की जांच में सही पाया जाएगा तो उसे बाजार में आसानी से बेच सकेंगे, उपभोक्ताओं का विश्वास इन खाद्य पदार्थों पर होगा तो डिमांड भी बढ़ेगी, इससे किसानों की आय में इजाफा हो सकेगा।

**देश के किसी भी कोने से भेज सकेंगे सैंपल**

कोई भी व्यक्ति देश के किसी भी कोने से कोरियर के माध्यम से जयपुर स्थित लैब में सैंपल भेज सकता है। यह लैब जयपुर में नेशनल टेस्ट हाउस (एनडब्ल्यूआर) वीकेआइ इंडस्ट्रियल एरिया में स्थित है। इस पते पर कोई भी उपभोक्ता जैविक खाद्य पदार्थ का सैंपल भेजकर जांच करा सकता है।

# जिन्होंने कारसेवकों पर गोली चलवाई, वो मंदिर कैसे बनवाते: कोठारी

**टीम एक्शन इंडिया/गाजियाबाद।** आज मन मे दर्द है तो गर्व की भी अनुभूति हो रही है, जिस तरह से मेरे भाइयो राम कोठारी और शरद कोठारी ने जिस रामकाज के लिए अपने प्राणों का बलिदान किया, वो बलिदान आज सार्थक हो रहा है। अयोध्या में राम मंदिर बन रहा है, जिसमें 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होगी। यह बातें अयोध्या में कार सेवा के दौरान अपने प्राणों का बलिदान देने वाले कोलकाता के राम कोठारी और शरद कोठारी की बहन पूर्णिमा कोठारी ने रविवार को गाजियाबाद स्थित भाजपा महानगर कार्यालय पर आयोजित कोठारी बन्धुओं की श्रद्धांजलि सभा मे कही। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि वह लोग राम मंदिर कैसे बनवाते, जिन्होंने कार सेवकों पर गोलियां चलवाईं, हमें विश्वास था कि मंदिर मोदी के राज में ही बनेगा। प्राण प्रतिष्ठा के दिन अयोध्या जाने का निमंत्रण ठुकराने वाले राजनीतिक दलों के बारे में कहा कि अच्छा हुआ वो लोग ऐसा कर रहे हैं, क्योंकि देवता और राक्षस दो तरह के लोग होते हैं, जो मन्दिर से दूर रहता है वह राक्षस प्रव्रत्ति का होता है, ऐसे लोगों को दूर ही रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि मेरे भाइयों ने सन 1990 में अशोक सिंहल को कारसेवा के दौरान अयोध्या में जब पुलिस की बर्बरता के कारण रक्त रंजित देखा तो खुद को रोक नहीं सके, वह राम जन्मभूमि विवादित ढांचे पर चढ़े और ध्वज फहराया।


## एक्शन इंडिया

### (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

**समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया-पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-**

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**

ए-15, जी टी करनाल रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, दिल्ली- 33
संपर्क सूत्रः 8447314925, 9999889104

**विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।**



# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# प्रदूषण: ग्रैप के चरण 3 के तहत प्रतिबंध लागू

## अब दिल्ली में बीएस तीन पेट्रोल और बीएस चार डीजल से चलने वाली कारों पर रोक लग गई

**नियम लागू**

**8 बीएस तीन के पेट्रोल वाहन औ बीएस 4 के डीजल वाहनों के चलने पर अगले आदेश तक रोक लगाई गई**






**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** में बढ़ते प्रदूषण को लेकर वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने बड़ा निर्णय लिया है। आयोग ने रविवार को दिल्ली-एनसीआर में संशोधित ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) के चरण 3 के तहत प्रतिबंध लगाने का फैसला किया है। वहीं अब दिल्ली में बीएस तीन पेट्रोल और बीएस चार डीजल से चलने वाली कारों पर रोक लग गई है। दिल्ली परिवहन विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। परिवहन विभाग द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण को लेकर सीएक्यूएम के फैसले के मद्देनजर और मोटर वीकल एक्ट 1988 की धारा 115 के तहत बीएस तीन के पेट्रोल वाहन औ बीएस 4 के डीजल वाहनों के चलने पर अगले आदेश तक रोक लगाई जाती है। अगर इस नियम का कोई भी वाहन चालक उल्लंघन करता पाया गया तो 20 हजार रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा।

### हवा की गुणवत्ता 'गंभीर' श्रेणी में

**केंद्रीय** प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, ठंड के मौसम के बीच दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) रविवार को 'गंभीर' श्रेणी में पहुंच गया। सीएक्यूएम ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'उप-समिति ने तत्काल प्रभाव से पूरे एनसीआर में संशोधित ग्रैप के चरण-3 के अनुसार 8 सूत्रीय कार्य योजना लागू करने का निर्णय लिया है।'



बता दें, दिल्ली-एनसीआर में वायु गुणवत्ता में सुधार के बाद ग्रैप प्रतिबंध को 1 जनवरी को हटा लिया गया था। हालांकि, रविवार सुबह दिल्ली के आनंद विहार में एक्यआई 478, जेएलएन स्टेडियम में 465, ग्रैप एयरपोर्ट में 465 और दिल्ली में 455 दर्ज किया गया था। यहां हवा की गुणवत्ता गंभीर श्रेणी में रही।

### दिल्ली की हवा भी हुई बेहतर

**नई दिल्ली:** वायु गुणवत्ता सुधारने के मामले में देश के 131 शहरों में वाराणसी नंबर एक स्थान पर रहा है। वहीं, दिल्ली में भी सुधार देखा गया है। वायु गुणवत्ता सुधारने के लिए 10 जनवरी 2019 को केंद्र सरकार की ओर से शुरू किए गए राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (एनसीएपी) के पांच वर्ष पूरे हो गए हैं। इस कार्यक्रम में अतिसूक्ष्म हानिकारक पार्टिकुलेट मैटर पीएम2.5 और पीएम10 को 2023 तक 20 से 30 फीसदी तक कम करने का लक्ष्य रखा गया था। इस कार्यक्रम पर अब तक 9,631.23 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की जा चुकी है।
डाटा के आधार पर पर्यावरण के क्षेत्र में काम कर रहे संगठन क्लाइमेट ट्रेंड्स और रिस्पायरर साइंस ने पांच वर्षों की यात्रा में एनसीएपी की गहन विश्लेषण रिपोर्ट में यह तथ्य प्रस्तुत किए हैं।

# अंगीठी जला कर सोया परिवार: दंपती और दो बच्चों की मौत

**दर्दनाक**

**8 सुबह पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी, सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर छानबीन में जुटी**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
देश की राजधानी दिल्ली से सनसनीखेज खबर सामने आई है। यहां अलीपुर के खेड़ा कलां गांव में अंगीठी जला कर सो रहे परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गई। मृतकों में पति-पत्नी और दो बच्चे शामिल हैं। शुरूआती जांच में रात में अंगीठी जला कर सोने की बात सामने आई है। दम घुटने से मौत की आशंका जताई जा रही है। सुबह पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी, सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर छानबीन में जुटी है। अलीपुर के खेड़ा कलां गांव में मरने वाले की पहचान 40 साल के राकेश, उनकी पत्नी ललिता (38), बेटा पियूष (8) और सन्नी (7) साल के रूप में हुई है। राकेश टैंकर चालक थे। परिवार मूलतः बिहार के मुंगेर का रहने वाला था। अतिरिक्त डीसीपी (बाहरी उत्तर) बी भरत रेड्डी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में दंपती और 2 बच्चों की मौत हो गई है। एक फोरेंसिक टीम को बुलाया गया है। अंगीठी के नमूने एकत्र किए गए हैं। संदेह है कि उनकी मौत दम घुटने से हुई है। हर पहलू से जांच चल रही है।
**इंद्रपुरी में दो लोगों की मौत:** इंद्रपुरी इलाके में सी ब्लॉक में भी दो लोगों की मौत हुई है। मरने वालों में अभिषेक और सोम बहादुर शामिल हैं। दोनों कमरे में अंगीठी जला कर सो रहे थे। दम घुटने से मौत की आशंका है। दोनों मूल रूप से नेपाल के रहने वाले थे। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।
**द्वारका में हुई थी दो लोगों की मौत:** द्वारका इलाके के पोचनपुर गांव में कड़कड़ाती सर्दी से बचने के लिए कमरे में जलाई गई आग एक परिवार के लिए काल बन गई। गुरुवार की रात दम घुटने से युवा दंपती की मौत हो गई जबकि हादसे में इनका दो माह का मासूम बच्चा बाल-बाल बच गया। मृतकों की शिनाख्त मानव (24) और इसकी पत्नी नेहा (21) के रूप में हुई है।

# 'खरगे का अध्यक्ष बनना अच्छा संकेत'

## मल्लिकार्जुन खरगे को बहुत बधाई, वह एक बड़े नेता हैं: सौरभ भारद्वाज

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
विपक्षी दलों गठबंधन आई. एन. डी. आई. ए के अध्यक्ष पद पर कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को बैठाया है। सभी पार्टियों ने शनिवार को सर्वसम्मति से गठबंधन का अध्यक्ष चुना है। अब इस पर आम आदमी पार्टी (आप) की भी प्रतिक्रिया आई है। दिल्ली के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा, "मल्लिकार्जुन खरगे को बहुत बधाई। वह एक बड़े नेता हैं। बचपन से लेकर अब तक उन्होंने अपना जीवन काफी संघर्ष के साथ बिताया है। उनता निजी जीवन की कहानी संघर्षों से भरी है। वह एक दलित नेता रहे हैं। गठबंधन के सभी साथी उनकी बात सुनते हैं और उनका सम्मान करते हैं। उन्हें अध्यक्ष बनाना एक अच्छा संकेत है।"



**केजरीवाल ने खरगे और राहुल से की मुलाकात:** मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को सीटों पर तालमेल को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से उनके आवास पर मुलाकात की। इस बैठक में राहुल गांधी भी मौजूद थे। दोनों दलों के बीच इस दौरान दिल्ली और गुजरात को लेकर लंबी चर्चा हुई।
**दो घंटे तक चली नेताओं के बीच बातचीत:** पंजाब को लेकर दोनों ही दलों ने अपने कोई पत्ते नहीं खोले। यह बात अलग है कि आम आदमी पार्टी ने गोवा और हरियाणा की सीटों को लेकर कांग्रेस के सामने प्रस्ताव दिया है। दोनों दलों के शीर्ष नेताओं के बीच यह बैठक करीब दो घंटे चली। इस बैठक में आप की ओर से राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा भी मौजूद थे। उन्होंने बैठक को लेकर कुछ तस्वीरें भी एक्स पर साझा कीं।

# 32 और व्यवसायिक प्रतिष्ठान 24 घंटे खोलने की अनुमति

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली में** 32 और नए प्रतिष्ठान 24 घंटे सेवाएं देंगे। उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने 32 और प्रतिष्ठानों को 24 घंटे खोलने की मंजूरी दी है। दिल्ली के उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना ने 32 नए प्रतिष्ठानों को 247 के आधार पर काम करने की छूट प्रदान की। सक्सेना के पदभार संभालने के बाद पिछले एक वर्ष के दौरान इस तरह की छूट मिलने वाले प्रतिष्ठानों की संख्या 667 हो गई है। रोजगार के अवसर पैदा होंगे, आय में वृद्धि होगी और आर्थिक गतिविधि को बढ़ावा मिलेगा।
32 नई स्वीकृतियों में से 7 प्रतिष्ठान, नाइट शिफ्ट में काम करने वाले युवा और महिला कर्मचारियों के लिए छूट से संबंधित हैं और उनकी सुरक्षा की गारंटी प्रतिष्ठानों द्वारा दी जाएगी।





कोल्ड डे के बाद दिल्ली अब शीतलहर की चपेट में चल रही है। न्यूनतम तापमान में लगातार गिरावट देखने को मिल रही है। कोहरे की मार भी कम होने का नाम नहीं ले रही है। मौसम विभाग ने अगले तीन दिन के लिए ऑरेंज एवं येलो अलर्ट भी जारी कर दिया है।

# भारतीय मूल की अमेरिकी महिला के साथ दुष्कर्म

**जांच जारी**

**8 साल भर पहले एक प्राइवेट कंपनी के सीईओ ने उसके साथ फाइव स्टार होटल में दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया**



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**राजधानी** दिल्ली में फाइव स्टार होटल में भारतीय मूल की अमेरिकी महिला के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। मामाला चाणक्यपुरी इलाके का है महिला ने थाने में एक प्राइवेट कंपनी के उएड पर दुष्कर्म का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित महिला की उम्र 42 साल है। महिला का आरोप है कि साल भर पहले एक प्राइवेट कंपनी के सीईओ ने उसके साथ फाइव स्टार होटल में दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया पुलिस ने महिला का मेडिकल करवाया है। फिलहाल, मामले में जांच जारी है।

# 'जब तक नहीं मिलेगा पक्का मकान, तब तक टूटने नहीं देंगे झुग्गी'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**आम आदमी** पार्टी (आप) ने रविवार से 'घर बचाओ भाजपा हटाओ' अभियान शुरू किया है। इसके तहत दिल्ली सरकार के मंत्रियों, विधायकों और पार्षदों को झुग्गियों में जाकर उन्हें बीजेपी की योजना के बारे में बताने को कहा गया है। दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी ने कहा- जब तक झुग्गिवासियों को मकान नहीं दिया जाता, तब तक केजरीवाल सरकार दिल्ली के झुग्गीवासियों के साथ है। केजरीवाल और आम आदमी पार्टी इनके एक भी मकान नहीं टूटने देंगे।
उन्होंने कहा कि चुनाव से पहले बीजेपी कहती थी कि जहां झुग्गी वहां देंगे मकान। बाद में उन्हीं झुग्गी वालों को बेघर करने का फरमान जारी कर दिया है। उन्होंने कहा कि गरीब विरोधी भाजपा कड़कड़ाती हुई ठंड में लोगों को बेघर कर रही है, लेकिन आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल उनके साथ है। इसके लिए हम सड़कों पर आंदोलन और संसद में लड़ाई करेंगे। इसके लिए हमें जेल भी जाना पड़े तो आम आदमी पार्टी सब के लिए तैयार है। पार्टी गरीबों को उनका हक दिलाकर रहेगी।



**सफदरजंग झुग्गी झोंपड़ी कैम्प पहुंचे सौरभ भारद्वाज:** वहीं मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा झुग्गियों को तोड़ा जा रहा है। ऐसा पूरी दिल्ली में हो रहा है। अब तक चुपचाप तरीके से केंद्र सरकार लाखों लोगों को बेघर कर चुकी है। जब मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को पता चला तो दिल्ली सरकार का वकील कोर्ट गए। कानून है कि लिस्टेड किसी भी कलस्टर को ऐसे नहीं उजाड़ा जा सकता। पहले वहां के लोगों का आस-पास ही पुनर्वास किया जाता है तब कलस्टर उजाड़ सकते हैं। हम यहां लोगों की पहचान करेंगे और एक स्कीम बना कर कोर्ट के सामने रखेंगे। सफदरजंग झुग्गी झोंपड़ी कैम्प में सौरभ भारद्वाज लोगों से मुलाकात की।

**अभियान**

**8 जब तक झुग्गिवासियों को मकान नहीं दिया जाता तब तक सरकार झुग्गीवासियों के साथ है : आतिशी**

# यमुना में प्रदूषण दिल्ली सरकार को फटकार

**एनजीटी सख्त**

**8 दिल्ली समेत अन्य राज्यों में प्रत्येक नाला से कितना शोधित-गैरशोधित पानी यमुना में छोड़ा जा रहा है**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली में** दूषित यमुना को लेकर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यमुना के 76 प्रतिशत दूषित होने के लिए अकेले दिल्ली जिम्मेदार है। एनजीटी ने दिल्ली सरकार को घेरते हुए कहा कि यमुना नदी गंगा की सबसे बड़ी और दूसरी सबसे बड़ी सहायक नदी है और दिल्ली में गैर-शोधित सैकड़ों मैट्रिक लीटर टन (एमएलडी) सीवेज सीधे यमुना में डाला जा रहा है। एनजीटी ने पूर्व में दिए गए आदेश पर दिल्ली, हरियाणा और उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा दाखिल की गई रिपोर्ट पर सवाल उठाया। एनजीटी ने कहा कि रिपोर्ट में प्रत्येक नालों द्वारा सीधे यमुना में डाले जा रहे गैर शोधित सीवेज समेत अन्य जरूरी व तथ्यात्मक जानकारी नहीं दी गई है।
एनजीटी चेयरमैन न्यायमूर्त प्रकाश श्रीवास्तव, न्यायिक सदस्य सुधीर अग्रवाल, पर्यावरण सदस्य डॉ. ए. सेंथिल वेल की पीठ ने कहा कि रिपोर्ट में यह बताया जाना चाहिए कि दिल्ली समेत अन्य राज्यों में प्रत्येक नाला से कितना शोधित-गैरशोधित पानी यमुना में छोड़ा जा रहा है।

# पुलिसकर्मी ने नौकरी दिलाने के नाम पर की ठगी

**फर्जीवाड़ा**

**8 दोनों भाइयों को अमेरिका की जगह गैर कानूनी तरीके से उजबेकिस्तान भिजवाकर छोड़ दिया**



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/ सोनीपत।**
दिल्ली पुलिस के कर्मचारी ने गोहाना क्षेत्र के गांव खानपुर कलां के सगे भाइयों को अमेरिका भेजकर नौकरी दिलाने का झांसा देकर 62 लाख रुपये ठग लिए। कर्मचारी पानीपत में अदियाना गांव का रहने वाला मंजीत है। दोनों भाइयों को अमेरिका की जगह गैर कानूनी तरीके से उजबेकिस्तान भिजवाकर छोड़ दिया, जहां उनके पासपोर्ट छीन लिए गए और जान पर आफत बन गई। परिवार ने पैसे का प्रबंध करके दूसरे व्यक्ति के माध्यम से दोनों को भारत बुलाया। पिता की शिकायत पर सदर थाना गोहाना में मामला दर्ज किया गया।
**12वीं पास हैं दोनों:** गांव खानपुर कलां के आनंद ने पुलिस को बताया कि उसके बेटे रिंकू व सुमित 12वीं पास हैं और विदेश में नौकरी करना चाहते थे। उसका भाई कृष्ण दिल्ली पुलिस में नौकरी करता है। उसने अपने भाई से कहा कि यहां पर नौकरी के चांस नहीं है और दोनों भतीजों को विदेश भेजने प्रबंध करो।
**62 लाख रुपये में हुआ सौदा:** कृष्ण ने उसे बताया कि गांव अदियाना का मंजीत दिल्ली पुलिस में नौकरी करता है और युवकों को जिम्मेदारी के साथ विदेश भिजवाता है।
मंजीत से बातचीत होने पर उसने अपने घर पानीपत में ज्योति कॉलोनी बुलाया। वहां बताया गया कि उसके दोनों बेटों को अमेरिका भिजवाकर नौकरी दिलवा दी जाएगी, जिसके लिए 62 लाख रुपये में सौदा तय हो गया।
**छह महीने तक दूसरे देशों में घुमाया:** जब तक आपके बेटों को अमेरिका में काम नहीं मिलेगा, तब तक उनका अपने भाइयों के पास रहने का इंतजाम कर दूंगा। इस पर उसने अपनी तीन एकड़ जमीन बेचकर उसके कहे अनुसार 62 लाख रुपये दे दिए। उसके बाद उसके दोनों बेटों को बुलाकर लगभग छह माह तक दूसरे देशों में घूमाता रहा। आखिर में रिंकू और सुमित को उजबेकिस्तान लेकर जाकर छोड़ दिया, जहां उसने पासपोर्ट छीन लिए गए और झगड़ा किया। बेटों ने फोन पर संपर्क कर-के बताया कि मंजीत ने उनको गैरकानूनी रूप से अमेरिका न भेजकर दूसरे देश में भेज दिया है।
**रकम नहीं कर रहा वापस:** इसके बाद परिवार ने दूसरे व्यक्ति से संपर्क किया और पैसों का प्रबंध करके दोनों को नवंबर 2023 में वापस बुलाया। आरोपित रुपये नहीं लौटा रहा है और तर्क दे रहा है कि वह जिस माध्यम से युवकों को विदेश भिजवाता था, उसने हेराफेरी कर दी। आनंद का कहना है कि वह पंचायत लेकर तीन बार मंजीत के घर गया। उसने कहा कि जल्द पैसे वापस दिलवा दूंगा।

# मिलेगी राहत: जल्द शुरू होने जा रहा भैरों मार्ग अंडरपास

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** सरकार जिस भैरों मार्ग अंडरपास की एक लेन (सड़क) को 31 दिसंबर तक चालू करने की योजना बना रही थी, अब इसे अगले सप्ताह शुरू कर दिया जाएगा। लोक निर्माण विभाग की पूरी कोशिश है कि इसे सोमवार से शुरू कर दिया जाए, अगर कुछ देरी होती है तो इसके एक या दो दिन बाद इसे शुरू कर दिया जाएगा। इसके शुरू होने से मध्य और नई दिल्ली की ओर से दक्षिणी दिल्ली, यमुनापार, गाजियाबाद और नोएडा की ओर जाना आसान होने जा रहा है। इन लेन से लोगों को बड़ी राहत मिलने जा रही है।
**अगले सप्ताह से शुरू होगी एक लेन:** लोगों को राहत देने के लिए लेन में उल्टी तरह यातायात चलाने का फैसला लिया गया है। विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि इससे वाहन चालकों को कोई असुविधा नहीं होगी, बहुत आसानी से वे गुजर सकेंगे, उन्हें इस बात का बिल्कुल भी अहसास नहीं होगा कि वे विपरीत दिशा की लेन में वाहन चला रहे हैं। यह राहत कैसे मिलेगी इसके लिए लोक निर्माण विभाग का पूरा प्लान समझना पड़ेगा।यहां बता दें कि यह अंडरपास भैरों मार्ग से रिंग रोड पर मिलेनियम पार्क की ओर जाने और रिंग रोड पर आइटीओ की ओर से भैरों मार्ग पर आने वाले लोगों के लिए बनाया गया है।
अभी अंडरपास की रिंग रोड से भैरों मार्ग पर आने वाली लेन ही तैयार हो सकी है।



# दिल्ली में घने कोहरे से 246 उड़ानें देरी से उड़ीं

**नई दिल्ली।** उड़ानों पर घने कोहरे का प्रभाव शनिवार को भी देखने को मिला, हालांकि यह शुक्रवार के मुकाबले कम रहा। शनिवार को आईजीआई एयरपोर्ट से प्रस्थान व आगमन करने वाली 246 उड़ान विलंब रही। इनमें से 216 उड़ान घरेलू व 30 उड़ान अंतरराष्ट्रीय शामिल हैं।वहीं 330 उड़ान रद रही थी। अंतरराष्ट्रीय उड़ानों की बात करें तो 21 उड़ानों के प्रस्थान में विलंब हुआ और नौ उड़ानों का देरी से आगमन रहा। वहीं जोर्नो केन्याटा की उड़ान रद भी हुई। उड़ान विलंब की वजह से यात्री काफी परेशान दिखे। उधर घरेलू उड़ानों की बात करें तो 121 उड़ानों के प्रस्थान में और 95 उड़ान के आगमन में विलंब हुआ।

# पहली जनवरी को 67 लाख यात्रियों ने मेट्रो से किया सफर

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**इस** साल की पहली जनवरी को दिल्ली मेट्रो में रिकॉर्ड 67 लाख लोगों ने यात्रा की। यह पिछले छह वर्षों में नए साल के दिन यात्रियों की सबसे अधिक संख्या है। शनिवार को डीएमआरसी ने इस बाबत विस्तृत आंकड़े जारी किए। इस साल एक जनवरी को कई मेट्रो के बाहर लंबी कतारें लगी थी, जिसमें राजीव चौक, पटेल चौक और केंद्रीय सचिवालय सहित स्टेशन शामिल थे। आंकड़ों के मुताबिक, एक जनवरी 2023 को 49.16 लाख लोगों ने मेट्रो में यात्रा की थी। जबकि वर्ष 2022 में 23.66 लाख, 2020 में 55.26 लाख और 2019 में 50.16 लाख यात्रियों ने सफर किया। छह वर्षों में सबसे कम 18.07 लाख यात्रियों ने पहली जनवरी 2021 को सफर किया था। तब कोविड-19 लॉकडाउन के बाद पहला नए साल का जश्न था। इसी तरह पिछले साल 31 दिसंबर को 48.46 लाख लोगों ने मेट्रो का लाभ उठाया था। पिछले छह में से नए साल की पूर्व संध्या पर सवारियों की संख्या सबसे अधिक है।
आंकड़ों में कहा गया है कि 31 दिसंबर, 2019 को 55.29 लाख दर्ज किया गया था। जबकि वर्ष 2022 में इसी दिन यात्रियों की संख्या 47.40 लाख थी जो वर्ष 2021 में 27.45 लाख, वर्ष 2018 में 50.67 लाख और वर्ष 2020 को सबसे कम 18.86 लाख सवारियां दर्ज की गईं। हाल ही में डीएमआरसी ने अपनी टिकटिंग सेवा को वन दिल्ली के साथ एकीकृत किया है। डीएमआरसी के प्रधान कार्यकारी निदेशक अनुज दयाल ने कहा कि फिलहाल डीटीसी बसों के लिए क्यूआर टिकट बनाने के लिए वन दिल्ली का उपयोग किया जाता है। एप अब सुव्यवस्थित यात्रा के लिए एक व्यापक मंच के रूप में कार्य करता है।



**रिकॉर्ड**

**8 कई मेट्रो के बाहर लंबी कतारें लगी थी, जिसमें राजीव चौक, पटेल चौक और सचिवालय सहित स्टेशन शामिल थे**

# कैलाश गांव में राष्ट्रीय स्तर का हॉकी स्टेडियम बनकर तैयार

## मुख्यमंत्री ने हॉकी स्टेडियम का किया निरीक्षण, खिलाड़ियों को दी बधाई, कहा खेलों में प्रदेश व देश का करें नाम रोशन

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अपने करनाल प्रवास के दौरान रविवार को कैलाश गांव में बने राष्ट्रीय स्तर के हॉकी स्टेडियम का निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा कहा कि जल्द ही इसका लोकार्पण होगा। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर हॉकी खिलाड़ियों को नए स्टेडियम के बनने की शुभकामनाएं एवं बधाई दी और कहा कि इस स्टेडियम में खिलाड़ी बेहतरीन तरीके से अभ्यास करके राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खेलों में प्रदेश व देश का नाम रोशन करें। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार खेलों को बढ़ावा दे रही है। अब गांवों में खिलाड़ियों को आधुनिक खेल सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं ताकि खिलाड़ी अपने गांव में ही बेहतर अभ्यास कर सकें। इस मौके पर उपायुक्त एवं



केएससीएल के सीईओ अनीश यादव ने बताया कि शहर में स्मार्ट सिटी मिशन के तहत स्पोर्टस इन्फ्रास्ट्रक्चर का तेजी से विकास हो रहा है। इन सुविधाओं से यहां के खिलाड़ियों को अपने शहर में ही प्रतिभा को निखारने के अवसर मिलेंगे। इन्हीं खेल सुविधाओं में से एक कैलाश गांव में राष्ट्रीय स्तर के हॉकी स्टेडियम का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है। जल्द ही यह जनता को समर्पित होगा। उन्होंने बताया कि यह हॉकी स्टेडियम इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ हॉकी के मानकों के अनुसार बनाया गया है। इसके निर्माण पर करीब 18 करोड़ 27 लाख रुपये की राशि खर्च हुई है और यह स्टेडियम साढ़े 6 एकड़ भूमि में बनकर तैयार हुआ है। खास बात यह है कि एस्ट्रो टर्फ विदेशी तकनीक से निर्मित है। मेन ग्राउंड में 6 स्प्रिंकल लगाए गए हैं। इसके अलावा मैदान में रोशनी के लिए 34 मीटर ऊंचाई के 4 पोल पर एक-एक हजार वॉट की 72 एलईडी लाइट लगाई गई हैं।

स्कोरबोर्ड के लिए बड़ी एलईडी स्क्रीन भी लगाई गई है। स्टेडियम में अलग से 400 केवी का ट्रांसफार्मर लगाया गया है तथा 160 केवी के जनरेटर का भी प्रबंध किया गया है। उन्होंने बताया कि हॉकी स्टेडियम में दिन-रात किसी भी अवधि में मैच आयोजित किए जा सकेंगे। स्टेडियम में 600 दर्शकों के बैठने का प्रबंध किया गया है जिसमें तीन गैलरी बनाई गई हैं। इसमें एक गैलरी वीआईपी जिसमें 100 लोगों के बैठने की व्यवस्था है। इसके साथ ही दो अन्य गैलरी सामान्य दर्शकों के लिए बनाई गई है जिसमें प्रत्येक में 250 दर्शक बैठ सकते हैं।

प्रत्येक गैलरी के बेस में तीन-तीन कमरे, बाथरूम व शौचालय, महिला एवं पुरूष खिलाड़ियों के लिए अलग-अलग से बनाए गए हैं। इस मौके पर मेयर रेनू बाला गुप्ता, जिलाध्यक्ष योगेन्द्र राणा सहित उच्च अधिकारी व गणमान्य मौजूद रहे।

### मुख्यमंत्री ने करनाल में अधिवक्ताओं के नए चैंबर कॉम्प्लेक्स की रखी आधारशिला

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने रविवार को करनाल में अधिवक्ताओं के लिए नए चैंबर कॉम्प्लेक्स की आधारशिला रखी। इस दौरान उन्होंने इस कॉम्पलेक्स के फंड में अपनी ओर से 31 लाख रुपये देने की भी घोषणा की। इस मौके पर करनाल के जिला एवं सत्र न्यायाधीश चंद्र शेखर भी मौजूद रहे। उन्होंने पुष्प गुच्छ देकर मुख्यमंत्री मनोहर लाल का स्वागत किया।

### करनाल से चंडीगढ़ आते हुए अंबाला में रुके सीएम

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल आज करनाल से चण्डीगढ़ आते हुए अम्बाला-चण्डीगढ़ मार्ग पर स्थित सुल्तानपुर चौंक पर अचानक से एक चाय की दुकान पर रूके और वहां पर खड़े लोगों से उनका हाल चाल जाना। मुख्यमंत्री को अचानक से अपने बीच पाकर वहां मौजूद लोगों की खुशी का कोई ठिकाना नहीं था और सीएम को अपने बीच पाकर आश्चर्यचकित थे। मुख्यमंत्री ने न केवल आम आदमी की तरह वहां खड़े होकर चाय की चुस्कियां ली बल्कि उपस्थित लोगों की समस्याएं भी जानी। लोगों ने बताया कि इस रोड पर क्रॉसिंग पर पुल न होने से दुर्घटनाएं होती रहती है। वहां मौजूद युवाओं व अन्य लोग सीएम को बिना किसी सुरक्षा घेरे के एक आम आदमी की तरह अपने बीच पाकर प्रफुल्लित नजर आये। चाय विक्रेता दुकानदार ने कहा कि यह उनके लिए ऐसे क्षण थे जिसे वे जीवन में कभी भुला नहीं पाएगें।

# 'किसानों व पशुपालकों की खुशहाली के लिए लागू की जा रही हैं नई-नई योजनाएं'

**टीम एक्शन इंडिया/चण्डीगढ़**

हरियाणा के कृषि एवं पशुपालन मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि प्रदेश में किसानों व पशुपालकों की आय बढ़ाने व उनके जीवन में खुशहाली लाने के लिए नई-नई योजनाएं लागू की जा रही हैं। किसानों व पशुपालकों को इन योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने किसानों से इफको द्वारा तैयार नैनो यूरिया व डीएपी का ड्रोन के माध्यम से प्रयोग करने व जहर मुक्त खेती करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि ड्रोन से छिड़काव के लिए किसान को महज 100 रुपए प्रति एकड़ देना होगा, बाकि खर्च सरकार वहन करेगी। उन्होंने कहा कि गौवंश की रक्षा को लेकर प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध है, इसी के चलते गौ सेवा आयोग का बजट 40 करोड़ से बढ़ाकर 400 करोड़ रुपए किया गया है। जे.पी. दलाल आज भिवानी के गांव मिताथल, तिगड़ाना,बिधवान और सोहासंड़ा गौशालाओं में आयोजित कार्यक्रमों को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। दलाल ने मकर सक्रांति के पावन पर्व पर गौशालाओं में दिल खोलकर दान दिया। उन्होंने ग्रामीणों से भी गौशालाओं में अपनी श्रद्धा अनुसार सहयोग करने का आह्वान किया। उन्होंने गांव तिगड़ाना व सोहासंड़ा गौशाला में 11 लाख रुपए और मिताथल गौशाला में एक ट्रैक्टर देने की घोषणा की। कृषि मंत्री ने गांव बिधवान गौशाला में 11 लाख रुपए और एक पानी का टैंकर देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि सरकार का हर संभव प्रयास है कि किसान और पशुपालकों का जीवन खुशहाल हो और उनके परिवार में समृद्धि आए। इसके लिए सरकार द्वारा पशुपालन, बागवानी और मछली पालन में सब्सिडी पर आधारित अनेक योजनाएं हैं।

## न्यूज फ्लैश

### बिजली चोरी: 22 टीमों द्वारा 376 स्थानो पर की गई छापेमारी, 158 कनेक्शन बिजली चोरी संबंधी अलग-अलग मामलों में सामने आए

**चंडीगढ़:** हरियाणा स्टेट एनफोर्समेंट ब्यूरो तथा हरियाणा पावर यूटिलिटी द्वारा हरियाणा प्रदेश में 13 जनवरी को बिजली चोरी करने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान प्रदेश में कमर्शियल तथा डोमेस्टिक मिलाकर 376 स्थानों पर छापेमारी करते हुए बिजली के कनेक्शन चेक किए गए जिनमें से 158 कनेक्शन बिजली चोरी संबंधी अलग-अलग मामलों में सामने आए। इस बारे में जानकारी देते हुए हरियाणा स्टेट एनफोर्समेंट ब्यूरो के एडीजीपी एएस चावला ने बताया कि विशेष बिजली चोरी अभियान के तहत प्रदेश भर में 22 टीमों का गठन किया गया था जिनमें हरियाणा स्टेट एनफोर्समेंट ब्यूरो के 500 पुलिसकर्मी तथा हरियाणा पावर यूटिलिटी के 70 अधिकारी तथा कर्मचारी शामिल थे।

उन्होंने बताया कि अभियान के तहत 376 बिजली के कनेक्शन/परिसर चेक किए गए। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान तीन औद्योगिक इकाइयों की चेकिंग करते हुए 34.81 किलोवाट, 55 नॉन डोमेस्टिक श्रेणी में 269.19 किलोवाट, 66 डोमेस्टिक श्रेणी में 197.19 किलो वाट तथा दो कृषि श्रेणी में 9.02 किलो वाट की सीधे बिजली चोरी के मामले सामने आए। इसके साथ ही रेड के दौरान तीन कनेक्शन रीसेल आफ पावर, 8 कनेक्शन श्रेणी बदलने तथा 21 कनेक्शन लोड बढ़ाने संबंधी सामने आए। इस प्रकार, अभियान के तहत की गई रेड में 158 कनेक्शन अलग-अलग श्रेणियों में बिजली चोरी करते पाए गए। चावला ने कहा कि हरियाणा स्टेट एनफोर्समेंट ब्यूरो द्वारा की गई इस बड़ी कार्रवाई से बिजली चोरी करने वालों को यह स्पष्ट संदेश देने का प्रयास किया गया है कि वे बिजली चोरी ना करें और जो लोग बिजली चोरी कर रहे हैं वे सही रास्ते पर आ जाएं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का प्रयास है कि बिजली चोरी को समाप्त करते हुए लाइन लॉस को कम से कम किया जाए। उन्होंने कहा कि ब्यूरो द्वारा भविष्य में भी इसी प्रकार यह अभियान चलाते हुए कार्यवाही की जाएगी और दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई होगी।

### कंवरपाल व घनश्याम दास अरोड़ा ने किया मधु चौक पर श्रीराम यात्रा का स्वागत

**चण्डीगढ़:** हरियाणा के शिक्षा मंत्री कंवरपाल ने बताया कि अयोध्या धाम में 22 जनवरी को राम मंदिर में मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है उसी की तैयारी को लेकर जिला यमुनानगर में राम यात्रा भव्य शानदार तरीके से निकली गई। इसी कड़ी में आज जिला यमुनानगर के मधु चौंक पर कंवरपाल, विधायक घनश्याम दास अरोड़ा, भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने राम यात्रा का स्वागत किया व भगवान राम के चरणों में नमन करते हुए उनकी पालकी को अपने कंधों पर लेकर आगे बढ़ाया। कंवरपाल ने बताया कि यह शुभ दिन लगभग 500 वर्षों के तप की परिणीति है, अयोध्या धाम में दिव्य प्रकाश से शोभायमान भगवान राम लला का पावन मंदिर बनकर तैयार हो रहा है, यह हमारे लिए बहुत सौभाग्य की बात है, राम जन्मभूमि मंदिर के प्रवेश द्वार पर गज, सिंह, हनुमान जी और गरुड़ जी की मूर्तियां स्थापित की गई हैं। घनश्याम दास अरोड़ा ने बताया कि राम जन्मभूमि परिसर में चारों वेदों की सभी शाखाओं का यज्ञ अनवरत चल रहा है। देश के सभी प्रांतों से मूर्धन्य वैदिक विद्वानों और यज्ञाचार्यों को इस अनुष्ठान में सम्मिलित होने के लिए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास द्वारा आमंत्रित किया जा रहा है। हम सभी देशवासियों को 22 जनवरी,2024 को प्रातः: 11 बजे अपने-अपने स्थानीय मंदिरों में एकत्र होकर सामूहिक रूप से इस कार्यक्रम को अपनी महान संस्कृति के उत्सव के रूप में मनाना है।

# चेयरमैन सुभाष बराला ने चलाया सफाई अभियान

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**प्रधानमंत्री नरेंद्र** मोदी जी के आह्वान पर तीर्थ स्थलों के प्रांगण में स्वच्छता अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत हरियाणा सार्वजनिक उपक्रम ब्यूरो एवं किसान कल्याण प्राधिकरण के चेयरमैन सुभाष बराला ने अपने पैतृक गाँव डांगरा में बाबा फुलगिरी जी महाराज के डेरे, हनुमान मंदिर, खेड़ा और माता रानी सहित सभी धार्मिक स्थलों पर सफाई की। इस दौरान उन्होंने मंदिर परिसर का साफ-सफाई किया एवं लोगों को इस स्वच्छता अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए जागरूक भी किया। सुभाष बराला ने कहा कि रामलला के आगमन पर प्रधानमंत्री के आह्वान पर मकर संक्रांति यानि 14 जनवरी से लेकर 22 जनवरी तक देश के सभी तीर्थ स्थलों में स्वच्छता रखने के उद्देश्य से विशेष सफाई अभियान चलाया गया हैं। उन्होंने सभी नागरिकों से आह्वान करते हुए कहा कि 22 जनवरी के प्राण प्रतिष्ठा दिन को ऐतिहासिक बनाते हुए अपने आसपास के मंदिर, मठ, सहित अभी धार्मिक स्थलों को स्वच्छ बनाएं। सुभाष बराला ने कहा कि अयोध्या धाम में बन रहे भव्य राम मंदिर में 22 जनवरी, 2024 को राम मंदिर के गर्भगृह में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी।

## 22 जनवरी को राम मंदिर में प्रा[illegible]प्रतिष्ठा होने तक लोग अपने क्षेत्र के धार्मिक स्थानों में सुबह-शाम सफाई करें व सात्विक भोजन करें

# श्रीराम यात्रा से राममय हुई अम्बाला छावनी की धरा

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/ दीपिका शर्मा**

**अयोध्या** श्रीराम मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर आज अम्बाला छावनी में हरियाणा के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज के नेतृत्व में भव्य श्रीराम यात्रा का आयोजन हुआ जिससे समूची अंबाला छावनी राममय हो गई। जय श्रीराम के जयघोष के साथ गृह मंत्री अनिल विज ने हाथ में भगवा ध्वज लहरा रहे थे। फूलों की बरखा से हर बाजार व चौक-चौराहों पर श्रीराम यात्रा का स्वागत हुआ। गृह मंत्री अनिल विज की अगुवाई में सुभाष पार्क के समक्ष से यात्रा प्रारंभ हुई जोकि छावनी के अलग-अलग बाजारों से होती हुई दोपहर वापस



सुभाष पार्क के समक्ष संपन्न हुई। बाजारों में लोगों ने घरों की छतों से राम यात्रा पर फूलों से वर्षा की तो किसी ने हाथ जोड़ यात्रा को नमन करते हुए राम मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर अपनी आस्था व्यक्त की। बाजार में आतिशबाजी, फूलों की बरखा से यात्रा का स्वागत हुआ। सुभाष पार्क से प्रारंभ यात्रा आउटर लार्ज रोड, लक्ष्मण हलवाई से पुल चमेली, कबाड़ी बाजार से निकलसन रोड, फिर हलवाई बाजार, पुरानी सब्जी मंडी, डीसी रोड, सदर बाजार चौक, निकलसन रोड, क्रास रोड नंबर एक पंजाब मोहल्ले से वापस सुभाष पार्क पर संपन्न हुई। हर बाजार की एसोसिएशन, दुकानदारों व स्थानीय निवासियों ने यात्रा का स्वागत किया। यात्रा में भक्ति गीत ह्यश्रीराम आएंगे, राम आएंगेह्न व अन्य गीतों पर भक्त-झूमते, नाचते आगे उत्साह के साथ बढ़ रहे थे। हरियाणा के गृह मंत्री अनिल विज ने यात्रा से पहले आह्वान करते कहा कि अयोध्या में राम मंदिर में राम जी की प्रतिमा के 22 जनवरी को प्राण-प्रतिष्ठा होने तक ह्यलोग आज से ही अपने-अपने क्षेत्र के मंदिरों, शिवालयों व गुरूद्धारों की सुबह-सायं साफ-सफाई करें।

22 जनवरी को होने वाली प्राण-प्रतिष्ठा के लिए तैयारियां की जा रही है और प्रधानमंत्री जी भी अनुष्ठान कर रहे हैं।

# ' मर्यादा-शौर्य के सबसे बड़े प्रतीक हैं भगवान श्रीराम'

## आमजन से मंदिरों, धार्मिक स्थलों, तीर्थस्थलों, आस्था केंद्रों की साफ सफाई करने का किया आह्वान

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

अयोध्या धाम में 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से पहले देशभर के मंदिरों, धार्मिक स्थलों, तीर्थस्थलों में 14 जनवरी से चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान के तहत हरियाणा के सहकारिता एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री डॉ बनवारी लाल ने आज मकर संक्रांति के अवसर पर जिला रेवाड़ी में सीता राम मंदिर बलवाड़ी धाम में पहुंचकर भगवान राम के चरणों में शीश नवाकर आशीर्वाद लिया और प्रभु राम, माता जानकी की विधि-विधान से पूजा अर्चना की। उन्होंने मंदिर

**रामभक्ति**

**8 मंदिर परिसर में झाड़ू-पोछा लगाकर व साफ-सफाई करते हुए श्रमदान किया आमजन को स्वच्छता का संदेश दिया**

परिसर में झाड़ू-पौछा लगाकर व साफ-सफाई करते हुए श्रमदान किया और आमजन को स्वच्छता का संदेश दिया। साथ ही मंदिर परिसर में बनी गौशाला में गौ माता को गुड़ खिलाकर आशीर्वाद लिया। सहकारिता मंत्री ने सभी को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं देते हुए आह्वान किया कि सभी लोग आज से अयोध्या धाम में रामलला मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा के दिन तक अपने आसपास के सभी मंदिरों एवं तीर्थ स्थलों पर स्वच्छता अभियान चलाने का संकल्प लें। उन्होंने कहा कि इस साल देश में एक नहीं दो दीपावली मनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि अयोध्या धाम में बन रहे भव्य राम मंदिर में 22 जनवरी, 2024 को राम मंदिर के गर्भगृह में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। यह हम देशवासियों के लिए बड़े गर्व और खुशी के क्षण हैं।

### मुख्यमंत्री आवास पर अनोखे अंदाज में मनाया गया मकर संक्रांति का पर्व

**चंडीगढ़:** मकर संक्रांति के पावन पर्व पर मुख्यमंत्री आवास राममय नजर आया। इस अवसर को और भी खास बनाने के लिए संत कबीर कुटीर पर श्रीराम भजन संध्या का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की खास बात यह रही कि राज्य के अंत्योदय परिवारों के बच्चों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया। भजन संध्या में हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, पंजाब के राज्यपाल व यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक बनवारीलाल पुरोहित और मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने बच्चों के साथ मकर संक्रांति का त्यौहार मनाया।

# 'भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करेंगे'

**टीम एक्शन इंडिया/चण्डीगढ़**

**हर पात्र** शहरवासी तक केन्द्र व प्रदेश सरकार की सरकारी योजनाओं का पहुंचाने के लिए आज विकसित भारत यात्रा गन्नौर शहर स्थित मॉडल संस्कृति स्कूल तथा पांची रोड स्थित भगत सिंह रेलवे पार्क पहुंची। विधायक निर्मल चौधरी ने गन्नौर में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा - वीडियो वैन का स्वागत करते हुए आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम का शुभारंभ किया। निर्मल चौधरी ने कहा कि केन्द्र व हरियाणा सरकार गरीब कल्याण के लिए अनेकों योजनाएं लागू कर योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा गरीबों को मुफ्त में राशन मुहैया करवाया जा रहा है ताकि हमारा कोई भी गरीब व्यक्ति भूखा न सोए। गरीबों की ईलाज के लिए आयुष्मान भारत योजना शुरू की गई। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल का मानना है कि शिक्षा ही ऐसा साधन है जो गरीबी को हटा सकता है। अब हर गरीब परिवार की बेटी शिक्षित होगी, क्योंकि हरियाणा सरकार ने गरीब परिवार की बेटियों की कॉलेज शिक्षा को लेकर ऐतिहासिक फैसला लिया है, जिसके तहत एक लाख 80 हजार रुपये तक की वार्षिक

**लाभार्थी**

**8 अनेकों योजनाएं लागू कर योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाने का कार्य कर रही**

आय वाले परिवारों की बेटियों को मुफ्त कॉलेज शिक्षा दी जाएगी। उन्होंने कहा कि विकसित भारत यात्रा का मुख्य उद्देश्य हर एक व्यक्ति को केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से जोडना है। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा सरकारी योजनाओं को लेकर स्टॉल लगाई गई, जिनमें बैंक की स्टॉल, स्वास्थ्य जांच शिविर, हेल्प डेस्क, आयुष कैंप, योगाभ्यास, परिवार पहचान पत्र के लिए क्रिड हेल्प डेस्क, सीएससी स्टाल, पीएम उज्वला योजना, पीएम आवास योजना, आयुष्मान भारत योजना शामिल रही। कार्यक्रम में आने वाले शिकायतों का मौके पर समाधान कर पात्र लाभार्थियों को लाभ दिया गया। उन्होंने शहरवासियों को भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लेते हुए शपथ दिलाई कि वे भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करेंगे।

# देवेंद्र सिंह बबली ने किया मल्टीपर्पज हॉल का शिलान्यास

## चैरिटेबल ट्रस्ट के 23वें स्थापना दिवस के अवसर पर ट्रस्ट द्वारा निःशुल्क विशाल स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया

**टीम एक्शन इंडिया/चण्डीगढ़/ काजल रानी**

हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री देवेंद्र सिंह बबली ने मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर मानव सेवा संगम चैरिटेबल ट्रस्ट के मल्टीपर्पज हॉल का शिलान्यास किया व मरीजों को फल वितरित किए। मकर संक्रांति व मानव सेवा संगम चैरिटेबल ट्रस्ट के 23वें स्थापना दिवस के अवसर पर ट्रस्ट द्वारा निःशुल्क विशाल स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। देवेन्द्र सिंह बबली ने आज टोहाना में आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करते हुए तिरंगा फहरा कर



भारत माता के समक्ष दीप प्रज्वलित किया। विकास एवं पंचायत मंत्री ने प्रदेशवासियों को मकर संक्रांति की बधाई देते हुए कहा कि नर सेवा नारायण सेवा है। जरूरतमंदों की सेवा करना सबसे बड़ा पुण्य का काम है। जिन लोगों को मानव सेवा करने का अवसर मिला है, चाहे वह किसी भी रूप में हो, वो सौभाग्यशाली हैं। हर व्यक्ति को अपने सामर्थ्य अनुसार मानव सेवा के लिए अपना सहयोग देना चाहिए। उन्होंने कहा कि टोहाना विधानसभा क्षेत्र में वर्षों पुरानी माँगों को पूरा करते हुए करोड़ों रुपये के विकास कार्य करवाये जा रहे है। टोहाना शहर की सबसे बड़ी समस्या जलभराव की समस्या का समाधान किया। टोहाना में बनाए जाने वाले 100 बेड के हॉस्पिटल को आधुनिक तकनीक के आधार पर बनाया जाएगा। रसूलपुर में बनने वाले मेडिकल कॉलेज के निर्माण की प्रक्रिया भी जल्दी शुरू होगी। उन्होंने कहा कि टोहाना विधानसभा में चाहे शिक्षा की बात हो, सुरक्षा, सफाई व अन्य मूलभूत सुविधाओं की बात हो, इन सब मुद्दों पर कार्य करने के लिए वे प्रतिबद्ध है।

# हर जरूरतमंद को मिल रहा सरकारी योजनाओं का लाभ - शिक्षा मंत्री कंवर पाल

## डिजिटल इंडिया में अब लोगों को भटकने की नहीं जरूरत, घर बैठे मिल रहा लाभ

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा स्कूल शिक्षा मंत्री कंवर पाल ने कहा कि यात्रा के माध्यम से वंचित लाभार्थियों को चिन्हित कर गांव-गांव शहर-शहर जाकर योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले साढ़े नौ सालों में देश में हुए परिवर्तन को हर व्यक्ति महसूस कर रहा है। दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ा है। देश में विकास की बड़ी-बड़ी योजनाएं शुरू हुई हैं। गरीब कल्याण योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव के समाज के हर वर्ग के लोगों को मिल रहा है। वर्ष 2047 तक भारत को विकसित बनाने के संकल्प को लेकर सरकार द्वारा चलाई जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा रविवार को जिला यमुनानगर के ?जगाधरी के वार्ड नंबर 1 तथा वार्ड नंबर 6-7 के सरकारी स्कूल गढ़ी मुंडो में जनसंवाद कार्यक्रम हुए। इन कार्यक्रमों में नगरवासियों से सीधा संवाद करते हुए कंवर पाल ने कहा कि मोदी की गारंटी वैन हर एक नागरिक के जीवन में सुरक्षा, समृद्धि और खुशहाली की वाहक है। उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों को भारत को आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ भी दिलाई। दोनों स्थानों पर स्कूल शिक्षा मंत्री ने पीएमएवाई, पीएम स्वनिधि, परिवार पहचान पत्र में शुद्धिकरण समेत विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया और सरकार की योजनाओं का लाभ ले चुके लाभार्थियों से बातचीत की। इस दौरान ऑनलाइन सेवाओं के माध्यम से काफी लोगों को मौके पर ही सरकारी योजनाओं को लाभ दिया गया। कंवर पाल ने कहा कि डिजिटल इंडिया के तहत लोगों को अब घर बैठे ही सरकारी योजनाओं को लाभ मिल रहा है।

# द्वितीय पुस्तक मेले का उद्घाटन करेंगे सीएम मनोहर लाल

## यवनिका टाउन पार्क, सेक्टर-5 , पंचकूला में हिंदी, पंजाबी व अंग्रेजी समेत भारतीय भाषाओं की किताबों का होगा संगम

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

ऊर्जा विभाग हरियाणा की पहल पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल के सपनों को साकार करते हुए " ज्ञान की रोशनी से रोशन होते हरियाणा" अभियान के तहत इस बार फिर यवनिका टाउन पार्क, सेक्टर-5 , पंचकूला में सभी भारतीय भाषाओं के श्रेष्ठ किताबों के माध्यम से "एक भारत श्रेष्ठ भारत " की अवधारणा साकार हो रही है। बिजली वितरण एवं उत्पादन कंपनियों के अध्यक्ष पीके दास की प्रस्तावना पर अतिरिक्त मुख्य सचिव एके सिंह के मार्गदर्शन में एचएसवीपी के मुख्य प्रशासक टीएल सत्यप्रकाश एवं एचपीजीसीएल के प्रबंध निदेशक मोहम्मद शाइन के सानिध्य में एचवीपीएनएल के प्रबंध निदेशक डॉ.



अमित कुमार अग्रवाल के संयोजन में उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के प्रबंध निदेशक डा. साकेत कुमार के समन्वय में आयोजित यह मेला समकालीन प्रश्नों के समाधान में ज्ञान के मंदिर से ही निकलेगा मार्ग। पंचकूला पुस्तक मेला, "हरियाणा एक हरियाणवी एक" नारे की ध्वनि के तहत हरियाणा के साहित्यिक एवं सांस्कृतिक नायकों को समर्पित है। पुस्तक मेले में विशेष रूप से साहित्य में राम को रेखांकित करते हुए राम मंडप आकर्षण का केंद्र होगा। नेशनल बुक ट्रस्ट, साहित्य अकादमी नई दिल्ली , प्रकाशन विभाग, एनसीईआरटी भारत सरकार के साथ-साथ चिल्ड्रन बुक ट्रस्ट, गीता प्रेस, सुरुचि प्रकाशन, राजकमल प्रकाशन समूह, वाणी प्रकाशन समूह, प्रकाशन संस्थान,हिंद युग्म, सामायिक प्रकाशन, एकलव्य प्रकाशन, रेक्ता फाउंडेशन समेत प्रकाशक भाग लेंगे।

**ईबुक्स किताबों का होगा विशेष स्टालः** अंतरराष्ट्रीय संस्था वर्ल्ड रीडर ईबुक्स पाठकों के लिए आकर्षण का केंद्र होगी। मेला परिसर में ऑडियो विजुअल माध्यम से नई पीढ़ी के पाठक ज्ञान गंगा में डुबकी लगा सकेंगे।

**मेले का मंच बनेगा विमर्श का केंद्रः** एचवीपीएनएल के प्रबंध निदेशक डॉ. अमित कुमार अग्रवाल ने बताया कि मेले में प्रतिदिन स्कूल एजुकेशन के माध्यम से छात्रों द्वारा विशेष सांस्कृतिक प्रस्तुतियां एवं रचनात्मक गतिविधियां आयोजित की जाएँगी।

इंद्रधनुष ऑडिटोरियम में आसमान छूती बेटियां म्हारी लाडो, 17 जनवरी को परिवहन विभाग के सहयोग से आओ सड़क सुरक्षा का नायक बने, 18 जनवरी को साइबर युग में किताबें व ईबुक्स 19 जनवरी को कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के सहयोग से कृषि पत्रकारिता, 20 जनवरी को स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से नशा मुक्त समाज सशक्त राष्ट्र, 21 जनवरी को प्रदूषण नियंत्रण में मीडिया की भूमिका तथा 22 जनवरी वन विभाग के सहयोग से वृक्ष खेती से आत्मनिर्भर भारत पर्यावरण पत्रकारिता।

## न्यूज फ्लैश

### पांची जाटान में रुपएं मांगने पर चाकू मारने के बाद दोस्तों के साथ मिलकर दी जान से मारने की धमकी

**गन्नौर। गांव पांची** जाटान में चाकू मारने के बाद दोस्त के साथ मिलकर युवक को जान से मारने की धमकी दी। युवक ने आरोपित के खिलाफ गन्नौर थाना में मामला दर्ज करवाया है। पुलिस को दी शिकायत में पांची जाटान निवासी मोनू ने बताया कि वह खेती बाडी का काम करता है। आरोप है कि गत 12 जनवरी को गांव के ही रोहित ने मेरे 10, हजार रुपये चुरा लिए थे , उसके बाद पैसे मांगे तो उसने बहाना बनाकर किसी और का नाम ले दिया । शिकायत में बताया कि 13 जनवरी की शाम को करीब 6 बजे अपने गांव के अड्डे के पास बर्गर खाने के लिए गया था तो उस दौरान मुझे रोहित मिल गया। मैने रोहित से रुपये मागें तो अचानक रोहित ने आवेश मे आकर अपनी जेब से चाकू निकाल मेरी सातल पर मारते हुए मुझे लात मारी। उसके दोस्त विकास उर्फ (चाईनिज) व अमन निवासी माहरा ने मिलकर मेरे साथ मारपीट करते हुए तीनों ने मुझ को जान से मारने की धमकी दी है। आरोप है कि तीनों आरोपित नशेड़ी है। जिनसे मुझे अपनी जान का खतरा है। पुलिस ने मोनू की शिकायत के बाद मामला दर्जकर कार्रवाई शुरू कर दी।

### कोहरे व शीतलहर ने लोगों की छुड़ाई कंपकपी

**गन्नौर। पिछले** कई दिनों से लोगों को कड़ाके की ठंड से राहत नहीं मिल रही है। रविवार को भी दोपहर करीब 1 बजे तक कोहरा छाया रहा। इस दौरान शीतलहर ने भी लोगों की खूब कंपकपी छुड़ाई। दोपहर को निकली धूप से लोगों को राहत मिलती दिखाई दी। हालांकि पूरे दिन शीतलहर का प्रकोप बदस्तूर जारी रहा। धूप की वजह से तापमान में भी बढ़ोतरी हुई, लेकिन जैसे ही सूरज अस्त हुआ सर्दी ने अपना रूप दिखाना शुरू कर दिया।

### दशम पातशाही गुरू गोविंद सिंह जी का प्रकाश पर्व 17 को मनेगा

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस। दसवीं** पातशाही श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज का प्रकाश पर्व 17 जनवरी को धूमधाम से मनाया जाएगा। इससे पहले नगरर कीर्तन कल 15 जनवरी को निकाला जाएगा। डेरा कार सेवके प्रमुख तथा पंथ प्रचारक जत्थेदार बाबा सुक्खा सिंह के मार्ग दर्शन में तथा गुरुपर्व प्रबंधक कमेटी के तत्वाबधान में दोनों कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। कमेटी के महासचिव जत्थेदार इंद्रपाल सिंह तथा पंजाबी नेता रोजेंद्र अरोड़ा पप्पी ने बताया कि बाबा सुक्खा सिंह के मार्ग दर्शन में 15 जनवरी को सुबह दस बजे से नगर कीर्तन निकाला जाएगा, जो गुरुद्वार डेरा कार सेवा गुरुद्वारा मंजी साहेब पहली पतशाही से शुरू होकर कर्ण गेट, कमेटी चौक, सब्जी मंडी चौक, कुजपुरा रोड, अस्पताल चौक, माडल टाउन, सैक्टर 12 निर्मल कुटिया, गुरुद्वार सैक्टर सात, गुरुद्वारा बाबा कश्मीरा सिंह, सैक्टर छह के पीछे मेरठ रोड, महाराणा प्रताप चौक से होते हुए गुरुद्वारा डेरा कार सेवा कलंदरी गेट पहुंचेगा। यहां पर समापन होगा। उन्होंने बताया कि नगर कीर्तन में दशमेश अखाड़ा और बीर खालसा दल द्वारा गतका प्रदर्शन किया जाएगा। उसके बाद 17 जनवरी को गुरमति समागम का आयोजन डेरा कारसेवा गरुद्वारे में किया जाएगा। इसके अलावा अटूट लंगर बरता जाएगा। इस अवसर पर दरबार साहेग अमृतसर के हजूरी रागी भाई गुरदित्त सिंह, ढाडी जत्था भाई करतार सिंह पंजाब, मंजी साहेब गुरुद्वारा के हेड ग्रंथी भाई अमृत पाल सिंह, श्री सुखमनि साहेब गुरुद्वारा सैक्टर सात के रागी भाई इंद्रपाल सिंह जी गुरु की महिमा का गान करेंगे। इस अवसर पर गरु हर कृष्ण स्कूल के विद्यार्थी भी गुरुवाणी का पाठ करेंगे।

# विधायक सुरेंद्र पंवार ने मकर संक्रांति पर हजारों देवतुल्य शहरवासियों का किया सम्मानित

## वरिष्ठजनों का सम्मान व आशीर्वाद जीवन में लाएगा खुशियां : सुरेन्द्र पंवार

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत। विधायक सुरेन्द्र** पंवार ने कहा कि वरिष्ठजनों के सम्मान व आशीर्वाद से जीवन खुशियों से लबालब हो जाता है। बड़ों का स्नेह जीवन में रक्षक की तरह कार्य करता है। हमे अपने बड़ों का भरपूर सम्मान करना चाहिए। बड़ों की छांव में जितना रहेंगे जीवन उतना ही खुशमयी होता चला जाएगा। विधायक सुरेन्द्र पंवार गोहाना रोड स्थित चन्द्र गार्डन में मकर सक्रांति पर्व पर आयोजित समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत कर देवतुल्य शहरवासियों को सम्बोधित कर



रहे थे। इस दौरान उन्होंने सभी शहरवासियों को मकर सक्रांति की शुभकामनाएं दी व ईश्वर से सभी के सुखी व स्वस्थ जीवन की कामना की। समारोह में पहुंचने पर वार्ड 19 से पार्षद विजेंद्र मालिक द्वारा विधायक सुरेंद्र पंवार का फूल मालाओं के साथ जोरदार स्वागत किया गया। विधायक सुरेंद्र पंवार के साथ पूर्व विधायक पदम सिंह दहिया, सुरेन्द्र छिक्कारा व वार्ड 20 से पार्षद नीतू दहिया भी मौजूद रही। विधायक सुरेन्द्र पंवार ने देवतुल्य शहरवासियों को सम्मानित करते हुए कहा कि मकर सक्रांति का पर्व जीवन में खुशियां लेकर आता है। यह पर्व अपने बड़ो को सम्मानित करने का एक सुअवसर है। उन्होंने कहा कि वह निरन्तर शहरवासियों की सेवा करने में जुटे रहते है। आमजन की सेवा में समर्पित निःशुल्क बस सेवा शुरू की गई है, जिसके माध्यम से बच्चों से लेकर वरिष्ठजनों तक तीर्थ स्थलों पर जाकर अपनी मनोकामनाएं पूर्ण करते है। इसके साथ ही निःशुल्क पेयजल सेवा, फोटोस्टेट सुविधा सहित अन्य जन भलाई के कार्य किए जा रहे है। उन्होंने कहा कि वह हमेशा बच्चों से लेकर बड़ो के प्रत्येक सुख-दुख में खड़े रहते है।

भविष्य में भी किसी भी शहरवासी से जो आदेश उन्हें प्राप्त होगा उसके पूर्ण करने की पूरी कोशिश करेंगे। उन्होंने कहा कि क्षेत्रवासियों से मिले अपार स्नेह व आशीर्वाद का ऋण चुका पाना असंभव है, लेकिन जन कल्याण के प्रयासों द्वारा हमारी भरपूर कोशिश रहती है कि अपने क्षेत्र का भरपूर विकास करवाएं।

## शर्मा फाउंडेशन समाजसेवा के साथ खेलो को दे रही है बढ़ावा: प्रतिक



**टीम एक्शन इंडिया/राई। गांव नांदनौर-असदपुर** में सवेरा युवा मंडल की तरफ से रस्साकशी, दोघड़ रेस, दौड.(बुजुर्ग)-(युवा) और (बच्चे) के खेल आयोजित किए गए। खेलो में पहुंचने पर डा. गुलशन चौहान ने सभी का स्वागत किया। राजकुमार शर्मा फाउंडेशन के संस्थापक प्रतीक राजकुमार शर्मा (माखन भोग वाले) ने खेलो में सफलतापूर्वक आयोजन के लिए 22 हजार का योगदान कमेटी को दिया, इसके अलावा 5100-5100 की दो रेस बुजुर्ग दादा और दादी की करवाई। जिसमे पुरुषों की रेस में कुमासपुर के रोहताश जीते और महिलाओं में सुनीता (भटगांव) की जीती। उन्होंने रक्तवाहिनी टीम का अभिवादन करते हुए 2100 रुपये से सम्मानित किया। राजकुमार शर्मा फाउंडेशन के संस्थापक प्रतीक राजकुमार शर्मा ने संस्था द्वारा किए गए कार्य की सराहना की।

## युवा मंडल गांव की स्वस्थ व समृद्ध परम्पराओं को आगे बढ़ा रहा है : संजय



**टीम एक्शन इंडिया/राई। सवेरा युवा** मंडल द्वारा मकर सक्रान्ति के उपलक्ष्य पर आयोजित कार्यक्रम में कांग्रेस नेता संजय आंतिल ने शिरकत की। कार्यक्रम में पहुंचने पर संस्था के पदाधिकारियों ने आंतिल का स्वागत किया। आंतिल ने संस्था द्वारा किए जा रहे विभिन्न कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि सवेरा युवा मंडल गांव की स्वस्थ व समृद्ध परम्पराओं को जिंदा रखने का प्रयास कर रहा है। युवाओं को संस्कार देने, बुजुर्गों का मान- सम्मान करने, मातृ समाज को समाज की मुख्यधारा में लाने का प्रयास कर रहा है। संस्था ने इसी उपलक्ष्य पर बुजुर्गों का सम्मान किया है। इस मौके पर संस्था के पदाधिकारी मौजूद थे।

## गुरुद्वारों में भी भगवान श्री राम मंदिर का प्रतिष्ठापन उत्सव मनेगा

**टीम एक्शन इंडिया/ करनाल/ राजकुमार प्रिंस। अयोध्या** में श्री राम मंदिर के प्रतिष्ठापन अवसर पर 22 जनवरी को करनाल के मंदिरों में ही नहीं गुरुद्वारों में भी उत्सव मनाया जाएगा। आज डेरा कार सेवा में जिले के सिख समुदाय को श्री अयोध्या में भगवान राम मंदिर के प्रतिष्ठापन का न्यौता देने के लिए विश्व हिंदू परिषद और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के अधिकारी डेरा कारसेवा में पहुंचे। यहां पर प्रतिनिधियों ने डेरा कारसेवा के प्रमुख तथ देश के जाने माने पंथ प्रचारक बाबा सुक्खा सिंह तथा गुरुपर्व प्रबंधक कमेटी के पदाधिकारियों को न्यौता दिया, जिसे सभी ने सहर्ष स्वीकार कर लिया। इस अवसर पर बाबा सुक्खा सिंह ने कहा कि वह सभी के साथ 22 जनवरी को श्री राम का उत्सव मनाएगे।

## ब्रह्माकुमारी कार्यक्रम में आकर वह खुद को भाग्यशाली महसूस करता हूं: कादियान

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर। ओम शांति ऐसा** मंत्र है जो जीवन को प्रेरणा, ऊर्जा, संकल्प और शक्ति देता है। यह शब्द हमारे विचारों को सकारात्मक दिशा में ले जाता है। किसी की सोच को बदलना सबसे मुश्किल कार्य होता है किन्तु अध्यात्म की सहायता से सहज ही संभव हो जाता है। वास्तविक खुशी जीवन में तब मिलती है जब हम समाज के बीच रहकर काम करते है। ये उद्गार ब्रह्माकुमारीज़ के अंतरराष्ट्रीय मुख्यालय माउंट आबू से पहुंचे विख्यात मोटिवेशनल वक्ता प्रो. ओंकार चंद भाई ने ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय गन्नौर द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस के




अवसर पर अध्यात्म का हमारे जीवन में क्या महत्व विषय पर जनसमूह का संबोधित करते हुए कहे। इससे पहले दीप प्रज्जवलन और म्यूजिकल एक्स्सरसाइज के साथ शिविर का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर मन्नत ग्रुप ऑफ होटल्स चेयरमैन एवं समाजसेवी देवेंद्र कादियान, विश्व कल्याण सरोवर मुरथल इंचार्ज ब्रह्मा कुमार सतीश कुमार, सोनीपत से बीके रामदेवी ने शिरकत की और मंच संचालन गन्नौर सेंटर संचालिका बीके अर्चना ने किया। प्रो. ओंकार चंद भाई ने कहा कि राजयोग एक ब्रह्मास्त्र है जिससे आदमी का मन परिवर्तित हो जाता है।

# 76वें भारतीय सेना दिवस पर भूतपूर्व सैनिक संगठन ने वीरांगनाओं का किया सम्मान

## सेना के सेवानिवृत मेजर जनरल एवं रक्षा विशेषज्ञ विश्म्बर दयाल का सम्मान करते हुए संगठन अध्यक्ष ओमप्रकाश मलिक

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर। भूतपूर्व सैनिक** संगठन द्वारा रविवार को बादशाही रोड स्थित दीवान गार्डन में 76वां सेना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सेना के सेवानिवृत मेजर जनरल एवं रक्षा विशेषज्ञ विश्म्बर दयाल ने बतौर मुख्यातिथि जबकि पार्क निदान अस्पताल के निदेशक सेवानिवृत लेफ्टिनेंट कर्नल रमेश सेतिया व ग्रुप कमांडर प्रमोद श्रीवास्तव ने विशिष्टातिथि के तौर पर शिरकत की। कार्यक्रम में पहुंचने पर संगठन के अध्यक्ष ओमप्रकाश मलिक, सचिव कैप्टन एसएस दहिया ने सभी का फूलमालाओं से स्वागत किया। इस




मौके पर अतिथियों ने पूर्व सैनिकों के अलावा, शहीद हुए सैनिकों की विरांगनाओं को शाल भेंट कर सम्मानित किया गया। सेवानिवृत

**प्रेरणा**

**8 हर साल 15 जनवरी को सेना दिवस मनाया जाता है। संगठित रह कर एक दूसरे का सहयोग करने की प्रेरणा दी**

मेजर जनरल विश्म्बर दयाल ने कहा कि देशवासी सैनिकों के साहस एवं समर्पण पर गर्व महसूस करते हैं। उन्होंने बताया कि 15 जनवरी 1949 को भारत के अंतिम ब्रिटिश कमांडर-इन-चीफ जनरल फ्रांसिस बुचर के स्थान पर तत्कालीन लेफ्टिनेंट जनरल के एम करियप्पा भारतीय सेना के कमांडर इन चीफ बने थे। इसीलिए हर साल 15 जनवरी को सेना दिवस मनाया जाता है। उन्होंने सैनिक परिवार से संगठित रह कर एक दूसरे का सहयोग करने की प्रेरणा दी। विश्म्बर दयाल ने गन्नौर में सीएसडी कैंटीन बनाने व ईसीएचएस की सुविधा शुरू करवाने में हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर कैप्टन रिछपाल धनखड़, सुरेश अत्री, संगठन सचिव सुखबीर सिंह दहिया, विजयपाल त्यागी, रतन मलिक, सूबेदार भीम सिंह, सूबेदार राजपाल, दीवान सिंह आदि मौजूद रहे।

## राजयोग एक ब्रह्मास्त्र है जिससे आदमी का मन परिवर्तित हो जाता है: प्रो. ओंकार भाई



**गन्नौरः ओम शांति** ऐसा मंत्र है जो जीवन को प्रेरणा, ऊर्जा, संकल्प और शक्ति देता है। यह शब्द हमारे विचारों को सकारात्मक दिशा में ले जाता है। किसी की सोच को बदलना सबसे मुश्किल कार्य होता है किन्तु अध्यात्म की सहायता से सहज ही संभव हो जाता है। वास्तविक खुशी जीवन में तब मिलती है जब हम समाज के बीच रहकर काम करते है। ये उद्गार ब्रह्माकुमारीज के अंतरराष्ट्रीय मुख्यालय माउंट आबू से पहुंचे विख्यात मोटिवेशनल वक्ता प्रो. ओंकार चंद भाई ने ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय गन्नौर द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर अध्यात्म का हमारे जीवन में क्या महत्व विषय पर जनसमूह का संबोधित करते हुए कहे। इससे पहले दीप प्रज्जवलन और म्यूजिकल एक्स्सरसाइज के साथ शिविर का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर मन्नत ग्रुप ऑफ होटल्स चेयरमैन एवं समाजसेवी देवेंद्र कादियान, विश्व कल्याण सरोवर मुरथल इंचार्ज ब्रह्मा कुमार सतीश कुमार, सोनीपत से बीके रामदेवी ने शिरकत की और मंच संचालन गन्नौर सेंटर संचालिका बीके अर्चना ने किया।

## ग्रेपलिंग कुश्ती में पदक विजेताओं को कांग्रेस नेता ने साईकिल देकर किया सम्मान

**टीम एक्शन इंडिया/राई।** राई हल्के के गांव लाडपुर छतैहरा में मकर संक्रांति के अवसर पर ग्रेपलिंग कुश्ती में नेशनल ब्रांज मेडल विजेता कार्तिकेय पाराशर और अतिन कौशिक का टीम दीपेंद्र हुड्डा राई ने उनके गांव की चौपाल में रेंजर साईकिल भेंट कर उनको सम्मानित किया और भविष्य में आगे बढ़ते रहने के लिए प्रोत्साहित किया। पीसीसी डेलीगेट हरियाणा प्रदेश कांग्रेस जसपाल आंतिल खेवड़ा ने



खिलाड़ियों को खेल और शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों को आगे बढ़ने के लिए हर संभव मदद करने के लिए कहा।

## हमें समय-समय पर रक्तदान करते रहना चाहिए: कादियान

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर। सिटीजन पार्क** में रविवार को जनहित फाउंडेशन के द्वारा रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर में बतौर मुख्यातिथ देवा वेलफेयर सोसाइटी के संस्थापक एवं समाजसेवी देवेन्द्र कादियान ने स्वयं रक्तदान करके शिविर का शुभारम्भ किया। शिविर में 45 युवाओं ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। युवाओं को प्रेरित करते हुए समाजसेवी देवेन्द्र कादियान ने कहा कि रक्तदान करने से हमारे शरीर में कोई कमी नहीं आती। रक्तदाताओं को इसका लाभ ही मिलता है। कादियान ने




कहा कि रक्तदान महादान है। इसलिए हमें समय - समय पर रक्तदान करते रहना चाहिए। देवेन्द्र कादियान ने कहा कि रक्तदान से दूसरे व्यक्ति के जीवन को बचाया जा सकता है। समय से रक्त न मिलने के कारण कई मरीज अपना जीवन खो देते हैं। स्वच्छ व्यक्ति स्वेच्छा से साल में 4 बार रक्तदान कर सकता है। रक्तदान करके कई जिंदगियों को बचाया जा सकता है। कादियान ने कहा कि साथ ही खुद का शरीर भी स्वस्थ रहता है। साथ रक्तदान करने से व्यक्ति का दिल स्वस्थ रहता है। युवा वर्ग रक्तदान को लेकर उत्साह और जागरूक है। रक्तदान करके कई बीमारियों से छुटकारा मिलता है। सबसे पहले तो रक्तदान करने से दिल स्वस्थ रहता है। हार्ट अटैक आने की संभावना कम रहती है।

# मुख्यमंत्री गायों के संरक्षण के लिए योजनाओं का कर रहे है संचालन: त्यागी

## पुनीत राई ने जाखौली व मुरथल गौशाला में 2 लाख दो हजार व 51 हजार गौशाला उपचार केन्द्र में दिया दान

**टीम एक्शन इंडिया/राई। मकर सक्रांति** के उपलक्ष्य में भाजपा के जिला उपाध्यक्ष व निगम पार्षद पुनीत राई सरकार से पार्षद को मिलने वाले पैसे को एक लाख एक हजार रुपये जाखौली गौशाला में और एक लाख एक हजार रुपये मुरथल गौशाला में व इक्यावन हजार रुपए मुरथल में बने गौमाता उपचार केंद्र में सहयोग राशि दी । गौ सेवकों ने पुनीत राई द्वारा गऊशाला में दिए गए लाखों रुपएं के सहयोग की सराहना की। गऊशाला समिति द्वारा भाजपा के जिला उपाध्यक्ष व निगम पार्षद पुनीत राई को गाय का देशी घी व स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया।

भाजपा के जिला उपाध्यक्ष पुनीत राई



ने संबोधित करते हुए कहा कि गौ की सेवा माता की सेवा के समान है। सरकार द्वारा भी गौ के संरक्षण के लिए भी कई योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। साथ ही गोशाला को भी मदद दी जा रही है। गोशाला के संरक्षण को लेकर समाज के अलावा सरकार भी खड़ी है। उन्होंने लोगों से अपने कर्तव्य एवं दायित्व का निर्वहन करते हुए हर तरह से गौशाला का सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि अपना भारत देश ऐसे अवतारों का देश रहा है जहां हर जीवों के प्रति भक्तिभाव श्रद्धा की भावना उत्पन्न होती है। उन्होंने कहा कि गौ सेवा महासेवा है। राई क्षेत्र में बनी गोशाला यहां की आन और शान है, इसे और उंचाई तक ले जाने का सभी को ध्यान रखना चाहिए। इस अवसर पर जैनपुर सरपंच परविंदर, वीरेंद्र मुरथल, सुंदर जठेड़ी, प्रदीप आंतिल, सुनील आंतिल, अनिल मुरथल, अमरीश त्यागी, संजीव त्यागी, सिंघराम पंडित ,राकेश, नरेश पांचाल, सरपंच जयराम शर्मा भेराबकीपुर,लाला जाखोली, राकेश कौशिक, मोहित कौशिक, अनील त्यागी आदि गणमान्य लोग मौजूद थे।

## अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकाली भव्य कलश यात्रा

**टीम एक्शन इंडिया/राई।** गांव बहालगढ़ मे अयोध्या मे बने राम मंदिर के 22 जनवरी को होने वाली प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा में जय श्री राम के नारों से वातावरण को भक्तिमय बनाया। बैंड बाजों के साथ नाचते कूदते पुरे जोश से महिलाओ और बड़े बुजर्गो व बच्चों ने कलश यात्रा निकाली। यात्रा गांव बहालगढ़ से होते हुए गांव के शिव मंदिर के राम दरबार मे कलश को स्थापित किया गया। यात्रा में गांव के सरपंच राजेश स्वामी, मास्टर नरेंद्र धीमान, सुनील रोहिल्ला, सुरजीत प्रधान, डा.



सुनील आंतिल, जग्गी कौशिक, कमल कौशिक, सभी पंच, श्री 1008 सेवा गिरी महाराज, हिन्दू वाहिनी सोनीपत , संस्था के मैम्बर संजय लोहिया, साहिल आदि यात्रा में शामिल हुए। मंदिर के पुजारी अवदेश पंडित द्वारा तिलक करवाकर यात्रा का शुभारंभ किया और इस कलश यात्रा मे राम दरबार की झांकी भी निकाली गई।

## संपादकीय

# प्रभु श्री रामोत्सव - देश दुनियां में दीपोत्सव

**वैश्विक** स्तरपर आध्यात्मिकता की गहराइयों तक सराबोर श्रद्धालुओं की सबसे अधिक संख्या वाला देश भारत, 22 जनवरी 2024 की तैयारीयों में इस तरह मशगूल है मानो हर नागरिक प्रभु श्रीराम के प्रति उनकी स्वयं की स्वागत करने की जवाबदारी है, ऐसा है मेरा भारत देश जिसका करीब करीब हर नागरिक किसी न किसी धर्म जाति आस्था में विश्वास रखता है, परंतु 22 जनवरी 2024 को प्रभु श्रीराम की प्राणप्रतिष्ठा पर भारत ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में बसे मूल भारतीयों द्वारा भी अपने अपने नजदीकी के मंदिर में जाकर प्रभु श्रीराम के दर्शन करने की अभिलाषा रखते है उल्लेखनीय है कि अमेरिका के 10 से अधिक राज्यों में प्रभु श्रीराम के बड़े-बड़े होर्डिंग्स लगे हैं, तो वहीं मॉरीशस ने मंदिर दर्शन की छुट्टी की घोषणा कर दी है। यह इसलिए के कुछ दिन पहले माननीय पीएम ने 22 जनवरी 2024 को देश-विदेश के सभी मंदिरों मैं साफ सफाई कर दीपोत्सव से जगमगा दें, तथा घरों में भी चारों तरफ दिए जलाकर दीपोत्सव का माहौल बनाएं, जिसे सभी ने हाथों-हाथ लेकर पूर्ण करने की ठान ली है। मंदिरों के व्यवस्थापकों द्वारा अपने आसपास के क्षेत्र में ढोल नगाड़ों के साथ केसरी दुपट्टा टोपी पहनकर श्रद्धालुओं नागरिकों को 22 जनवरी 2024 को मंदिर आने का निमंत्रण और घरों में दिए जलाने का निवेदन किया है।दिनांक 13 जनवरी 2024 को हमारी धर्म नगरी गोंदिया में भी ढोल नगाड़ों के साथ श्याम बाबा मंदिर व्यवस्थापकों और जिला व्यापारी फेडरेशन द्वारा दुपट्टा टोपी पहने जनता औरश्रद्धालुओं को मंदिर आने का निमंत्रण दिया, हमारे ऑफिस घर में भी आकर विनम्रता से आमंत्रित किया।सबसे बड़ी बात यह है कि मंदिर व्यवस्थापक कार्यकर्ता सेवादार किसी पार्टीर्के नहीं थे और ना ही किसी पार्टी का झंडा लिए हुए थे बस प्रभु श्री राम जी के भक्त लग रहे थे। किसी भी प्रकार का नारा या पार्टी बाजी नहीं थी।मेरामानना है कि यह माहौल करीब हर शहर गांव में दिख रहा होगा। चूंकि देश-विदेश के सभी मंदिर और घर 22 जनवरी 2024 को दीपोत्सव से सराबोर होंगे, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, प्रभु श्री रामोंत्सव, देश दुनियां में दीपोत्सव।

साथियों बात अगर हम प्रभु श्रीराम प्राणप्रतिष्ठा महोत्सव 22 जनवरी 2024 की करें तो,यूपी के अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन होने जा रहा है। इस खास दिन का पूरे देश के लोगों को बेसब्री से इंतजार है। भारत ही नहीं बल्कि विदेशों में भी लोग बेहद उत्साहित हैं। वर्षों से इस दिन का इंतजार कर रहे हिंदू धर्म के लोग इसे अपने अपने तरीके से इसे खास बनाना चाहते हैं।अयोध्या में इन दिनों 22 जनवरी को लेकर जोर शोर से तैयारियां चल रही है। सड़कों से लेकर एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन हर जगह को बेहद खूबसूरती के साथ सजाया जा रहा है। सड़कों की साफ सफाई कर वहां पेड़ पौधे लगाए जा रहे हैं। इस ऐतिहासिक दिन पर कई राज्यों ने सार्वजनिक अवकाश घोषित भी घोषित कर रही है। धार्मिक अनुष्ठान की शुरूआत 15 जनवरी से होगी। राम मंदिर उद्घाटन के महोत्सव में देश ही नहीं बल्कि विदेशों से भी लोगों को जोड़ने की योजना है।500 साल के इंतजार के बाद राम लला अपने महल में विराजित होंगे, ऐसे में इस तारीख को सुनहरे अक्षरों में याद किया जाएगा।

# लगातार हो रहे है हिन्दुओं की आस्था पर बढ़ते हमले

सुनील कुमार महला

> देश में मुसलमानों को डरने की जरूरत नहीं है। इसके बाद बिहार के शिक्षा मंत्री का दीक्षांत समारोह के दौरान यह कहना की रामचरितमानस पढ़ने से नफरत फैलता है। यह कोई अचानक दिया गया बयान नहीं लगता था । बिहार के शिक्षा मंत्री इतना कह कर ही नहीं रुके थे बल्कि उन्होंने रामचरितमानस को लेकर और भी कई आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। उन्होंने जीतन राम मांझी का नाम लेकर कहा कि अगर वह मंदिर जाते हैं तो मंदिर के पुजारी गंगाजल से मंदिर को धो देते हैं। इसके अलावा चंद्रशेखर ने अपने बयान में यह भी कहा था कि रामचरितमानस में लिखा है कि नीची जाति के लोग अगर पढ़ लिख गए तो वह जहरीले हो जाते हैं। ऐसे में समझना मुश्किल नहीं है कि बिहार के मंत्री की ओर से इस तरह का बयान यूं नहीं बल्कि सोची समझी रणनीति का हिस्सा है

**पश्चिम बं**गाल में साधुओं के एक समूह पर भीड़ द्वारा हमला किये जाने के मुद्दे पर भाजपा और सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस आमने-सामने हैं. घटना के वीडियो वायरल होने के बाद साधुओं पर हमले के सिलसिले में 12 लोगों को गिरफ्तार किया गया है. सूत्रों का कहना है कि गंगासागर जा रहे साधु रास्?ता भटक गए थे, इसलिए उन्?होंने महिलाओं के एक समूह रास्?ता पूछा था. साधुओं को केवल राख में लिपटे हुए देखकर महिलाएं चौंक गईं और उन्होंने शोर मचा दिया, जिसके बाद भीड़ ने साधुओं पर हमला कर दिया । असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने शनिवार को कहा कि वह ह्यह्यराजनीतिक रूप से हिंसा प्रभावित पश्चिम बंगाल" में साधुओं पर हमले से हैरान नहीं हैं । पश्चिम बंगाल के पुरुलिया में तीन साधुओं पर एक भीड़ द्वारा इस संदेह में हमला किए जाने का एक कथित वीडियो सामने आया है कि वे साधु के ह्यह्यभेष में अपहरणकर्ता" हैं. शर्मा ने यहां संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) शासित राज्य में सनातन हिंदू धर्म के सदस्यों को निशाना बनाया जा रहा है और उन्होंने सत्तारूढ़ सरकार से त्वरित कार्रवाई करने का आग्रह किया हैं । गौरतलब है कि हाल ही में अयोध्या में रामजन्मस्थान मंदिर के उद्घाटन और रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर कांग्रेस व ज्यादातर विरोधी दलों ने बहिष्कार कर दिया है जिसके बहाने वे हिन्दुओं की आस्था पर ही हमला कर रहे है । यही नहीं कभी कांग्रेस को भगवत गीता में जिहाद दिखता है तो लालू यादव की पार्टी आरजेडी का मानना है कि रामचरितमानस में नफरत की बातें लिखी हैं। मुस्लिम तुष्टिकरण के लिए भाजपा विरोधी पार्टियां हिंदू के बाद ग्रंथ पर हमला कर रही हैं। देश को हिंदुत्व से खतरा है। हिंदुत्व की तुलना बोको हराम और आईएसआईएस से भी की जा चुकी। शिवलिंग को लेकर भी कई आपत्तिजनक बयान आ चुके हैं। सवाल यह उठता है कि आखिर मुसलमानों को खुश करने के लिए राजनीतिक दल कब तक हिंदुओं के साथ उनके भगवान और ग्रंथ का अपमान करते रहेंगे। नीतीश मंत्रिमंडल में शामिल आरजेडी कोटे से शिक्षा मंत्री बने चंद्रशेखर यादव का रामचरितमानस को लेकर कमेंट कोई अचानक दिया हुआ बयान नहीं था । बयां के दो दिन पहले ही संघ प्रमुख मोहन भागवत का एक बयान आया था जिसमें



उन्होंने कहा कि देश में मुसलमानों को डरने की जरूरत नहीं है। इसके बाद बिहार के शिक्षा मंत्री का दीक्षांत समारोह के दौरान यह कहना की रामचरितमानस पढ़ने से नफरत फैलता है। यह कोई अचानक दिया गया बयान नहीं लगता था । बिहार के शिक्षा मंत्री इतना कह कर ही नहीं रुके थे बल्कि उन्होंने रामचरितमानस को लेकर और भी कई आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। उन्होंने जीतन राम मांझी का नाम लेकर कहा कि अगर वह मंदिर जाते हैं तो मंदिर के पुजारी गंगाजल से मंदिर को धो देते हैं। इसके अलावा चंद्रशेखर ने अपने बयान में यह भी कहा था कि रामचरितमानस में लिखा है कि नीची जाति के लोग अगर पढ़ लिख गए तो वह जहरीले हो जाते हैं। ऐसे में समझना मुश्किल नहीं है कि बिहार के मंत्री की ओर से इस तरह का बयान यूं नहीं बल्कि सोची समझी रणनीति का हिस्सा है। वैसे चंद्रशेखर के बयान पर भाजपा व हिन्दुओं की सख्त टिप्पणियां आती रही है ।भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और बेतिया से लोकसभा सांसद डॉ संजय जायसवाल ने चंद्रशेखर यादव के बयान की निंदा की । उन्होंने कहा कि वह मानसिक रूप से बीमार हो चुके हैं। बिहार भाजपा चीफ ने कहा कि इसके पहले भी हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने भी भगवान राम को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। हाँ बिहार भाजपा के नेता संजय जायसवाल ने कहा कि मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति पर उतर चुके सियासी दल मुसलमानों को खुश करने के लिए हिंदू धर्म, भगवान और ग्रंथों का अपमान कर रहे हैं। कांग्रेस तो शुरू से ही भगवान श्री राम के अस्तित्व पर सवाल उठाती रही है। राहुल गांधी विदेश में जाकर या कह चुके हैं कि देश को हिंदू से खतरा है। कांग्रेसी नेता सलमान खुर्शीद तो हिंदुओं की तुलना बोको हरम और आईएसआईएस से कर ही चुके हैं। कांग्रेसी नेता और देश के पूर्व गृह मंत्री शिवराज पाटिल को गीता में जिहाद नजर आता है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि पूरे विश्व में हिंदू समाज ही है जो अपने धर्म और भगवान पर किए जा रहे इतने अपमान के बावजूद चुपचाप सब सह रहे हैं। मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति करने वाले राजनीतिक दलों को यह भी सोचना चाहिए कि अगर हिंदू असहिष्णु हो गए तो क्या होगा संजय जायसवाल ने आगे कहा कि देश की जनता सब जानती है और वक्त आने पर तुष्टिकरण की राजनीति करने वालों को करारा जवाब देकर उनको सही ठिकानों पर पहुंचाने का काम करेगी।भाजपा प्रवक्ता निखिल आनंद का कहना है कि बिहार के शिक्षा मंत्री प्रो चंद्रशेखर ने रामचरितमानस का अपमान नहीं किया, उन्होंने समस्त हिंदू समाज का अपमान किया है। भगवान राम और कृष्ण की परंपरा वाले देश में जहां लोहिया ने राम और कृष्ण की परंपरा का सम्मान किया। लोहिया रामकृष्ण मेले के आयोजन की बात किया करते थे। वहीं आरजेडी के लोग हैं जो आज रामकृष्ण की परंपरा को अपमानित करने का काम कर रहे हैं। शिक्षा मंत्री ने विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में अनर्गल प्रलाप कर हिंदू विरोधी मानसिकता का परिचय दिया । तेजस्वी यादव को निश्चित तौर पर अपने शिक्षा मंत्री के बयान पर सफाई देनी चाहिए थी । देश के समस्त हिंदू समाज से माफी मांगनी चाहिए थी । आरजेडी के लोग मुस्लिम तुष्टिकरण के लिए किस हद तक गिर सकते हैं यह देखने को मिल चुका है। दरअसल बिहार सूबे की नीतीश कुमार सरकार तुष्टीकरण की राजनीति में इतनी अंधी हो चुकी है कि सदन के अंदर राष्ट्रगीत के वक्त भी मुस्लिम नेता नहीं उठते, बावजूद इसके उन पर कोई कार्रवाई नहीं की जाती। यह तुष्टिकरण की ही पराकाष्ठा है। 2020 में ही एनडीए सरकार के दौरान बिहार विधान मंडल के समापन सत्र में राष्ट्रगीत गाने का फैसला लिया गया था। लेकिन आरजेडी के साथ जाते ही नीतीश कुमार की सरकार ने विधानमंडल के लिए लिए गए इस निर्णय को वापस ले लिया। आश्चर्य इस बात का है कि भाजपा बिहार में मुख्य विरोधी दल है और उसके होते हुए यह सब चल रहा हैं । सवाल उठता है कि क्या कर रही हैं हमारी सरकारें क्यों वह मंत्रियों या नेताओं के विवादित बयानों पर चुप्पी साधे रहती हैं सवाल उठता है कि अदालतों की ओर से ऐसे मामलों पर क्यों स्वतः संज्ञान नहीं लिया जाता मंत्री पद की शपथ के दौरान कहा जाता है कि मैं बिना किसी भेदभाव के काम करूंगा। लेकिन क्या हिंदू समाज के आराध्य के बारे में ऐसी बयानबाजी भेदभाव नहीं है सवाल तो कई हैं लेकिन जवाब नेता देंगे नहीं इसलिए जवाब देने की जिम्मेदारी भी जनता को ही निभानी होगी। लोकतांत्रिक तरीके से हर उस नेता को जवाब देना चाहिए जो नफरत के बीज बोकर अपने चुनावी हित साधना चाहता है या तुष्टिकरण की राजनीति को बढ़ावा देता है। वैसे जगदानंद सिंह के बाद चंद्रशेखर का बयान यही दशार्ता है कि यह कोई संयोग नहीं बल्कि वोटबैंक की राजनीति का प्रयोग है। दूसरी ओर, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार वैसे तो सुशासन बाबू के नाम से जाने जाते हैं लेकिन आजकल उन्हें पता नहीं क्या हो गया है। बिहार में क्या हो रहा है कौन मंत्री क्या बयान दे रहा है इस पर उनसे सवाल पूछो तो उन्हें कुछ पता ही नहीं होता। राजधानी पटना में छात्रों पर लाठीचार्ज होने पर जब उनसे सवाल पूछा जाता था तो वह कहते थे कि मुझे पता नहीं कहां लाठीचार्ज हुआ। मंत्री के विवादित बयान पर उनसे सवाल पूछा जाता तो वह कह देते हैं कि मैंने बयान देखा नहीं है। क्या ऐसे ही चलती हैं सरकारें हमारे मंत्री, मुख्यमंत्री कब यह बात समझेंगे कि जनता नासमझ नहीं है।

## कविता

### मुझ पर फेके गए पत्थर अपार मिले'

मुझ पर फेके गए पत्थर अपार मिले,  
फक्तियाँ,ताने सैकड़ों बन गले का हार मिले।

शौक रखता हूं भीड़ में चलने का मित्रो,  
कही ठोकरे,तो कही फूलों के हार मिले।

जीवन बिता यूँ आपा धापी में ही जरा,  
कही मीठे बोल तो कही कर्ण कटु प्रहार मिले।

आनंद तो जीवन में चलते जाना ही हैं  
कभी कहीं जीत मिले या गहरी हार मिले।

नए नए मुखौटे लगाये रोज मिलते है लोग,  
कई जिंदगी से खुश तो कई बेजार मिले।

आओ मिलते है गले प्यार और मनुहार से,  
ऐसी जिन्दगी,शाम शायद न बार बार मिले।

फिर यादो की गुनगुनी बारिश में भीग जाये,  
चाहत है,ऐसी मधहोश निशा बार बार मिले।

संजीव ठाकुर

## कर्म सदैव प्रधान होता है

**संजीव**

**जीवन** में लक्ष्य की प्राप्ति और सफलता के लिए मनुष्य को निरंतर कर्म की प्रधानता रखकर संयम तथा मनोबल भी रखना होगा इसके अलावा मनुष्य अपनी इच्छाओं का दास ना होकर उस पर नियंत्रण रख स्वामी बनने का प्रयास करना होगा तब सोची गई सफलता आपके सामने होगी' कठिन तथा विषम परिस्थितियों में मनुष्य को अपने मनोबल को सदैव विनम्रता,संयम और साहस के साथ ऊंचा रखना चाहिए।अपने द्वारा की गई मेहनत पर विश्वास एवं निरंतरता रखनी होगी। तब जाकर ही जीवन में सफलता के पल आपके सामने आएंगे ' निराशा, हताशा और हीन भावना को कठोर श्रम के बलबूते पर ही विजय प्राप्त की जा सकती है' जीवन में उतार-चढ़ाव, कठिन समय और विषम परिस्थितियां आती ही रहती हैं' संकट का समय विषम परिस्थितियां जीवन के अलग-अलग पहलू हैं ।इनसे जूझ कर जो मानव आगे बढ़ता है, वह उच्च मनोबल वाला साहसी व्यक्ति होता है। व्यक्ति के जीवन में साहस, उच्च मनोबल ही सफलता की कुंजी है। जिस भी व्यक्ति ने विषमताओं में रास्ता निकलने का साहस करके आगे बढ़ने का प्रयास किया है वही सफल हुआ है। हमेशा सफलता का मूल आत्मविश्वास, कठिन श्रम और उच्च आदर्श वाले व्यक्ति की प्रेरणा ही सफलता दिलाने वाली होती है। मनुष्य को कभी भी किसी भी परिस्थिति में मन से हार नहीं माननी चाहिए। उसे सदैव प्रयासरत रहकर परिश्रम तथा जुझारू पन से हर परिस्थिति का सामना कर सदैव अपने लक्ष्य के प्रति अग्रसर होते रहना चाहिए। मनुष्य को अपनी हर हार, हर पराजय से कुछ ना कुछ सीख लेनी चाहिए एवं इससे अनुभव प्राप्त कर फिर से खड़ा होने एवं उस पराजित मनोदशा से छुटकारा पाकर फिर से लड़ने की ऊर्जा एवं शक्ति प्राप्त करनी चाहिए, यह सफलता का बड़ा मंत्र है। सर्वप्रथम मनुष्य अपने मनोबल से किन्हीं भी परिस्थितियों को जीतने का साहस रखता है, इसीलिए मनोबल मनुष्य की पहली आवश्यकता है। मनोबल ही साहस को जन्म देता है और साहस, आत्मबल को और आत्मबल से ही मनुष्य किन्हीं भी परिस्थितियों से जूझना एवं टकराने की क्षमता पैदा करता है। जब मनुष्य के पास खोने के लिए कुछ ना हो तो वह निश्चिंत होकर साहस, क्षमता एवं संयम से आगे बढ़ने का प्रयास करता है, क्योंकि वह जानता है की पीछे पलट कर उसके पास खोने के लिए कुछ भी नहीं है, शिवाय आगे बढ़ने एवं सफलता के लिए अग्रसर होने के। मनुष्य का मनोबल एवं दृढ़ प्रतिज्ञा ही मनुष्य को सदैव आगे बढ़ते रहने की प्रेरणा देते रहते हैं। मनुष्य के जीवन का एक तथ्य और भी अत्यंत महत्वपूर्ण है वह है सकारात्मक सोच, जो उसे हमेशा आगे बढ़ने की ओर उत्साहित करती रहती है। सकारात्मक सोच एवं किसी भी परिस्थिति को अपने नियंत्रण में लाने की सुनियोजित योजना मनुष्य में आशाओं को भर देती है एवं परिस्थितियों को चुनौती देने की क्षमता का विकास करती है। यह मनुष्य ही है।

## विचार

### गठबंधन पर भारी उपलब्धियां

प्रेम शर्मा

**एक तरह से आ**गामी लोकसभा के लिए राजनैतिक दलों ने तैयारी शुरू कर दी है। एक तरफ 28 विपक्षी दलों का गठबंधन तो दूसरी तरफ तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की तैयारी में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने आगामी चुनाव को लेकर गोटिया जमाने शुरू कर दी है। दो बार प्रधानमंत्री के रूप में जिन उपलब्धियों को देश ने हासिल किया है उसके सामने विपक्षी दलों का गठबंधन फेल नजर आता है। 22 जनवरी को मयार्दा पुरूषोत्तम रामलला की प्रतिष्ठा के बाद हिन्दुत्व की लहर भाजपा के लिए किसी संजीवनीसे कम नही साबित होगी। उधर नीतिश की कुमार की विपक्षी गठबंधन के नेतृत्व को नकाराने के बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को अध्यक्ष पद पर सुशोभित किया गया है। ऐसे में इतना तो तय है कि 2024 के लोकसभा चुनाव में गठबंधन और उपलब्धियों के बीच मुकाबला होना है। विपक्षी गठबंधन महंगाई, बेरोजगारी जैसे कई अन्य मुद्दे को लेकर मैदान में उतरने की तैयारी कर रहा है। दूसरी तरफ भाजपा ने अपनी उपलब्धियों का पिटारा खोल दिया है। आगामी बजट भी भाजपा के लिए कारगर साबित होगा। आगामी बजट को लेकर केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को खास जिम्मेदारी सौपी गई है। राजनैतिक विशेषज्ञ कहते हैं कि भाजपा 2024 में 2019 से कम से 40 सीटें अधिक आने वाली हैं। इसके पीछे आधार के नाम पर पहला कारण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सशक्त छवि को बताते हैं। दूसरा बड़ा कारण भाजपा का बहुसंख्यक हितों को ध्यान में रख कर सांस्कृतिक, धार्मिक प्रयास जारी है। भगवान राम की 22 जनवरी 2024 को प्राण प्रतिष्ठा होगी। यूएई के अबू धाबी में मंदिर के उद्घाटन में प्रधानमंत्री जाएंगे। जबकि विपक्ष राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में जाने और न जाने को लेकर भ्रमित है। तीसरा बड़ा कारण प्रधानमंत्री किसी को भूखा नहीं सोने दे रहे हैं।

अब 2029 तक देश के 81.78 करोड़ गरीबों को पांच किलो अनाज मिलने का लक्ष्य रखा जा रहा है। एक्सप्रेस हाईवे पर लोगों की गाड़ियां दौड़ रही हैं। देश का चहुमुंखी विकास हो रहा है। देश के कोने-कोने में आम जनता खुद कह रही है कि देश की दुनिया में साख बढ़ी है।यही नही पिछले कुछ अरसे से चीन जैसे कई देशें की मीडियॉ में मोदी के नेतृत्व की खासी चर्चा ने मोदी सरकार को मजबूती दिलाई है।

ज्ञात हो कि लोकसभा चुनाव को लेकर विपक्षी धड़े इंडिया गठबंधन ने अपना अध्यक्ष चुन लिया है। इंडिया ग्रुप की वर्चुअल बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के नाम पर सहमति बनी है। ऐसे में अब यह तय हो गया है कि इंडिया ब्लॉक की कमान अब दलित नेता मल्लिकार्जुन खरगे के हाथ में होगी। विपक्षी धड़े की बैठक में सीटों के बंटवारे से पहले अध्यक्ष के नाम पर सहमति बन गई। इससे पहले बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को संयोजक बनाए जाने की चर्चा थी। हालांकि, नीतीश कुमार ने संयोजन का पद लेने से इनकार कर दिया। नीतीश ने कहा कि उन्हें किसी पद की लालसा नहीं है। विपक्षी दलों के नेताओं ने डिजिटल माध्यम से बैठक की और गठबंधन के विभिन्न पहलुओं और अप्रैल-मई में होने वाले लोकसभा चुनावों की तैयारियों पर चर्चा की गई। हालांकि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी), उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना और समाजवादी पार्टी (सपा) के नेता बैठक में शामिल नहीं हुए। बैठक में नेताओं ने बिहार के मुख्यमंत्री एवं जनता दल(यूनाइटेड) अध्यक्ष नीतीश कुमार को विपक्षी गठबंधन का संयोजक बनाने का भी फैसला किया, लेकिन अंतिम फैसला उन पार्टियों से परामर्श करने के बाद लिया जाएगा, जिनके प्रतिनिधि बैठक में मौजूद नहीं थे। आगामी लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से मुकाबला करने के लिए इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस (इंडिया) के बैनर तले 28 विपक्षी दल एक साथ आए हैं। वैसे देखा जाए तो देश के कई राज्यों में गैर भाजपा सरकार है लेकिन क्या उन राज्यों में बेरोजगारी और महगाई का ग्राफ कम हुआ है। इन सब परिस्थितियों के चलते गठबंधन को अपनी बॉत जनता तक पहुचाने में काफी दिक्कत होगी।


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**  
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**  
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**  
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

### अक्षरों की तरह हम

डॉ. सुरेश कुमार

किसी को भी पूछ लो कि अंग्रेजी में कितने अक्षर होते हैं तो वे फट से बता देते हैं झ छब्बीस। हिंदी में ऐसा नहीं है। कोई कहता है यह अक्षर संयुक्ताक्षर है इसे वर्णमाला में नहीं गिनना चाहिए। कोई कहता है अं, अः अयोगवाह है इसलिए इन्हें स्वर के रूप में स्थान नहीं देना चाहिए। बारहखड़ी लिखते समय ऋ की मात्रा का उपयोग करते हैं। ऋ की मात्रा का उपयोग करने से वह तेरहखड़ी हो जाती है। फिर भी कहने को बारहखड़ी ही कहते हैं। हो सकता है कि इसके पीछे भाषाई कारण हो, फिर भी सामान्य लोगों के पल्ले यह बात कैसे पड़ेगी? हिंदी अक्षरों को लेकर शुरू हुई बातचीत बेनतीजा रही। सभी मित्र रात होते ही अपने-अपने घर लौट गए। मैं भी लौट आया। उस रात मैं भी सोचने लगा कि मित्रों की बात में दम तो है। अंग्रेजी की तरह हिंदी अक्षरों की संख्या एकदम सुलझी हुई क्यों नहीं है? हो सकता है यह मेरा हिंदी भाषाई ज्ञान के प्रति अज्ञान का परिणाम है, फिर भी मैं संशय में था। यही सब सोचते-सोचते मैं सो गया। सपने में अक्षरों की महासभा शुरू हुई। मानो ऐसा लगा जैसे सारे स्वर हाथ बाँधे व्यंजनों के सामने याचनार्थी के रूप में खड़े थे। अनुस्वार और विसर्ग को तो मानो कोई पूछने वाला ही न था। वे तो कोने में पड़े-पड़े रो रहे थे। साथ ही अपने भाग्य पर खुशी मना रहे थे कि लुप्त होते अक्षरों की सूची से बाल-बाल बचते रह गए। किंतु लुप्त होते अक्षरों की याद रह-रह कर आती और बदले में जब-तब आँसू बहा देते। कुछ अक्षर तो अपने बदलते आकारों और उच्चारणों को लेकर भीतर ही भीतर कूढ़ते जा रहे थे। मानव उच्चारण के आगे अपनी निस्साहयता को लेकर अपनी दुस्थिति पर रो रहे थे। अंतस्थ अक्षर अपने अंतर में झाँककर अपने खोखलेपन को ढूँढ़ने की लाख कोशिश कर रहे थे। दुर्भाग्य से उनका अंतस्थ अब अंत की कगार पर आ चुका था। अघोष सघोष के दबाव में बिखरते जा रहे थे, जबकि सघोष अपने में रह-रहकर पागलों की तरह बतिया रहे थे। सरल अक्षर अपनी सरलता का खामियाजा तो संयुक्ताक्षर अपनी संयुक्तता की खिचड़ी संस्कृति से कराह रहे थे। अनुनासिक अपने स्वामी की नाक की इज्जत बनाये रखने के लिए नथुनी फुला-फुलाकर अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे थे।

### निर्विवादित होनी चाहिये 'प्राण प्रतिष्ठा

तनवीर जाफरी

**अयोध्या में** मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम चंद्र जी की मूर्ति की बहु प्रतीक्षित प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होना प्रस्तावित है। वैसे तो सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 9 नवंबर 2019 को अयोध्या विवाद पर अपना अंतिम फैसला सुनाए जाने के बाद जब अयोध्या की 2.77 एकड़ विवादित भूमि राम जन्मभूमि मंदिर बनाने के लिए भारत सरकार द्वारा एक ट्रस्ट बनाकर उसे सौंपने का आदेश दिया था उसी समय राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण का रास्ता प्रशस्त हो गया था।

साथ ही अदालत ने उसी समय यह आदेश भी जारी किया था कि सरकार ध्वस्त की गयी बाबरी मस्जिद के बदले दूसरी मस्जिद बनाने के लिए उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक़्फ बोर्ड को किसी अन्य स्थान पर वैकल्पिक 5 एकड़ जमीन भी दी जाये। वैसे भी सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 9 नवंबर 2019 को अयोध्या विवाद पर दिये गये फैसले से पूर्व भी दशकों से यह स्पष्ट ही था कि आज नहीं तो कल उस विवादित स्थान पर मंदिर निर्माण ही होगा। सुप्रीम फैसले से पूर्व के दो लक्षण तो कम से कम इसी ओर इशारा कर रहे थे। एक तो 'बाबरी मस्जिद ' में मुसलमानों का दशकों से नमाज अदा न करना और इस इमारत के प्रति निष्क्रिय हो जाना। क्योंकि इस्लाम धर्म किसी भी ऐसे स्थान पर नमाज पढ़ने की इजाजत नहीं देता जो जगह विवादित हो। और दूसरे अदालती फैसला आने से दशकों पहले से ही अयोध्या के कार सेवक पुरम में राम जन्म भूमि की इमारत से सम्बंधित पत्थरों को तराशने का काम निरंतर जारी रखना। बहरहाल अयोध्या विवाद पर दिये गये सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बाद सरकार ने आनन-फानन में एक 15 सदस्यीय ट्रस्ट का गठन किया। सरकार ने इसमें अपनी मर्जी से अपनी पसंद के लोगों को ट्रस्टी बनाया। जिसमें अधिकांश लोग आर एस एस व विश्व हिन्दू परिषद से जुड़े या इसी विचारधारा के लोग हैं। अब यही ट्रस्ट न केवल मंदिर का निर्माण कर रहा है बल्कि इसी ट्रस्ट ने भगवान श्री राम चंद्र जी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के लिये भी 22 जनवरी का दिन भी निर्धारित कर दिया है। परन्तु अफसोस की बात यह है कि भारत वर्ष के सबसे प्रतिष्ठित,पूज्य,आदरणीय व स्वीकार्य भगवान श्री राम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम जितना ही निर्विवाद,सर्वमान्य व सर्व स्वीकार्य होना चाहिये।

न्यूज फ्लैश

## हरपाल ढांडा ने 28 करोड़ 50 लाख ड्रेन न 1 का शनि मंदिर काबड़ी से रेलवे लाइन सैनी कॉलोनी तक ड्रेन का शिलान्यास किया



**पानीपत/कमाल हुसैन**
ग्रामीण विधायक महिपाल ढांडा के बड़े भाई हरपाल ढांडा ने 28 करोड़ 50 लाख ड्रेन न 1 का शनि मंदिर काबड़ी से रेलवे लाइन सैनी कॉलोनी तक ड्रेन का शिलान्यास किया। सैनिक कॉलोनी में पहुंचने पर हरपाल ढांडा का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। हरपाल ढांडा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सरकार देश को विकास की ले जाने वाली सरकार है जितने विकास कार्य आज तक भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने करवाए हैं इतने विकास कार्य आज तक जिले के साथ साथ प्रदेश में कहीं भी नहीं हुए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण विधानसभा में चहुंमुखी विकास कार्य विधायक महिपाल द्वारा करवाए गए हैं। विधायक का एक ही सपना है ग्रामीण एरिया में किसी भी चीज की कमी ना रहे जनता को परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि ट्रेन का कार्य से पानी की निकासी की समस्या भी दूर हो जाएगी।इस अवसर पर राजपाल हरिनगर , कपिल राणा, अर्जुन शर्मा , अमित राणा , राहुल पाठक, प्रदीप गोस्वामी अशोक राठौर, धर्मबीर सुभाष शर्मा सोनू सरपंच काबड़ी परदीप अग्रवाल,पप्पू पूर्व सरपंच गढ़ी सिकन्दरपुर सरपंच , विक्की रावल इंद्र चौहन प्रदीप चौहान मौजूद रहे।

## एचपीवी वैक्सीन: सर्वाइकल कैंसर पर जीत के एक नए युग की शुरूआत

**गाजियाबाद ।** सर्वाइकल कैंसर जागरूकता महीना ऐसे समय में आया है जबकि पूरी दुनिया कोविड-19 महामारी से उबरने की कोशिश कर रही है। यह बहुत ही जरूरी है कि हम एचपीवी टीकाकरण, जांच की सुविधाएं और कैंसर की शुरूआती अवस्था में इलाज और सर्वाइकल कैंसर से निपटने का तरीका सभी के लिए उपलब्ध करवाकर एक स्वस्थ समाज बनाएं। ह्यूमन पेपिलोमा वायरस या एचपीवी जननांगों को सबसे ज्यादा प्रभावित करने वाला वायरस है जो कई तरह का होता है। हालांकि एचपीवी का संक्रमण कुछ ही महीनों में बिना कुछ किए अपने-आप ही खत्म हो जाता है, लेकिन अगर इस संक्रमण का थोड़ा-सा भी हिस्सा शरीर में रह जाए तो वह सर्वाइकल कैंसर का कारण बन जाता है। इस बीमारी की रोकथाम और इलाज संभव है लेकिन फिर भी पूरी दुनिया में कई महिलाएं इसके कारण बहुत कष्ट झेलती हैं। हर साल, भारत और दुनिया के अन्य देशों की करीब 12000 महिलाएं सर्वाइकल कैंसर से पीड़ित होती हैं। करीब 80 प्रतिशत व्यक्तियों को उनके जीवन में किसी न किसी समय इस वायरस का संक्रमण होता है, जिन लोगों में इस वायरस के खतरनाक वैरिएंट का संक्रमण होता है उनमें कैंसर होने की आशंका बढ़ जाती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इसके लिए टीकाकरण, जांच और इलाज के लक्ष्य तय किए हैं जिसे विभिन्न देशों को 2030 तक हासिल करना है ताकि सर्वाइकल कैंसर को जड़ से मिटाया जा सके। फिलहाल भारत में तीन वैक्सीन उपलब्ध हैं। हाल ही में अपनी तरह का पहला एचपीवी वैक्सीन सर्ववैक भी इसमें जुड़ गया है। इसे भारत सरकार और सीरम इंस्टिट्यूट ऑफ इंडिया ने मिलकर तैयार किया है। सीरम इंस्टिट्यूट ऑफ इंडिया दुनिया की सबसे बड़ी वैक्सीन निमार्ता कंपनी है। सर्ववैक क्वाडरिवलेन्ट वैक्सीन है जो एचपीवी जीनोटाइप से सुरक्षा मुहैया कराता है। यह एचपीवी 16 और 18 से भी सुरक्षा देता है जिनके कारण सर्वाइकल कैंसर के 70 प्रतिशत मामले देखे जाते हैं। इसकि कीमत भी ज्यादा नहीं है और यह प्रभावी होने के साथ ही सुरक्षित भी है।



सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम हो सकती है, इसका इलाज भी है, यह ठीक भी होता है और अगर शुरूआती अवस्था में ही इसकी पहचान कर ली जाए और ठीक से इलाज किया जाए तो आगे भी बेहतर जीवन जिया जा सकता है। वैक्सीन फॉर चिल्ड्रन (वीएफसी) प्रोग्राम के जरिए बच्चों का टीकाकरण करने से एचपीवी को रोकने के लिए टीकाकरण में बड़ी मदद मिल सकती है और इससे भविष्य में आने वाले सर्वाइकल कैंसर के मामले भी कम हो सकते हैं।

# मकर संक्रांति के अवसर पर सिरसगढ़ पहुंचे बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**भाजपा प्रदेश** अध्यक्ष नायब सिंह सैनी ने मकर संक्रांति के अवसर पर भगवान वाल्मीकि आश्रम सिरसगढ़ में माथा टेकने के लिए पहुंचे। उन्होंने इस दौरान भगवान वाल्मीकि मंदिर में माथा टेक कर आशीर्वाद ग्रहण किया तथा समस्त प्रदेशवासियों के सुख समृद्धि की मंगल कामना की । इस मौके पर संस्था के पदाधिकारी, समाज के लोगों के साथ-साथ पंच सरपंच व अन्य लोगों ने उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान संस्था के पदाधिकारियों ने प्रदेशाध्यक्ष को सम्मान की प्रतिक पगड़ी पहनाकर व शाल भेंटकर उनका अभिन्नदन किया।

नायब सिंह सैनी ने इस मौके पर कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आहवान पर 14 जनवरी से 22 जनवरी तक देश के सभी मन्दिरों एवं अन्य पूजा घरों में स्वस्छता अभियान चलाया जा रहा हैं। इसी कड़ी में आज मुलाना स्थित वाल्मिकी मंन्दिर से इसकी शुरूआत की गई हैं। इस मौके पर प्रदेशाध्यक्ष नायब सिंह सैनी, पूर्व विधायक राजबीर सिंह बराड़ा, भाजपा उपाध्यक्ष बंतो कटारिया व संस्था के अन्य पदाधिकारियों ने मन्दिर में स्वच्छता अभियान चलाकर सफाई भी की। श्री नायब सिंह सैनी ने इस मौके पर यह भी बताया कि 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्री राम विराजमान होने जा रहें हैं। इसके लिए देश के सभी मंन्दिरों में व अन्य पूजा घरों में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है, जिसके लिए कार्यकत्राओं के साथ-साथ अन्य को जिम्मेवारी भी सौंपी गई हैं। उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वजों का सपना साकार हो रहा है और 22 जनवरी को बड़े जोश व उत्साह के साथ अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन हो रहा है



जिसको लेकर सभी उत्साह व खुशी का माहौल हैं।

इस अवसर पर संस्था के वरिष्ठ पदाधिकारी मोहन प्रोचा व प्रधान शैलेंद्र झाड़ू माजरा तथा सोनिया प्रोचा जिला उपाध्यक्ष महिला मोर्चा अंबाला ने उन्हें मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से उन्होनें बताया कि 22 जनवरी 2024 को अयोध्या धाम में श्री राम मन्दिर में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर प्रत्येक भारतवासी में उत्साह, उमंग व खुशी का वातावरण हैं। इस पल को लेकर सभी में खुशी का माहौल हैं। भगवान वाल्मिकी शिक्षा प्रचार समिति ने ज्ञापन के माध्यम से मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश की तरह हरियाणा में भी 22 जनवरी को अवकाश घोषित किया जाए ताकि सभी लोग अपने परिवार सहित घरों में बैठकर अयोध्या धाम से श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का सीधा प्रसारण देख सके।

## श्रीराम मंदिर का निर्माण होते देखना सौभाग्य की बात :



**सोनीपत :** भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित बिंदल ने खरखौदा के बाद अब गन्नौर में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा आमंत्रण यात्रा निकाली, जिसमें सैंकड़ों रामभक्त शामिल हुए। यह यात्रा गन्नौर नगर पालिका गेट से लेकर एन.एच.-44 तक निकाली गई। इस दौरान श्रीराम के जयकारे लगाए गए। रामभक्तों को संबोधित करते हुए अमित बिंदल ने कहा कि अयोध्या में सैंकड़ों वर्षों की लड़ाई के बाद जीत हासिल हुई और अब श्रीराम लला अपने निर्धारित स्थान पर अपने भव्य मंदिर में विराजमान होने जा रहे हैं। यह सौभाग्य की बात है कि हम अपने सामने राम मंदिर का निर्माण पूरा होते देख रहे हैं। सदियों बाद ऐसा अवसर आया है। अयोध्या में इतिहास रचा जा रहा है और धर्म की स्थापना होने जा रही है। उन्होंने कहा कि यह काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृढ़ संकल्प के कारण ही संभव हो पाया है। यही कारण है कि देश-दुनिया के रामभक्त नरेंद्र मोदी का भी आभार जता रहे हैं। अमित बिंदल ने बताया कि 22 जनवरी से पहले वे सोनीपत की हर विधानसभा में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा आमंत्रण यात्रा निकालेंगे। खरखौदा व गन्नौर में यात्रा निकाली जा चुकी है।

## 'जींद बदलाव जनसभा मे अपने साधन से जाने का दिया आश्वासन'

**पानीपत,कमाल हुसैन**
यह बदलाव रैली अरविंद केजरीवाल द्वारा हरियाणा चुनाव अभियान की शुरूआत मानी जा रही है यह बदलाव जनसभा महारैली हरियाणा में बढ़ती महंगाई बेरोजगारी महिला सुरक्षा और मूलभूत सुविधाओं की कमी को उजागर करने के लिए की जा रही है। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सासंद डॉ संदीप पाठक के आदेशानुसार हर गावँ मे इस बदलाव रैली का न्योता पहुंचना है सभी गांव के मेम्बर कमेटी सचिव अध्यक्ष के जिम्मे निमंत्रण देना लगाया गया है। आज प्रदेश सह सचिव सुखवीर मलिक ने गावँ बारणा मे ग्राम सचिव अशोक त्यागी सतपाल बराना और जिनको गांव की जिम्मेवारी दी गई है।

# सैनी सभा का 90 वा स्थापना दिवस एवं महाराजा

~~ममता गर्ग ने अपने साथियों के साथ अरविंद की नीतियों से प्रभावित होकर आम आदमी पार्टी ज्वाइन की~~

**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा**
**नारनौल।** मकर संक्रान्ति पर्व पर सैनी सभा प्रांगण में 90वां "सैनी सभा स्थापना दिवस"एवं "महाराजा शूर सैनी जयंती "समारोह रेवाड़ी रोड स्थित सैनी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में सफल आयोजन सम्पन्न हुआ। सुनील परिहार समाजसेवी बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे।समारोह अध्यक्ष श्रीमती कमलेश सैनी अध्यक्ष नगर परिषद नारनौल रही। श्री राजेंद्र सैनी सैनी नगर पार्षद ने सभी आगंतुकों के साथ दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। कार्यक्रम में त्रिलोक सैनी समाजसेवी ने ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम में विशेष रूप से



आमन्त्रित अतिविशिष्ट बिशन लाल सैनी विधायक रादौर जिन्होने अपने वक्तव्य के माध्यम से समाज सुधार तथा सामाजिक तौर पर दान देने के लिए प्रेरित किया। समाज को बुलंदियों पर ले जाने के लिए सरकार में स्पेशल सैनी समुदाय के लिए भागीदारी होनी चाहिए उन्होंने सैनी सभा द्वारा किए प्रयासों की सराहना करते हुए अपने राजनीतिक जीवन को समाज के मध्य सांझा किया। इस अवसर पर भारती सैनी पूर्व चैयरपर्सन नगर परिषद नारनौल, श्री अरविंद सैनी सह संयोजक बीजेपी आई०टी० सेल, रामावतार सैनी विधायक नूरपुर यूपी, कर्मवीर सैनी प्रवक्ता भारतीय जनता पार्टी जींद, पालाराम सैनी कैथल, सतवीर सैनी पूर्व अध्यक्ष जिला योजना बोर्ड नवा शहर पंजाब, रमेश सैनी प्रदेश अध्यक्ष ओबीसी सेल कांग्रेस परमेश्वर लाल सैनी सबलगढ़ नरेश सैनी पूर्व विधायक सहारनपुर, चरण सिंह सैनी पूर्व सांसद, होशियारपुर छोटेलाल सैनी गंगापुर सिटी राजेंद्र गहलोत पूर्व अध्यक्ष जोधपुर, भागचंद विधायक बांदीकुई , परमेश्वर लाल सैनी भाजपा नेता यूपी कर्मवीर सैनी परदेश प्रवक्ता भारतीय जनता पार्टी, राजेंद्र सुमन सैनी पूर्व प्रत्याशी बीएसपी कोटा, महेंद्र सैनी अजीतगढ़, महेंद्र सैनी उद्योगपति भिवाड़ी एवं समाज के बाहर से आए हुए गणमान्य बुजुर्ग व युवा साथी मौजूद रहे।कार्यक्रम

## शहीद हुए वीर सपूतों को श्रद्धांजलि दी



**पानीपत/कमाल हुसैन**
शहर के युद्ध स्मारक काला आम्ब में रविवार को ब्राह्मण सभा के जिला प्रधान राम रतन शर्मा ने सुबह-सुबह पहुंचकर पानीपत की तीसरी लड़ाई में शहीद हुए वीर सपूतों को श्रद्धांजलि दी। राम रतन शर्मा ने कहा कि 14 जनवरी के दिन महाराज पेशवा ने मराठों की सेना के साथ युद्ध के लिए हवन यज्ञ किया था। यह लड़ाई मराठों व अहमद शाह अब्दाली के बीच लड़ी गई थी। इस लड़ाई को पानीपत की तीसरी लड़ाई के नाम से जाना जाता है। प्रधान रतन शर्मा ने कहा कि बातचीत के बावजूद भी प्रशासन व सरकार ने ब्राह्मण समाज को आज काला आम्ब पर सरकार की तरफ से आयोजित समारोह में नहीं बुलाया गया। इसलिए अब ब्राह्मण समाज को जागरूक होकर भविष्य में सभी 36 बिरादरी के लोगों को साथ लेकर पर यहां पर गैर सरकारी भव्य कार्यक्रम का आयोजन करना पड़ेगा। तभी हमारे युवाओं व बच्चों को अपने योद्धाओं के बारे जानकारी मिलेगी।

## जवाहर नगर में मनाया गया लोहड़ी पर्व

**टीम एक्शन इंडिया / दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़ ।** हर वर्षों की भांति इस वर्ष भी पंजाबी सभा महेंद्रगढ़ की ओर से मौहल्ला जवाहर नगर में स्थित पंजाबी धर्मशाला प्रांगण में लोहड़ी का पर्व बहुत ही धूमधाम से मनाया गया । कार्यक्रम के दौरान अग्नि के चारों तरफ चक्कर लगाकर उसमें रेवड़ी, मूंगफली, गजक इत्यादि शुष्क मेवा पकवान का भोग लगाकर सुंदरी मुंदरी और लोहड़ी के गीत गाए गए तथा श्री राम प्रचार मंडल के द्वारा पंजाबी धर्मशाला में सुंदरकांड पाठ का आयोजन भी करवाया गया। इस



दौरान वार्ड पार्षद ममता सोनी धर्मपत्नी श्री अश्विनी सोनी के द्वारा सीमेंट मसाले से बनी हुई 4 सीट अपने निजी कोष में से वार्ड वासियों एवं राहगीरों के प्रयोग के लिए दान में दी गई ।
इस अवसर पर नगर पालिका प्रधान रमेश सैनी ,पंजाबी सभा के प्रधान सुरेश अरोड़ा, सचिव अश्विनी सोनी ,पूर्व प्रधान सुभाष गांधी, रवि अरोड़ा, राजेन्द्र मक्कड़,यशपाल गांधी ,राजेंद्र ढींगरा एवं प्रवक्ता अमरसिंह सोनी सहित अनेक भक्तगण उपस्थित थे।

## 349 लोगों ने उठाया नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच कैंप का लाभ

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला** (मनीष कुमार) पं. केदारनाथ शर्मा चैरिटेबल अस्पताल एवं ट्रस्ट की तरफ से इस बार निशुल्क मेडिकल स्वास्थ्य चेकअप कैंप कम्युनिटी सैंटर, गांव उगाड़ा में लगाया गया। कैंप में ब्लड शूगर, यूरिक एसिड टेस्ट, लिपिड प्रोफाइल टैस्ट, एच.बी. टेस्ट निशुल्क किए गए साथ ही परिवार आयुष्मान कार्ड, पहचान पत्र, ई - श्रम कार्ड भी मौके पर ही बनाए गए। कैंप में पूर्व केंद्रीय मंत्री पं. विनोद शर्मा ने विशेष रूप से शिरकत की। इस अवसर पर गांव की सिंह सभा ने पं. विनोद शर्मा को सरोपा डालकर सम्मानित किया। इस अवसर पर गांव के मौजूदा सरपंच तरसेम सिंह ने गांव के हालातों बारे पं. विनोद शर्मा को अवगत करवाया। पं. विनोद शर्मा ने कैंप में डाक्टरों से भी उनका हालचाल पूछा व कैंप में आने के लिए उनका तहेदिल से धन्यवाद किया। कैंप में एल.जे. आई अस्पताल से नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. रिद्दी रायचूरा ने 113 लोगों की आंखों को चैक किया।

# मकर संक्रांति के त्यौहार का आयोजन किया

**पानीपत/कमाल हुसैन**
**आईबी** महाविद्यालय में संस्कारशाला क्लब, रोड सेफ्टी क्लब,एनसीसी, एनएसएस इकाई द्वारा मनाये जा रहे 35वें राष्ट्रीय सडक सुरक्षा सप्ताह के तहत आज स्टाफ मेंबर्स ने मकर सक्रांति के त्यौहार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ एल.एन.मिगलानी महासचिव गवर्निंग बॉडी, मैनेजमेंट मेंबर रमेश नागपाल, रवि गोसाई, युधिष्ठिर मिगलानी एवं प्राचार्य डॉ. अजय गर्ग ने किया। डॉ.गर्ग ने बताया की संस्कारशाला क्लब, एनसीसी, एनएसएस और रोड सेफ्टी क्लब एवं सभी स्टाफ के सदस्यों ने जरूरतमंदों के लिए दाल और चावल के 1 किलो 500 ग्राम के 100 पैकेट बनाए हैं। उन्होंने कहा



कि इस दिन से सूर्य देव उत्तर दिशा की ओर बढ?ा शुरू कर देते हैं इसलिए कहीं कहीं मकर संक्रांति को उत्तरायण भी कहते हैं। संस्कार शाला के संयोजक प्रो.अश्वनी गुप्ता ने बताया की दाल चावल के बनाए गए पैकेट असंध पुल के नीचे बैठे हुए जरूरतमंदों को वितरित किए गए और साथ ही साथ बस स्टैंड के पास बने हुए रोटी बैंक को भी दिए गए। इस अवसर पर एनएसएस प्रभारी डॉ. जोगेश, एनसीसी प्रभारी डॉ. राजेश, रोड सेफ्टी क्लब के संयोजक प्रो.पवन कुमार, डॉ.रामेश्वर दास, डॉ.निधान सिंह, प्रो.अजय पाल, डॉ. सुनीता,प्रो. विनय भारती, प्रो. अंजली गुप्ता, राम मेहर शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## पितृत्व लाभ योजना: 21 हजार रूपए की आर्थिक सहायता-उपायुक्त

**सोनीपत:** उपायुक्त ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा श्रमिक वर्ग के लिए विभिन्न योजनाओं चलाई गई हैं। असंगठित क्षेत्र के पंजीकृत श्रमिकों के लिए हरियाणा पितृत्व लाभ योजना शुरू की गई। इस योजना के तहत सभी पंजीकृत श्रमिकों के बच्चों के जन्म पर 21 हजार रुपए की वित्तीय सहायता दी जाएगी। इस योजना के लाभ लेने हेतु सभी असंगठित वर्ग के श्रमिकों का पंजीकरण होना आवश्यक होगा। इसके बाद वो हरियाणा पितृत्व लाभ योजना में आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें योजना की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर आवेदन करना होगा।

# ब्रह्मपुरी अन्नक्षेत्र में श्रीमद् भागवत कथा का हुआ समापन

### श्रीमद् भागवत कथा में अनेक संत महापुरूषों ने लिया भाग

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** ब्रह्मपुरी अन्नक्षेत्र आश्रम ट्रस्ट की ओर से आयोजित श्रीमद् भागवत कथा का बहुत ही श्रद्धापूर्वक समापन अग्रसेन भवन पश्चिम विहार नई दिल्ली में किया गया। ट्रस्ट के संस्थापक और संचालक त्यागमूर्ति चिरंजी पुरी जी महाराज की अध्यक्षता में आचार्य भरत महाराज ने श्रीमद् भागवत गीता का बहुत ही सुंदर गुणगान किया। कथा समापन कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष राजेश गोयल ने की और वी. एस. पी. के. स्कूल के चेयरमैन एस. के. गुप्ता मुख्य यजमान के रूप में उपस्थित रहे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से इंद्रेश कुमार व इस



संस्था के चेयरमैन और राज्यसभा सांसद सुशील गुप्ता ने विशेष रूप से उपस्थित हुए।सात दिन चली कथा में कुरुक्षेत्र स्थित शक्तिपीठ श्री देवीकूप भद्रकाली मंदिर के पीठाध्यक्ष सतपाल शर्मा, श्री अखंड गीतापीठ शाश्वत सेवा आश्रम ट्रस्ट कुरुक्षेत्र के संस्थापक डा. स्वामी शाश्वतानंद गिरि, गीता ज्ञान संस्थानम से महामंडलेश्वर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज, अक्षरधाम मंदिर दिल्ली के मुख्य व्यवस्थापक मुनि वत्सल दास, बाबा मस्तनाथ स्थल बोहर रोहतक के संस्थापक महंत बालक नाथ इत्यादि अनेक संत पहुंचे। सात दिन तक चली इस भागवद् कथा में व्यासपीठ से आचार्य भरत जी महाराज ने कृष्ण कथा और कृष्ण लीलाओं का वर्णन कर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

**मंत्रमुग्ध**

8 अध्यक्षता में आचार्य भरत महाराज ने श्रीमद् भागवत गीता का बहुत ही सुंदर गुणगान किया

# 'मेहनत कभी विफल नही जाती जो बच्चा पढ़ेगा वह जरूर कामयाब होगा'

### मंत्री ओमप्रकाश यादव ने गांव बडकोदा में 21 प्रतिभावान बच्चों को किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया /संजय शर्मा**
**नारनौल।** उप मंडल के गांव बड़कोदा में गांव के किसी भी क्षेत्र में प्रतिभावान बच्चे रहे उनके सम्मान में गांव पंचायत की तरफ से प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में मुख्य अतिथि प्रदेश के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओम प्रकाश यादव रहे। मंत्री ओम प्रकाश यादव ने गांव के 21 लड़के लड़कियों को उनके द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट स्थान पाने के लिए सम्मानित किया साथ ही प्रत्येक बच्चे को 11 हजार रुपए का अनुदान देने की घोषणा। उन्होंने कहा कि गांव पंचायत द्वारा यह एक बहुत अच्छी पहल है



जिसमें गांव के होनहार लड़के लड़कियों को सम्मानित किया जा रहा है। इस सम्मान से इन बच्चों का हौसला बढ़ेगा साथ ही गांव के उन बच्चों को भी आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा जो अपनी पढाई अपने-अपने क्षेत्र में कर रहे हैं उनमें भी इस बात की लालसा जागेगी की एक दिन वह भी गांव में सम्मानित होंगे। उन्होंने कहा कि मेहनत कभी विफल नही जाती जो बच्चा पढ़ेगा वह जरूर कामयाब होगा। भाजपा शासनकाल में योग्यता के आधार पर नौकरियां मिल रही है। अमीर और गरीब में नौकरी के लिए कोई भेद भाव नही है पहले के शासनों में लोगों को अपने गहने गिरवी रख कर अपने बच्चों को नौकरी के लिए पैसे देने पडते थे। मंत्री ओम प्रकाश यादव ने कहा कि गांव के प्रतिभावान लड़के लड़कियों को वे मकर संक्रांति के पावन पर्व पर सम्मानित कर बड़ा गर्व महसूस कर रहे हैं कि आज का युवा कल का भविष्य है साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। इस मौके पर सरपंच प्रतिनिधि राजेंद्र यादव सरपंच पूनम यादव जितेंद्र डीपी नरेश शर्मा हनुमान मास्टर कृष्णा नंबरदार शिवदत्त सहित भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे ।

**सम्मान**

8 प्रत्येक प्रतिभावान बच्चे को अपने कोष से 11 हजार रुपए मंत्री ओमप्रकाश यादव देने की घोषणा की

# माघी मेले में सोनालीका ने लांच की ट्रेक्टरों की सीरीज

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
सोनालीका ट्रैक्टर्स ने किसानों को और अधिक सशक्त करने की दिशा में वार्षिक पर्व माघी मेला 2024 में अपने ट्रैक्टरों की नई सीरीज लांच की है। मेले में कंपनी ने सीआरडीएस तकनीक युक्त सोनालीका सिकंदर डीएलएक्स डीआई65 4डब्ल्यूडी और सोनालीका सिकंदर डीएलएक्स डीआई 55 थ्री को लांच किया। इस अवसर पर कंपनी ने टाइगर डीआई 65 4डब्ल्यूडी सीआरडीएस, सोनालीका डीआई 745 4डब्ल्यूडी पोटैटो स्पेशल और टाईगर डीआई 55 थ्री को भी प्रदर्शित किया जहां किसान कंपनी द्वारा पेश की जा रही नवीनतम तकनीकों से अवगत हुये। नया लांच किया गया ट्रेक्टर पर्यावरण मैत्री,



ट्रेम स्टेज 4 कॉम्प्लायंस पावरफुल 65 एचपी ट्रैक्टर है जो कि तीन मोड - पावर, नार्मल और इको मोड में डिजाईन किया गया है। यह चार सिलेंडर 4712 सीसी इंजन से युक्त है जो कि 278 एनएम का टॉर्क प्रदान करता है और साथ ही 2200 किलो की 5 जी हाइड्रोलिक क्षमता रखता है। वहीं दूसरी ओर सिकंदर डीएलएक्स डी 55 थ्री तीन सिलेंडर 3532 सीसी इंजन युक्त है जोकि 235 एनएम का टॉर्क जेनरेट करता है। यह ट्रैक्टर किसानों को पेश आने वाली चुनौतियों से निदान प्रदान करवाता है। कंपनी के प्रेजीडेंट व सेल्स एंड मार्केटिंग प्रमुख विवेक गोयल ने बताया कि हर वर्ष माघी मेला सोनालीका को अपनी तकनीकी क्षमता प्रदर्शित करवाने का मौका प्रदान करता है और किसान वर्ग भी नई तकनीकों के विषय में अवगत होते हैं। कंपनी के वाइस प्रेसिडेंट व डिविजनल बिजनेस हेड कुलदीप सिंह ने कहा कि यूरोप में डिजाईन किये गये यह ट्रेक्टर्स किसानों को भरपूर परिणाम प्रदान करेगा जिससे की उनकी उत्पादन क्षमता बढेगी।

# भारत आर्थिक शक्ति के साथ-साथ आध्यात्मिक शक्ति भी बना: सिंधिया

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक भारत श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना को किया सरकार





**समालखा ( कुलदीप सिंह ) प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने विश्व पटल पर भारत को आर्थिक शक्ति के साथ-साथ आध्यात्मिक शक्ति के रूप में भी प्रस्तुत किया है जिससे भारत की साख विश्व मानचित्र पटल पर बढ़ी है। हम सब को चाहिए कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प को साकार करने के लिए एकजुटता के साथ अपना योगदान दें। यह बात केंद्रीय इस्पात एवं नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने रविवार को पानीपत के ऐतिहासिक स्थल काला आंब पर आयोजित शौर्य दिवस कार्यक्रम के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कही।

ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक भारत श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना को साकार करते हुए वसुधैव कुटुंबकम के नाते पूरे देश को एक सूत्र में पिरोने का काम किया है। विविधता में अनेकता होते हुए भी एकता का काम किया है। यही कारण है कि आज पूरे विश्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शिता को सराहा जा रहा है। उन्होंने कहा कि हम सब की अपने वीरों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि हम सब मिलकर प्रधानमंत्री की सोच को और उनकी विचारधारा को आगे बढ़ाएं। प्रधानमंत्री के राष्ट्र के प्रति लिए गए संकल्प को साकार करने में उनका सहयोग करें। सिंधिया ने कहा कि उन्हें इस बात का गर्व है कि वे एक ऐसे वीर परिवार से हैं जिन्होंने इस राष्ट्र के लिए अपनी शहादत दी। उन्होंने कहा कि पानीपत की लड़ाई में उनके 16 वंशजों ने अपना योगदान दिया। उनके पूर्वज महाराज जी सिंधे ने हिंदू राष्ट्र की परिकल्पना को साकार करते हुए 1771 से लेकर 1803 तक लाल किले पर भगवा फहराकर राज किया और उन्होंने जाट, गुर्जर, आदिवासी, राजपूत व अन्य समाजों को मिलाकर फौज ए हिंद की स्थापना की। वह विदेशी ताकतों से कभी नहीं डरे। ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि पानीपत वीरों की भूमि रही है और पानीपत के लोग उनके लिए परिवार के सम्मान हैं। उनका पानीपत के साथ एक भावनात्मक और अटूट रिश्ता है। करनाल लोकसभा सांसद संजय भाटिया ने कहा कि वीर मराठों ने देश की अखंडता के लिए हजारों किलोमीटर दूर आकर यहां लड़ाई लड़ी।

# चौ.सुरजेवाला के अभिनंदन समारोह को सफल बनाने पर सभी का धन्यवाद: स्वीटी

**आभार**

8 मिहा सिंह रंगा की जोड़ी कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने में आपका आशीर्वाद से बहुत मेहनत कर रही है



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**

**हल्का** शाहाबाद के गांव कलसाना में चौधरी रणदीप सिंह सुरजेवाला का भव्य स्वागत किया गया। स्वीटी रंगा नलवी और मिहा सिंह रंगा ने कहा कि अभिनंदन समारोह में प्रत्येक गांव और शहर से आए हुए सभी सम्मानित कार्यकताओं , मातृशक्ति , बुजुर्गों , नौजवान साथियों, व प्यारे बच्चों का हम दिल की गहराई से धन्यवाद करते है। सभी साथी इतनी ठंड के मौसम में अपने सभी कार्यों को छोड़कर भारी संख्या में अपने वाहनों से चौधरी रणदीप सिंह सुरजेवाला के विचारों को सुनने के लिए और हमें आशीर्वाद देने के लिए अभिनंदन समारोह में पहुंचे थे। स्वीटी रंगा ने कहा कि हम सब मिलकर देश और समाज की सेवा करेंगे और सन 2024 में होने वाले विधानसभा और लोकसभा के चुनाव में कांग्रेस पार्टी को भारी बहुमत से जीता कर? के हरियाणा में कांग्रेस की सरकार बनाने के लिए जी जान से कार्य करेंगे। मिहा सिंह रंगा ने कहा कि हम अभिनंदन समारोह में पहुंचे सभी सम्मानित छायाकार और पत्रकार साथियों का भी दिल से आभार व्यक्त करते हैं। कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व राज्यसभा सांसद रणदीप सुरजेवाला ने अभिनंदन समारोह में आई हुई भारी भीड़ से गदगद होकर उपस्थित जनसमूह से अपील की है कि कांग्रेस नेत्री स्वीटी रंगा और मास्टर मिहा सिंह रंगा की जोड़ी कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने में आपका आशीर्वाद से बहुत मेहनत कर रही है, इसलिए स्वीटी रंगा और मास्टर मिहा सिंह रंगा के ऊपर अपना आशीर्वाद बनाए रखें ,।

# मकर संक्रांति पर युवाओं ने किया रक्तदान



**टीम एक्शन इंडिया/ पानीपत/कमाल हुसैन**

आदर्श एक विश्वास वेलफेयर सोसाइटी जो अपने बुजुर्गों के आदर्शों पर चलती हुई लगातार सामाजिक व धार्मिक कार्यक्रम करती रहती है आज इस सोसाइटी में शहर में चल रही रक्त की कमी को पूरा करने के लिए एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 110 यूनिट रक्तदान कर शहर के युवाओं ने अपना योगदान दिया।

आदर्श एक विश्वास वेलफेयर सोसाइटी के प्रधान ने बताया कि आदर्श एक विश्वास वेलफेयर सोसाइटी बड़े बुजुर्गों के आदर्शों पर चलते हुए जरूरतमंद लोगों की सहायता करती रहती है समय-समय पर मेडिकल कैंप लगाकर लोगों की फ्री जांच करती है और उन्हें फ्री दवाइयां के साथ-साथ फ्री चश्मा विपरीत करती है उन्होंने बताया कि उनकी सोसाइटी में सभी युवा जुड़े हुए हैं जो नशे से दूर रहकर सामाजिक में

**शिविर**

8 रक्त की कमी को पूरा करने के लिए एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया

धार्मिक कार्यक्रम में योगदान देते हैं और आज इसी समिति द्वारा दूसरों की जान बचाने के लिए रक्तदान कर रहे युवाओं को हेलमेट वितरित किए गए क्योंकि जो लोग अनजान व्यक्ति की जान बचाने के लिए रक्तदान कर रहे हैं उनकी सुरक्षा के लिए भी हेलमेट बहुत जरूरी है।कैम्प का शुभारम्भ पानीपत विधायक प्रमोद विज ,डॉ अंजलि बंसल ने किया।रक्तदान शिविर में चार्ली ग्रुप, गिफ्ट्स, केसरी न्यूट्रीशन ने अपना सहयोग दिया और शिव बाबा की रसोई , लखदातार सेवा समिति,आरंभ फाउंडेशन ने भाग लिया।

# नागरिक अस्पताल में 24 घंटे मिलेगी एक्स-रे सुविधा

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**प्रदेश** सरकार व स्वास्थ्य विभाग की तरफ से जिले में बेहत्तर चिकित्सक सुविधा देने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे है। अस्पताल में कई सालों बाद चार नए रेडियाग्राफर की तैनाती की गई है। जिसके चलते अस्पताल में अब 24 घंटे की एक्सरे सुविधा विभाग की तरफ से दी जायेगी। हादसे में घायल होकर व लड़ाई-झगड़ों में घायल होकर आने वाले मरीजों को महिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल खानपुर या पीजीआई रोहतक के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगें। प्रबंधन की तरफ से पांचों रेडियोग्राफर की तैनाती अस्पताल में कर दी है। अपनी-अपनी शिफ्ट के हिसाब से रेडियोग्राफर अस्तपाल में अपनी

**मरीजों को राहत**

8 मरीजों को महिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल खानपुर या पीजीआई रोहतक के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगें

डयूटी पर तैनात रहेगें।

बता दें कि नागरिक अस्पताल को 200 बेड से तीन सौ बेड़ का बनाने की प्रक्रिया विभाग द्वारा अमल में लाई जा रही है। वहीं अस्पताल में हर रोज 1200 से 1500 मरीजों की ओपीडी संख्या भी रहती है। अस्पताल प्रबंधन की तरफ से तमाम चिकित्सक सुविधाएं मरीजों को देने के लिए प्रयासरत है। अस्पताल में स्वास्थ्य विभाग की तरफ से छह रेडियोग्राफर के छह पद स्वीकृत है। जबकि अस्पताल के एक्सरे विभाग में पहले महज एक ही रेडियोग्राफर राजेश दहिया की तैनाती थी। जिसके चलते अस्पताल में सुबह ओपीडी समय के अनुसार ही एक्स-रे किए जाते थे। ओपीडी में उपचार के लिए आने वाले मरीजों को एक्सरे विभाग में एक्सरे करवाने के लिए लंबी लाइनों के साथ-साथ दो-दो दिन तक इंतजार करने पर मजबूर होना पड़ता था। हाल के दिनों में अस्पताल प्रबंधन व स्वास्थ्य विभाग की तरफ से नागरिक अस्पताल में पांच स्वीकृत पदों पर रेडियोग्राफर की तैनाती कर दी है। हालांकि चार रोडियोग्राफरों सीमा, पारस तुषीर, पुष्पा, सुशील ने पद पर ज्वाइंन कर लिया है। छटे पद पर अभी रेडियोग्राफर ने ज्वाइंन नहीं किया है। रेडियोग्राफरों की तैनाती के चलते मरीजों को हाल के दिनों में 24 घंटे एक्सरे की सुविधा अस्पताल प्रबंधन की तरफ से दी जा रही है।

**एमएलएसी केस व पोस्टमार्टम सहित हादसें के मरीज होते थे रेफर-** अस्पताल में आपाताकालीन कक्ष में गंभीर रूप से घायल होकर आए मरीज व लड़ाई-झगड़ों में पहुंचे मरीजों के चिकित्सकों की तरफ एक्सरे लिखे जाते थे। अस्पताल में एमएलसी (पुलिस केस) से संबंधित मरीजों को महिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल खानपुर या रोहतक पीजीआई में रेफर कर दिया जाता था। वहीं पोस्टमार्टम के लिए आए शवों को एक्सरे न होने के अभाव के चलते रेफर करना पड़ता था।

# भगवान राम के नाम पर बनने वाले सामुदायिक केन्द्र का शिलान्यास किया



**समालखा/ (कुलदीप सिह )**

**सांसद** संजय भाटिया ने हल्के के गांव नारायणा में भगवान परशुराम राम के नाम पर बनने वाले सामुदायिक केन्द्र का शनिवार को शिलान्यास किया। उल्लेखनीय है कि भगवान परशुराम राम सामुदायिक भवन बनाने के लिए गांव वासियों ने करीब 12 सौ गज भूमि ग्राम पंचायत को दे रखी है, जिसके निर्माण के लिए भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य संजय छौक्कर ने एक लाख तथा जनसेवक शशिकांत कौशिक ने सवा लाख रुपए का सहयोग दिया। जनसेवक शशिकांत कौशिक की अध्यक्षता में हुए शिलान्यास समारोह में जिला परिषद चेयरपर्सन ज्योति शर्मा, ब्लाक समिति चेयरमैन अंकुश चौपड़ा, भाजपा नेता संजय छौक्कर, कृष्ण छौक्कर,सरपंच रामभतेरी,जिला पार्षद सुन्दर छौक्कर, सतीश शर्मा आदि मौजूद रहे।

# मिठाई की दुकान से हजारों रुपये की चोरी

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**बहालगढ़** थाना क्षेत्र के बहालगढ़ चौक पर स्थित मिठाई की दुकान का शट्र उखाड़कर हजारों रुपये की राशि के चोरी करने का मामला सामने आया है। दुकानदार ने मामले की शिकायत पुलिस को दी। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। बहालगढ़ निवासी दीपक कुमार ने बताया कि उसने चौक पर श्री मुरलीवाला के नाम से मिठाई की

**मुकदमा**

8 दुकानदार ने मामले की शिकायत पुलिस को दी। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया

दुकान कर रखी है। हर रोज की तरह दुकान के बंद करके घर चला गया। सुबह दुकान पर पहुंचने पर देखा कि दुकान का शट्र उखड़ा हुआ है। उसने अंदर जाकर दुकान में सामान की जांच की तो दुकान से 40 हजार रुपये की राशि गायब मिली। कोई दुकान के शट्र को उखाड़कर रुपये चोरी करके के लिए गया। अपने स्तर पर चोरों की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। जांच अधिकारी देवेंद्र सिंह ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाली जा रही है। जल्द से जल्द चोरों का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

# खेलकूद द्वारा युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए किया जागरूक

**नशा विरोधी**

8 युवाओं व गांव के लोगों को नशे की रोकथाम, नशे से युवाओं को दूर रखने की अपील की



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर के आदेशानुसार,माननीय पुलिस महानिरीक्षक अम्बाला मण्डल, अम्बाला छावनी शिवास कविराज जी के कुशल मार्गदर्शन व पुलिस अधीक्षक अम्बाला जशनदीप सिंह के निर्देशानुसार अम्बाला पुलिस द्वारा हरियाणा उदय सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम के माध्यम से अम्बाला जिला के सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस की पाठशाला के माध्यम से युवाओं व गांव के लोगों को नशे की रोकथाम, नशे से युवाओं को दुर रखने, महिला विरूद्ध अपराधों की रोकथाम के लिये उपमण्डल स्तर खेलकूद प्रतियोगिता करवाकर जागरूक किया गया। पुलिस की पाठशाला खेलकूद प्रतियोगिता कार्यक्रम मे काफी संख्या में युवाओं ने भाग लेकर नशे से दुर रहते हुए अपनी उर्जा को अच्छे कार्यों में लगाने की शपथ ली। आज उपमण्डल स्तर पर जितने वाली टीमें अब जिला स्तर पर खेलकुद प्रतियोगिता में भाग लेंगी। ह्यह्यहरियाणा उदय कार्यक्रम पुलिस की पाठशाला खेलकूद प्रतियोगिता के दौरान उपस्थित युवाओं को नशे से दूर रहने, नशे के दुष्परिणामों, महिला विरूद्ध अपराधों की रोकथाम, अपराधिक गतिविधियों से बचने, खेलकूद प्रतियोगिताओ मे भाग लेने, किसी भी आपराधिक प्रवृति के व्यक्ति व नशा तस्कर की सूचना तुरन्त पुलिस को देने बारे जागरूक किया गया। इस दौरान युवाओं को सम्बोधित किया कि युवा पढ़ाई में मन लगाकर अपने राष्ट्र व परिवार का नाम रोशन करें। कुसंगति से बचे क्योंकि बुरी संगत में पड़कर युवा बुरी आदतों का शिकार हो जाते है और अपना भविष्य अन्धकारमय बना लेते है। पुलिस अधीक्षक अम्बाला ने सभी पर्यवेक्षण अधिकारियों व प्रबन्धक थाना को निर्देश दिए हैं कि वह ह्यह्यहरियाणा उदय कार्यक्रम पुलिस की पाठशालाह्णह्ण, खेलकूद प्रतियोगिता व सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम के माध्यम से थानाधिकार क्षेत्रों में नशे की रोकथाम, नशे से युवाओं को दुर रखने के लिये उन्हें जागरूक करें और महिला विरूद्ध अपराधों की रोकथाम के लिए आमजन से सम्पर्क कर नशा बेचने/खरीदने वालों व अपराधिक प्रवृति के व्यक्ति का पता लगाकर उनके खिलाफ कानूनी कार्यवाही करें। उन्होने कहा कि पुलिस की पाठशाला खेलकूद प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विशेषकर युवाओं को नशे से दूर रखना व उसके दुष्परिणामों बारे जागरूक कर उन्हें खेलकूद प्रतियोगिता बारे प्रेरित करना हैं। जिससे समाज को नशा मुक्त व अपराध मुक्त बनाया जा सके।

# 21 जनवरी को श्रीराम शौर्य एवं उत्सव यात्रा का होगा भव्य स्वागत



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

**शहर की** सभी सामाजिक, धार्मिक एवं शैक्षणिक संस्थाएं आगामी 21 जनवरी को श्रीराम शौर्य एवं उत्सव यात्रा का भव्य स्वागत करेगी, सभी संस्थाएं जगह-जगह स्टाल एवं स्वागत द्वार लगाकर सनातन प्रेमियों के साथ मिलकर रामजी की यात्रा पर पुष्प वर्षा करेंगे। स्थानीय अग्रसेन भवन में रविवार को आयोजित बैठक में विभिन्न संस्थाओं के सैंकड़ो प्रतिनिधियों ने स्वागत के लिए अपने-अपने स्थान लिखवाये और शोभा यात्रा में राम परिवार, अयोध्या में निर्मित मंदिर के प्रतिरूप की झांकी के साथ रामायण के रचयिता महर्षि बाल्मीकि की झांकी भी शामिल करने का सुझाव दिया गया। यात्रा मार्ग पर महिलाएं एवं बच्चे सड़कों पर आकर स्वागत करें इसकी जिम्मेदारी सभी संस्थाओं ने ली। यात्रा की रुपरेखा रखते हुए मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं भाजपा नेता राजीव जैन ने बताया कि सबसे पहले हनुमान मंदिर कोर्ट में हनुमान चालीसा का पाठ होगा और शंखनाद के साथ यात्रा शुरू होगी। यात्रा में महिलाओं के जत्थे ट्रैक्टर ट्रालियों पर सवार होकर प्रभु राम का कीर्तन करते हुए चलेंगी। राजीव जैन ने गढ़ी ब्राह्मणान, शास्त्री कॉलोनी, सरस्वती विहार, देवी लाल कॉलोनी, भरतपुरी, आर्य नगर, दहिया कॉलोनी, कबीर नगर, पत्थर वाली गली समेत एक दर्जन से ज्यादा कॉलोनियों में पहुंचकर नुक्कड़ सभाएं करके दीये वितरित किये और सभी से श्रीराम मंदिर उत्सव यात्रा में बढ़ चढ़ कर भाग लेने की अपील की। उन्होंने आगे कहा कि श्रीराम मंदिर हमारी आस्था ही नहीं बल्कि सनातन धर्म का झंडा बुलंद होने का मार्ग है। इस अवसर पर टीका राम मित्तल, अधिवक्ता एस०के० जैन, सुभाष गुप्ता, ओमप्रकाश अरोड़ा, संजय सिंघला, नवीन मंगला, सीए अरविंद मित्तल, शशिकरन नासा, प्रमोद कुच्छल, महेश लूथरा, नवाब सिंह, राकेश मित्तल, अनिल गुप्ता, यशपाल अरोड़ा, स्वरूप शास्त्री, पंडित अमित शौनक, महेंद्र मंगला, कृष्ण भाटिया, अजीत सिंह, पार्षद हरि सैनी, अतुल जैन, अशोक छाबड़ा, सुरेंद्र मदान, बबीता कौशिक, बबीता जिंदल, रेखा गर्ग, अंजलि जिंदल, संगीता मंगला, मोनिका गर्ग, संजीव वलेचा, देवेंद्र सैनी, निर्मल जैन सहित शहर की सामाजिक, धार्मिक, शैक्षणिक संस्थाओं के सैंकड़ो प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# लोहड़ी का त्योहार भाईचारा, त्याग का प्रतीक : सचिन कुंडू



**पानीपत/कमाल हुसैन**

लोहड़ी की पूर्व संध्या पर सद्भावना मंच और राष्ट्रीय मजदूर किसान मंच के तत्वाधान में सांझी विरासत साडी सद्भावना लोहड़ी के नाम से एक कार्यक्रम आर्य कॉलेज के ओ पी सिंगला ऑडिटोरियम किया गया। जिसमें जिले के हजारों नागरिकों ने हिस्सा लिया और लोहड़ी के शहीद दुल्ला भट्टी को याद करते हुए सलामी दी गई । सद्भावना मंच के धीरज गाबा ने बताया कि लोहड़ी त्योहार भाईचारा,त्याग और अमन का प्रतीक है । इस दिन पंजाबी जाट लड़ाका दुल्ला भट्टी जिसने पंजाबी ब्राह्मण परिवार की दो बेटियों की न केवल इज्जत बचाई बल्कि उनकी शादी भी करवाई। जिसकी वजह से तब के नवाब ने दुल्ला भट्टी को सेना के द्वारा शहीद कर दिया गया था । उस दुल्ला भट्टी की याद में सभी पंजाबी लोग लोहड़ी त्योहार धूमधाम से मनाते हैं और कामना करते हैं कि उनको भी अपनी बहु बेटियों की रक्षा के लिए दुल्ले भट्टी जैसा रक्षक मिलें। इस अवसर पर विशेष मेहमान गुरनाम सिंह चढूनी ने नफरत मिटा कर भाईचारा बड़ाने का संदेश दिया।

वहीं विशिष्ठ अतिथि समाजसेविका निर्मल दत्त ने भी भाईचारे का संदेश दिया। युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सचिन कुंडू ने सभी मेहमानों का स्वागत किया और कहा की सभी धर्मो को सभी छत्तीस बिरादरी को मिलकर त्योहारों को मनाना चाहिए।

# नेहरू युवा केंद्र के तत्वाधान में राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** अंबाला शहर के एमडीएसडी कॉलेज में राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्राओं को स्वामी विवेकानंद के जीवन की विस्तृत जानकारी दी गई और उनके द्वारा देश हित में किए गए कार्यों का भी वर्णन किया गया। नेहरू युवा केंद्र अंबाला के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में सैकड़ों छात्राओं ने भाग लियाऔर साथ ही छात्राओं ने राष्ट्रीय सुरक्षा अभियान के तहत लोगों को जागरूक करने का भी बेड़ा उठाया। छात्राओं ने कार्यक्रम की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम से उन्हें बहुत कुछ सीखने को मिला है। वहीं कार्यक्रम में आए मुख्य वक्ताओं ने भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के देशहित में किए जा रहे कार्यों की सराहना की। कॉलेज की प्राचार्या डॉ. किरण आंगरा ने बताया कि आज राष्ट्रीय युवा दिवस है। उन्होंने कहा कि आज नेहरू युवा केंद्र व स्वलंबी भारत मंच के सहयोग से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर बच्चों को जागरूक किया गया और साथ ही उन्हें नई दिशा से अवगत कराया गया। और यह भी बताया गया कि स्वलंबी भारत के पोर्टल पर बच्चे रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। स्वामी विवेकानंद की सोच को आगे बढ़ाते हुए कार्यक्रम किया जा रहा है। वहीं इस कार्यक्रम में आए स्वाबलंबी भारत अभियान के प्रांत समन्वयक हरियाणा कपिल मदान ने बताया कि आज युवा उद्यमिता रैली के अवसर पर एमडीएसडी कॉलेज में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। बच्चों को बताया गया कि स्वामी विवेकानंद ने

**कार्यक्रम**

8 आज नेहरू युवा केंद्र व स्वलंबी भारत मंच के सहयोग से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया।

उस समय स्वाबलंबन की बात की जब देश गरीबी, भुखमरी जैसी समस्याओं से जूझ रहा था। उन्होंने कहा कि स्वाबलंबी भारत अभियान दो साल से चल रहा है। आज पूरे देश में मानसिकता परिवर्तन का अभियान चल रहा है। बच्चे नौकरी के स्थान पर स्व रोजगार की ओर बढ़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि आज माई एसबीओ पोर्टल की शुरूआत भी की गई है। जिससे जुड़कर बच्चे डिजिटल प्लेटफॉर्म पर विभिन्न गतिविधियों, रोजगार आदि की जानकारी ले सकते हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भी आभार प्रकट किया। जो देश के युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने में जुटे हुए हैं और साथ ही उनके लिए प्रयाप्त रोजगार भी उपलब्ध करवा रहे हैं। कॉलेज की छात्राओं ने भी कार्यक्र्रम की जमकर सराहना की। उन्होंने बताया कि उन्हें यहां बहुत कुछ सीखने को मिला है। और स्वामी विवेकानंद जी के जीवन संबंधी जानकारी भी हमें दी गई है। इस अवसर पर नेहरू युवा केंद्र की अर्शदीप कौर द्वारा मुख्यातिथियों को सम्मानित भी किया गया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन देश के युवाओं को एक नई राह प्रदान करते हैं।

# सबसे सक्रिय संगठन है युवा जजपाः टीपू पौडि

## नवीन कालीरमना को जिला प्रचार सचिव व प्रदीप मजोका को जिला संगठन सचिव के पद पर नियुक्त किया गया



**जिम्मेदारी**

**8 रवि चौहान को वरिष्ठ उप जिला प्रधान, जिला उपाध्यक्ष विशाल देसवाल, पंकज सचदेवा की जिम्मेदीरी मिली**

**पानीपत/कमाल हुसैन**
जाटल रोड स्थित पार्टी जिला कार्यालय पर जननायक जनता पार्टी की युवा विंग के जिला अध्यक्ष टीपू पौडि ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.अजय सिंह चौटाला,उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला, महासचिव दिग्विजय चौटाला, युवा प्रदेश अध्यक्ष रवींद्र सांगवान और युवा प्रभारी सुनील राणा व जिला अध्यक्ष सुरेंद्र धौला से विचार विमर्श करके उनके निर्देशानुसार पार्टी की युवा जिला कार्यकारिणी घोषित की है। टीपू पौडि ने कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए बताया कि रवि चौहान को वरिष्ठ उप जिला प्रधान, जिला उपाध्यक्ष विशाल देसवाल, पंकज सचदेवा, संगीत कुमार जोगी, रोहन काजल, दिलबाग उरलाना,विक्रम मल्ली, योगेश राणा, जितांशु मितल,विशाल राव,अनिल बिहोली,राजेश रावल,नरेंद्र शर्मा सुताना को जिम्मेदारी सौंपी गयी है। इसके साथ साथ ओमबीर नौल्था,स. भूपेन्द्र सिंह, संजीव भाटिया,समीर खान,अजय राजपूत, अमरीक सिंह,संजय रोहिला,उमेश यादव, प्रदीप गालयाण आटा, कपिल जागलान, राज कुराना, भरत फरीदपुर को जिला महासचिव बनाया गया है। जबकि नितेश त्यागी, रवि ऊझा, सावेज, दीपक भौला, अमन गुप्ता, अमित वर्मा, ईरफान अंसारी, राहुल, सूरज पांचाल, अकरम खान, वेद प्रकाश को जिला सचिव नियुक्त किया गया है। वहीं नवीन कालीरमना को जिला प्रचार सचिव व प्रदीप मजोका को जिला संगठन सचिव के पद पर नियुक्त किया गया है। टीपू पौडि ने कहा कि नव नियुक्त युवा जिला कार्यकारिणी के गठन में ऊजार्वान युवाओं की फौज के बलबूते ही मिशन दुष्यंत.2024 को पूरा किया जाएगा। इस मौके पर जेजेपी राष्ट्रीय सचिव सुरेश काला, प्रदेश उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह कादियान, प्रदेश संगठन सचिव किसान सैल धर्मवीर राठी, बिजेंद्र करहंस, किसान सैल जिला अध्यक्ष कृष्ण चंदौली, पानीपत ग्रामीण हल्का अध्यक्ष रामनिवास पटवारी, इसराना हल्का अध्यक्ष बलकार देशवाल,युवा प्रदेश महासचिव मन्नु मान, मनोज मलिक सरपंच व कप्तान जागलान आदि मौजूद रहे ।

# संगठन ने निकाली 52वीं प्रभात फेरी

## गोपाल गौशाला में सवामणि का भी किया आयोजन

**भक्ति का आनंद**

**8 राधाकृष्ण प्रभात फेरी संगठन द्वारा भक्तों ने गोपाल गौशाला में सवामणि का आयोजन किया**



**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**
**नारनौल।** राधा कृष्ण प्रभात फेरी संगठन, नारनौल द्वारा् हर रविवार की भांति आज भी अल सुबह 52वीं प्रभात फेरी निकाली गई। यह प्रभात फेरी विकास होटल, रेवाड़ी रोड से शुरू होकर, शहर के प्रमुख मार्गो से होती हुई गोपाल गौशाला रोड की तरफ से वापस यहीं पर आकर समाप्त हुई। राधा कृष्ण प्रभात फेरी संगठन के संयोजक भगत सिंह सैनी ने बताया कि कड़ाके की ठंड के बावजूद सैकड़ो नर-नारी आज सुबह ही विकास होटल, रेवाड़ी रोड पर पहुंच गए थे, जहां से सभी भक्तों ने ढोल-मर्दंग व डफली को बजाते हुए झूमते व नाचते हुए राधे-राधे का आलाप करते हुए शहर के प्रमुख मार्गो से गुजर रहे थे। ऐसा लग रहा था जैसे ये प्रभात फेरी नारनौल में ना होकर वृंदावन और बरसाने की गलियों में से गुजर रही हो। जगह-जगह पर लोगों ने प्रभात फेरी पर फूल बरसा कर स्वागत किया। प्रभात फेरी संयोजक भगत सिंह सैनी ने बताया कि इस बार मकर संक्रांति के अवसर पर राधाकृष्ण प्रभात फेरी संगठन द्वारा आज सभी राधाकृष्ण भक्तों ने गोपाल गौशाला में सवामणि का आयोजन किया।

## न्यूज फ्लैश

### राहुल जी अगर न्याय यात्रा की बजाए यदि प्रायष्चित यात्रा करेंगें तो इन्हें ज्यादा लाभ मिलेगाः विज



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** हरियाणा के गृह मंत्री अनिल विज ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा निकाली जाने वाले न्याय यात्रा के संबंध में कटाक्ष करते हुए कहा कि ह्यह्यराहुल गांधी जी अगर न्याय यात्रा की बजाए यदि प्रायष्चित यात्रा करेंगें तो इन्हें ज्यादा लाभ मिलेगाह्णह्ण। विज मीडिया कर्मियों द्वारा राहुल गांधी की न्याय यात्रा के संबंध में पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी जी को न्याय यात्रा निकालने की बजाए प्रायष्चित यात्रा निकालनी चाहिए। उन्होंने विपक्ष पर हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस ने इस देष के साथ-साथ जो-जो अन्याय किए, उसके लिए प्रायष्चित करना चाहिए। श्री विज ने कहा कि इन्होंने (कांग्रेस) हिन्दू-मुस्लिम के आधार पर इस देष का बंटवारा करवाया, सन 1971 की लडाई में 90 हजार युद्धबंदी (पीओडब्ल्यू) पकडे गए और बिना कुछ लिए वापिस दे दिए। इसके अलावा, संविधान को रौंदकर देष में एमरजेंसी लगाई, एक लाख से ज्यादा लोग आंतरिक सुरक्षा अधिनियम (मीसा) के तहत बंद कर दिए और कोई दलील नहीं, कोई अपील नहीं। उन्होंने कहा कि संवैधानिक तौर पर इन्होंने (कांग्रेस) अनेकों बार सरकारों को अपने पैंरों से रौंदा है। उन्होंने कहा कि हमारी चार सरकारें इन्होंने बिना किसी सोच-विचार के बाद तोड दी थी। साल 1984 में सिखों के साथ इन्होंने कत्लेआम कराया और ब्यान देकर उसका समर्थन किया। श्री विज ने कहा कि इनको (कांग्रेस) तो प्रायष्चित करना चाहिए।

### पंचायत भवन के पास खड़ी गाड़ी से हजारों रुपये की राशि व सामान चोरी

**सोनीपतः** सदर थाना क्षेत्र के गांव किलोहड़द में पंचायत भवन के पास खड़ी पिकअप गाड़ी की खिड़की का लॉक तोड़कर हजारों रुपये की राशि व सामान के चोरी होने का मामला सामने आया है। चालक ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। गांव किलोहड़द निवासी आनंद ने बताया कि वह खेती-बाड़ी का काम करता है। उसके पास पिकअप गाड़ी है। गत 12 जनवरी को देर शाम करीब चार बजे गाड़ी को गांव स्थित पंचायत भवन के बाहर खड़ी करके घर चला गया। शनिवार सुबह करीब 9 बजे गाड़ी के पास पहुंचा। जहां गाड़ी की खिड़की का लॉक टूटा हुआ पाया गया। गाड़ी के अदर से किसी ने सीसर व पर्स से 20 हजार रुपये की राशि को चोरी कर लिया। मामले को लेकर पुलिस के अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एचसी सत्यवान ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द आरोपित को काबू कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### सड़क पार करते समय दुकानदार कार की चपेट में आया, अस्पताल में मौत

**सोनीपतः** राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-44 पर बहालगढ़ के पास सड़क पार करते समय कार की टक्कर से चाय की दुकान चलाने वाले दुकानदार की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। पुलिस ने उनके भांजे के बयान पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। लिवासपुर स्थित इंद्रा कॉलोनी निवासी विजय ने बहालगढ़ थाना पुलिस को बताया कि वह ई-रिक्शा चालक है। उनके मामा मूलरूप से बिहार के बेगूसराय के महमूदपुर निवासी नरेश फिलहाल बहालगढ़ में रहते थे। वह बहालगढ़ में चाय की दुकान चलाते थे। वह 11 जनवरी को बहालगढ़ फ्लाईओवर के पास सड़क पार कर रहे थे। इसी दौरान दिल्ली नंबर की ब्रेजा कार ने उनके मामा को टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गए। उन्हें बहालगढ़ रोड स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उनकी उपचार के दौरान मौत हो गई। बहालगढ़ थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। पुलिस ने विजय के बयान पर कार चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। हादसे के बाद से चालक फरार है। जांच अधिकारी ने बताया कि जल्द से जल्द आरोपित को काबू कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

# आप से किनारा करने वाले नेताओं ने ही पार्टी का बैठाया भट्ठाः चंदेला



**निशाना साधा**

**8 आम आदमी पार्टी से किनारा करते हुए अपना नया राजनैतिक वजूद तलाशने में जुटे हैं**

**टीम एक्शन इंडिया/लालचंद नांगल चौधरी ।** आम आदमी पार्टी के हल्का नांगल चौधरी अध्यक्ष जयसिंह चंदेला ने कहा है कि जो स्वार्थी नेता आज आम आदमी पार्टी से किनारा करते हुए अपना नया राजनैतिक वजूद तलाशने में जुटे हैं, उन्हीं नेताओं ने पार्टी का भट्ठा बैठने के काम किया है। अब जबकि चुनाव सिर पर हैं तो ये स्वार्थी नेता टिकट की चाहत में ने आशियाने की तलाश में जुट गए हैं। इन नेताओं के पार्टी छोड़ने से आम आदमी पार्टी को कतई असर नहीं पड़ेगा बल्कि पार्टी की विश्वसनीयता आम जनमानस में अधिक बढ़ेगी । पूर्व जोनल अध्यक्ष डा. गोपीचंद ने कहा कि कुछ लोग व्यक्ति विशेष की पूजा को महत्व देते अपनी राजनैतिक रोटियां सेकने को आतुर रहते हैं , लेकिन आम आदमी पार्टी का जमीनी कार्यकर्ता व्यक्ति विशेष की पूजा को महत्व नहीं देता बल्कि पार्टी की नीतियों में विश्वास व्यक्त करते हुए पार्टी के प्रचार प्रसार में जुटा रहता है। निष्ठावान कार्यकर्ता को आज भी केजरीवाल की सोच और पार्टी की नीति और नीयत पर भरोसा है । पार्टी के ग्राम सचिव संदीप गुर्जर ने दावा किया है कि एक जिला लीगल सेल के जिला अध्यक्ष कुलदीप भरगड़ के पार्टी छोड़ने से कोई फर्क पड़ने वाला नहीं है , अभी भी पार्टी के साथ युवाओं का एक मजबूत स्तंभ पार्टी के साथ खड़ा है जो भविष्य में यह अहसास करवा देगा कि आज परिवर्तन के दौर में युवाओं की भूमिका कितनी सार्थक बन चुकी है। वहीं युवा जिला इकाई के महा सचिव संजय गुर्जर , सुरेंद्र यादव , हजारी लाल बोकन, भोजेंद्र गांवड़ी जाट , पूर्ण सैन आदि कार्यकताओं ने भी आम आदमी पार्टी की नीतियों में विश्वास व्यक्त करते हुए कहा है कि वह कल भी पार्टी का अभिन्न अंग थे , आज भी हैं और आगे भी आम आदमी पार्टी के निष्ठावान सिपाही रहेंगे ।

# धर्मनगरी को बनाना है अपराधमुक्तः सुरेंद्र सिंह



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
**जिला** कुरुक्षेत्र के पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र सिंह भोरिया ने कहा की अपराधों की रोकथाम करना ही पुलिस का मुख्य ध्येय है। धर्मनगरी को अपराधमुक्त बनाना हमारी प्राथमिकता होगी। अपराध और अपराधियों पर शिंकजा कसने के लिये आम नागरिकों का सहयोग जरुरी है। नशे को जड से खत्म करना और नशे से जुडे कारोबारियो को सलाखो के पीछे भेजना है ही पुलिस का मुख्य लक्ष्य है। पुलिस अधीक्षक महोदया ने कहा कि नशा समाज की जडों को खोखला कर रहा है, युवा पीढी नशे की लत में फंस कर अपने भविष्य को खतरे में डाल रही है। युवा देश का भविष्य है, देश के भविष्य को नशे जैसे अंधेरे से बचाना है। जिला पुलिस द्वारा नशा मुक्त जीवन के प्रति जागरुक करने के साथ-साथ नशीले पदार्थों के धन्धें में संलिप्त अपराधियों को भी सलाखों के पीछे भेजा जा रहा है। जिला पुलिस नशे की डिमांड व सप्लाई पर काबू कर-के नशामुक्त कुरुक्षेत्र बनायेंगे।

# परशुराम मंदिर में लोहड़ी पर कार्यक्रम आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया/ पानीपत, कमाल हुसैन**
लोहड़ी के पर्व पर परशुराम मंदिर में लोहड़ी मनाई गई और ढोल बजाकर नाच कर खुशियां मनाई गई। लोहड़ी के पर्व पर मंदिर के पुजारी अरुण पांडे द्वारा आए हुए भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया व आशीर्वाद देकर सबको बधाई दी। इस अवसर पर मंदिर के प्रधान विजय शर्मा, फौजी नारायण दत्त शर्मा, पुर्व फ ोरमैन रामलाल भाटिया, मा. मोहन लाल शर्मा, बनारसी शर्मा, डॉ. बंसी लाल शर्मा, चौ. तेजपाल, पूर्ण दिवाकर, रविंद्र कश्यप, राजू प्रजापत, कुलदीप दिवाकर, अमन राठौर, बलदेव अरोड़ा हनुमान, गौरव राणा, जय कुमार जांगड़ा व अन्य सैकड़ों भक्तजन मौजूद रहे।

# 'कार्य की गति के लिए कार्यालय जरुरी'



**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा**
**नारनौल।** सांस्कृतिक अहीरवाल के केन्द्रीय कार्यालय का उद्घाटन कार्यक्रम नसीबपुर के सविता कोम्प्लेक्स में सम्पन्न हुआ। कार्यालय के उद्घाटन के लिए हवन का आयोजन स्वामी हंसानंद जी के ब्रह्मत्व में किया गया। जिसके पुरोहित राजेश शास्त्री रहे। यज्ञ के यजमान व संस्था के निदेशक सत्यव्रत शास्त्री ने उपस्थित लोगों का कार्यक्रम में शामिल होने का धन्यवाद किया और कहा सांस्कृतिक अहीरवाल संस्था देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पांच प्रण के आह्वान को आगे बढ़ा रहा है। अहीरवाल संस्कृति के पुरातन वैभव को वैश्विक स्तर पर पहूचाने के लिए अहीरवाल के ऐतिहासिक इतिहास लेखन हेतु प्रयास का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक अहीरवाल संस्था अहीरवाल क्षेत्र में आज सबसे बड़ी सामाजिक संस्था है, जिसने अल्प समय में ही अपने लक्ष्य की ओर बड़ा कदम बढ़ाया है। आज अहीरवाल नाम को राष्ट्रीय स्तर पर मीडिया द्वारा मान्यता देना सही उपलब्धि है। इसके लिए मीडिया का धन्यवाद किया। आज के कार्यक्रम में ओमप्रकाश यादव राजकुमार यादव राजकुमार शर्मा पूर्व सरपंच निवाजनगर आदि मौजूद रहे।

# खाताधारक के खाते से निकाली लाखों रुपयों की राशि, मुकदमा दर्ज

**सोनीपतः मो**हाना थाना क्षेत्र के गांव चिटाना बैंक में खाताधारक के खाते से लाखों रुपये की राशि निकालने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस साइबर सेल की मदद ले रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके।
गांव जुआं निवासी वजीर सिंह ने बताया कि उसने अपना खाता गांव चिटाना स्थित एसबीआई की शाखा में खुलवा रखा है। वह बैंक में अपनी पास बुक में इंट्री करवाने के लिए पहुंचा।

# मिले हमारी संस्कृति की पहचान : राधेश्याम शर्मा



**टीम एक्शन इंडिया / लालचंद नांगल चौधरी।** गांव रोपड़ सराय में स्वर्गीय पहलवान राम अवतार की छठी पुण्यतिथि पर कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया जिसमें 51 रुपए से लेकर 11000 रुपए तक की कुश्ती करवाई गई। वही कुश्ती दंगल में 7100 की दो कुश्ती2100 की 16 कुश्ती5100 की 16 कुश्ती 3100 की 15 कुश्ती वह 1100 की 21 कुश्ती अंत में कुश्ती का कैमरा11000 का किया गया जिसमें बलजीत बागोत व विकास तोड़िया का बस के बीच लड़ा गया दोनों पहलवानों के बीच 11 मिनट तक कुश्ती का मुकाबला हुआ वह अंत में दोनों पहलवानों की बराबर पर कुश्ती छुट्टी अंत में दोनों पहलवानों को बराबर का इनाम दिया गया। मेले में11000 की जोड़ी का हाथ मिलवाते हुए पूर्व विधायक राधेश्याम शर्मा ने कहा कि पहलवान को हार जीत को लेकर कभी भी मन में द्वेष भावना रखें वह अपने लक्ष्य को निर्धारित कर मेहनत करनी चाहिए हार जीत होती रहती है अवसर पर पूर्व विधायक ने कहा कि अगर सत्ता में आए तो गांव रोपड़ सराय के खेल मैदान को स्टेडियम का दर्जा दिया जाएगा वह युवाओं को खेल सामग्री का सामान वितरित कर खेलों को बढ़ावा देने की प्राथमिकता रहेगी । इस अवसर पर वार्ड नंबर 18 के पार्षद श्याम चंदेल ने भी खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी प्रतिभाओं की कमी नहीं है लेकिन उन्हें सिर्फ निहारने की आवश्यकता है उन्होंने कहा कि जल्द ही जिला प्रमुख से गांव में खेल सामान की उपलब्धता कराई जाएगी । वरिष्ठ समाज सेवी व उद्योगपति प्रवेश सांगवान ने भी युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि अगर विद्यार्थियों को किसी प्रकार की खेल सामग्री या पढ़ाई की समस्या हो तो नहीं संकोच आकर कोई भी सहायता मांग सकता है प्रवेश सांगवान हमेशा समाज सेवा में आगे रहते हैं उन्होंने कहा कि एक खिलाड़ी ही समाज सेवा व देश सेवा कर सकता है इसलिए समझ में खिलाड़ी होना अति आवश्यक है । वहीं मेले में रेफरी की भूमिका बस साहू पहलवान बनाना व प्रहलाद पहलवान होटल ने रेफरी की भूमिका निभाई इस दौरान बसंत लाल पहलवान वह रामेश्वर पहलवान की भी भूमिका रही।

# अवैध हथियारों सहित आरोपित गिरफ्तार, अदालत में पेश

**काबू**

**8 पूछताछ में आरोपित ने बताया कि उक्त हथियार को उसने बिहार से राहगीर से लिया था**

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
एंटी ब्रग्लरी स्टाफ सोनीपत पुलिस ने अवैध हथियार सहित आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित महीन उर्फ मोनू निवासी सुदामा नगर मुरथल अड्डा का है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ संबंधित थाने में मुकदमा दर्ज कर अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। जांच अधिकारी उप निरीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि उनकी टीम जटवाड़ा के पास मौजूद थी। उसी दौरान सूचना मिली कि एक युवक संदिग्ध हालत में घुम रहा है। टीम ने मौके पर पहुंचकर उसे काबू कर लिया। तलाशी के दौरान उसके पास एक जिंदा कारतुस व अवैध पिस्तौल बरामद हुआ। आरोपित के खिलाफ सिविल लाइन थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया। पूछताछ में आरोपित ने बताया कि उक्त हथियार को उसने बिहार से राहगीर से लिया था।

# नियमित रक्तदान बहुत जरूरी इससे बच सकती है कई जिंदगियांः देवेंद्र कादियान



**टीम एक्शन इंयिा/गन्नौर**
**समय** पर रक्त न मिलने पर इलाज के अभाव में मरीज दम तोड़ देते है। रक्तदान शिविर में दिया गया रक्त जरूरतमंदों के काम आता है। यह बातें देवा सोशल वेलफेयर सोसायटी संस्थापक एवं समाजसेवी देवेंद्र कादियान ने रविवार को रेलवे सिटीजन पार्क में जनहित अभियान फाउंडेशन की ओर से आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में कही। कादियान ने बतौर मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत कर शिविर का रिबन काटकर शुभारंभ किया और स्वयं रक्तदान कर युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि नियमित रक्तदान बहुत जरूरी है। इससे कई जिंदगियां बच सकती है। फाउंडेशन अध्यक्ष नरेंद्र हुड्डा ने बताया कि रक्तदान शिविर में सेहत टीम ने करीब 45 यूनिट रक्त एकत्रित किया है। रक्तदानियों को सम्मानित किया गया। मौके पर दिलबाग सिंह, मंजीत चीमा, प्रवीन राठी, शिव शर्मा, रविंद्र पहल, रंजीत, नवीन, दीपांशु, दीपक कटारिया, मोनू आदि मौजूद रहे।

# जय मां दुर्गा जय श्री महाकाल ट्रस्ट द्वारा भव्य श्री राम कथा का होगा आयोजन



**राम कथा**

**8 11 दिवसीय अनुष्ठान में होंगे भक्ति प्रवचन, श्री राम यज्ञ, 21000 दीपदान और विशाल भंडारा**

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक,)** जय मां दुर्गा जय श्री महाकाल ट्रस्ट एवं मां बाला सुंदरी यज्ञशाला मंदिर के संयुक्त तत्वाधान में श्री राम कथा का आयोजन 15 से 23 जनवरी तक दु:ख भंजन महादेव मंदिर में किया जा रहा है। जानकारी देते हुए कथा आयोजन समिति सदस्य अंकुश गुप्ता एवं विनीत गर्ग ने बताया कि रविवार को सुरेंद्र शर्मा बारना की अध्यक्षता में दु:ख भंजन महादेव मंदिर में कार्यकताओं की बैठक हुई जिसमें सभी सदस्यों को जिम्मेदारियां सौंपी गई। बैठक का संचालन करते हुए पंडित राजेश मौदगिल ने बताया कि सदियों की प्रतीक्षा व संघर्ष उपरांत श्री राम जन्मभूमि अयोध्या धाम में श्री राम मंदिर की स्थापना के उपलक्ष्य में धर्मनगरी कुरुक्षेत्र में यह आयोजन किया जा रहा है। जिसमें संत करुणदास महाराज (गोवर्धन) अपने मुखारविंद से 23 जनवरी तक प्रतिदिन दोपहर 2:30 से सांय 5:30 बजे तक श्री राम कथा करेंगे। प्रतिदिन सांय 5:30 बजे कथा की आरती और 6 बजे भंडारा चलेगा। कथा शुभारंभ दिवस सोमवार, 15 जनवरी सुबह 10:15 बजे ब्रह्म सरोवर स्थित मां कात्यायनी देवी मंदिर से कथास्थल तक कलश यात्रा आयोजित की जाएगी। मंगलवार 23 जनवरी महाआरती का आयोजन होगा जिसमें यज्ञ सम्राट हरिओम महाराज एवं श्री जयराम विद्यापीठ के परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी शामिल होंगे। बुधवार 24 जनवरी को कालेश्वर महादेव मंदिर के समीप मां बाला सुंदरी यज्ञशाला मंदिर में श्री राम यज्ञ आरंभ होगा जिसकी पूणार्हुति वीरवार 25 जनवरी को सुबह 10 बजे होगी। इसी दिन सुबह 11 बजे विशाल भंडारे के साथ यह अनुष्ठान संपन्न होगा। इस अनुष्ठान में गीता मनीषी महामंडलेश्वर ज्ञानानंद महाराज, प्यौदा (कैथल) के महंत रूद्र पुरी महाराज, काशी विद्वत्परिषद के प्रभारी कार्ष्णि नागेंद्र महाराज, मां पीतांबरा पीठ नलखेड़ा (मध्य प्रदेश) के पीठाधीश्वर स्वामी सांदीपेंद्र महाराज, अखिल भारतीय साधु समाज के अध्यक्ष महंत बंसी पुरी, स्थानेश्वर महादेव मंदिर के प्रबंधक स्वामी रोशन पुरी, संत हरिओमदास परिव्राजक, महंत राजेंद्रपुरी महाराज, महंत जगन्नाथ, महंत भीमपुरी, आचार्य बलराम गौतम, आचार्य राजेश वत्स एवं आचार्य नरेश कौशिक आदि भक्ति प्रवचन करेंगे।

**ये रहेंगे आरती के मुख्य यजमान**
प्रथम दिवस 15 जनवरी को विधायक सुभाष सुधा एवं श्री खाटू श्याम परिवार सेवा समिति, दूसरे दिन 16 जनवरी को भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व सांसद नायब सिंह सैनी, जय मां अंबे सेवा समिति और धर्म जागरण हरियाणा, तीसरे दिन 17 जनवरी को वरिष्ठ भाजपा नेता जयभगवान शर्मा डीडी और जगदम्बा सेवा समिति, चौथे दिन 18 जनवरी को भाजपा नेता विशाल सिंगला व मायाराम चंद्रभानपुरा, पांचवे दिन समाजसेविका तनुजा व सारस्वत ब्राह्मण सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेंद्र शर्मा निंदी, छठे दिन 20 जनवरी को जिला परिषद उपाध्यक्ष डीपी चौधरी, भाजपा जिलाध्यक्ष रवि बातान और भाजपा हरियाणा युवाध्यक्ष राहुल राणा, सातवें दिन 21 जनवरी को समस्त मौदगिल परिवार (ग्योंग), आठवें दिन 22 जनवरी को पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा, पवन शर्मा पहलवान, समाजसेवी अशोक शर्मा और विश्व हिंदू परिषद कुरुक्षेत्र इकाई, नौवें व अंतिम दिवस 23 जनवरी को भाजपा प्रदेश महामंत्री डा.पवन सैनी रहेंगे।

# अखिल ब्राह्मण सभा शालीमार बाग ने लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर









**नई दिल्ली/तीरथ राज**
**दिल्ली के** शालीमार गांव की प्रजापति धर्मशाला में मुफ्त सर्जरी व स्त्री रोग कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन अखिल ब्राह्मण सभा शालीमार बाग और जैन मल्टी-स्पेशेलिटी हॉस्पीटल के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। इस मौके पर कौशल शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस शिविर में लगभग 151 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच डॉक्टरों के द्वारा की गई।
इस अवसर पर भाजपा जिला केशवपुरम के जिला अध्यक्ष डॉ. विरेन्द्र गोयल, निगम पार्षद रेखा गुप्ता, निगम पार्षद जलज चौधरी, पूर्व पार्षद सुजीत ठाकुर, भाजपा जिला महामंत्री अशोक भारद्वाज, पूर्व मंडल अध्यक्ष कृष्णपाल यादव, पूर्व मंडल अध्यक्ष कृष्ण दहिया, पूर्व निगम प्रत्याशी सुरभि जाजू, भाजपा नेता विरेन्द्र सिंह पिन्टू के अलावा डॉ. सिद्धार्थ जैन सर्जन, डॉ. सुनील बरनवाल न्यूरोसर्जन, डॉ. सुरेखा जैन स्त्रीरोग विशेषज्ञ के अलावा उनकी टीम मौजूद रही। साथ ही अखिल ब्राह्मण सभा शालीमार बाग से अश्वनी शर्मा, चेयरमैन गोविन्द शर्मा, बालमुकुन्द शर्मा गुरूजी, मुकेश शर्मा, एसके मुदग्गल, कौशल शर्मा, नरेश भारद्वाज, अनिल शर्मा, केपी शर्मा, डॉ. रिषीकांत शर्मा, सत्यपाल शर्मा, रमेश्वर शर्मा, तारादत्त शर्मा, सीमा शर्मा, नेहा शर्मा, योगदत्त शर्मा, सुधीर शर्मा, डॉ. हरिनारायण शास्त्री, आरपी कौशिक, तुषार के अलावा कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर आये हुए गणमान्य लोगों ने अखिल ब्राह्मण सभा शालीमार बाग के कार्यों की सराहना की और कहा कि इस प्रकार के शिविर सभी को आयोजित करने चाहिए। ऐसे शिविरों से लोगों को स्वास्थ्य की सेवाएं उनके घर के समीप ही मिल जाती है। इस अवसर पर अखिल ब्राह्मण सभा शालीमार बाग के चेयरमैन गोविन्द शर्मा ने अखिल ब्राह्मण सभा शालीमार बाग के द्वारा किये जा रहे कार्यों की जानकारी दी और कहा कि सेवा से बड़ा कोई कार्य नहीं होता है। इसलिए सभी को इस प्रकार के शिविर अपने-अपने क्षेत्र में अधिक से अधिक लगाने चाहिए। इस अवसर पर कार्यक्रम में आये हुए सभी गणमान्य लोगों का अखिल ब्राह्मण सभा शालीमार बाग के पदाधिकारियों ने स्वागत भी किया।
इस अवसर पर समाजसेवी कौशल शर्मा ने कहा कि हम सभी को अपने स्वास्थ्य के प्रति हमेशा ही सचेत रहना चाहिए और समय-समय पर स्वास्थ्य की जांच अवश्य ही करवानी चाहिए।






## जनता को गुमराह करना बंद करे आम आदमी पार्टी: बद्रूदीन खान



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**वजीरपुर विधानसभा** क्षेत्र के कांग्रेस नेता बद्रूदीन खान ने कहा कि आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता को गुमराह करने का कार्य किया है। आज दिल्ली की कॉलोनियों में रहने वाले लोगों को आप राज में मूलभूत सुविधाएं भी नहीं मिल रही है और आम आदमी पार्टी कहती है कि हम दिल्ली में विकास कर रहे है। उन्होंने आगे बताया कि दिल्ली की कॉलोनियों में रहने वाले आम जन को बाजार से महंगें दामों पर पानी खरीद कर पीना पड़ रहा है और आम आदमी पार्टी कहती है कि हम दिल्ली की जनता को मुफ्त पानी दे रहे है। उन्होंने बताया कि आज जो आप दिल्ली में विकास देख रहे है। उसका श्रेय केवल कांग्रेस को ही जाता है। क्योंकि कांग्रेस जो कहती है वह करके दिखाती है। यही कारण है कि आज देश के कोने-कोने में कांग्रेस का सिपाही मौजूद है और देश के लोगों की सेवा कर रहा है।

## 'समाज को जागरूक कर रही है वीआईपी फाउंडेशन'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**वीआईपी** फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. विपिन पिव्हाल ने बताया कि वीआईपी फाउंडेशन समाज को जागरूक करने का कार्य कर रही है। जिससे की किसी भी व्यक्ति को परेशान न होना पड़े।

**गरीबों की मदद के लिए हमेशा ही आगे रहती हैं फाउंडेशन:** फाउंडेशन के माध्यम से गरीब व असहाय लोगों की मदद की जाती है। समय-समय जागरूक भरे कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। जिससे की जरूरतमंद लोगों को अधिक से अधिक फायदा हो सके।

**समय-समय पर जागरूकता शिविरों का किया जाता है आयोजन:** उन्होंने आगे बताया कि वीआईपी फाउंडेशन के द्वारा



समय-समय पर स्टेशनरी वितरण कार्यक्रम, स्वास्थ्य शिविर, जागरूकता भरे कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। जिससे की लोग अधिक से अधिक लाभांवित हो सके।

**गरीबों में कम्बल का करें वितरण:** उन्होंने यह भी बताया कि हम सभी का कर्तव्य बनता है कि सर्दी को देखते हुए जो लोग सड़को पर ठंड में है, उन्हें गर्म कपड़े, कम्बल, रजाई और अन्य चीजे दे। जिससे की उनको इस ठंड से कुछ राहत मिल सके।

**नर सेवा होती है, नारायण सेवा:** उन्होंने बताया कि नर सेवा नारायण सेवा होती है। इसलिए सभी गरीबों को दिल खोलकर सहायता करें और गरीबों की मदद के लिए हमेशा ही आगे रहे, जिससे की किसी भी वर्ग के व्यक्ति को परेशान न होना पड़े।

**पौधारोपण करने में भी आगे है फाउंडेशन:** फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. विपिन पिव्हाल ने बताया कि फाउंडेशन के द्वारा समय-समय पर पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है और लोगों को अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए भी जागरूक किया जाता है। जिससे की लोग अधिक से अधिक पौधे लगाये।

**रक्तदान होता है, महादान इसलिए सभी करें रक्तदान:** उन्होंने आगे बताया कि सभी को रक्तदान करना चाहिए और दूसरों को भी रक्तदान करने के लिए प्रेरित करना चाहिए।

फाउंडेशन के अध्यक्ष विपिन पिव्हाल ने आगे यह बताया कि रक्तदान करने से किसी भी प्रकार की शरीर में कोई कमी नहीं आती है। इसलिए सभी रक्तदान करें और दूसरों को भी रक्तदान करने के लिए प्रेरित करें।

## पीएम मोदी ने देश में लागू की कई योजनाएं: सुनील यादव



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**उत्तर पूर्वी जिला** भाजपा जिले के मोर्चो की बैठक जिला कार्यालय पर संपन्न हुई। एससी मोर्चा चंद्रपाल चंदौलिया, पूर्वांचल मोर्चा की अध्यक्षता अनिल झा ने की। ओबीसी मोर्चा मोहित नागर, किसान मोर्चा बॉबी सिंह, महिला मोर्चा श्वेता सिंह ने अपने-अपने मोर्चो का डंका बजाया। जिला अध्यक्ष पूनम चौहान ने सभी को शुभकामनाएं दी और कहा कि जो मेहनत करता हैं वह आगे बढ़ता है। मोर्चा संघठन की रीढ़ की हड्डी होते हैं और जहाँ भी हमारे संघठन में बड़े काम होते हैं वहां मोर्चे अग्रणी भूमिका निभाते है।
सुनील यादव ने बताया कि देश के प्रधानमंत्री स्वयं ओबीसी समाज से आते हैं और लगभग 67 जातियां इसमें आती हैं।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा की निकाली प्रतिकात्मक यात्रा



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**कांग्रेस नेता राहुल** गांधी मणिपुर से मुंबई तक लगभग 6700 कि. मी. की भारत जोड़ो न्याय यात्रा मणिपुर के इंफाल से शुरू कर रहें है। पिछली भारत यात्रा से मिले बेहतर रिस्पॉन्स के उत्साह से भरी कांग्रेस देश भर में भारत जोड़ो यात्रा की प्रतिकात्मक यात्रा निकाल रही है। इसी कड़ी में रविवार को करावल नगर जिला कांग्रेस अध्यक्ष आदेश भारद्वाज के नेतृत्व में भी भारत जोड़ो न्याय यात्रा की प्रतिकात्मक यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में दिल्ली सरकार में पूर्व शिक्षा, ऊर्जा और पर्यटन मंत्री डॉ नरेंद्र नाथ , पूर्व मंत्री दिल्ली सरकार मंगतराम सिंघल, पूर्व विधायक हसन अहमद ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। इस मौके पर डॉ नरेंद्र नाथ, मंगतराम सिंघल, हसन अहमद, एसपी सिंह, अली मेहँदी, जयकरण चौधरी और आदेश भारद्वाज ने कहा कि यह यात्रा आज देश में बढ़ते अन्याय, जाति संप्रदाय के बीच बढ़ती नफरत, बढ़ती बेरोजगारी, बढ़ती महंगाई, किसानों पर पड़ती मार और महिला सुरक्षा से लेकर गरीबी और अमीरी की बढ़ती असमानता के प्रति सरकार की बेरुखी के खिलाफ है। इस यात्रा में एडवोकेट सतीश त्यागी, राम कुमार त्यागी, ब्लॉक अध्यक्ष रवींद्र त्यागी, कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष खेम चंद सैनी, उमा शर्मा मौजूद रहे।

## राष्ट्रवादी जनलोक पार्टी (सत्य) ने मनाया पांचवा स्थापना दिवस



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**मकर** संक्रांति पर राष्ट्रवादी जनलोक पार्टी (सत्य) का महाराणा प्रताप भवन केशवपुरम में पांचवा स्थापना दिवस मनाया गया। जिसकी अध्यक्षता सत्यपाल सिंह सिसोदिया दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष ने की। जिसमें संगठन महामंत्री ठाकुर दुष्यंत, महिला मोर्चा की राष्ट्रीय सचिव बबीता शर्मा, कोर कमेटी सदस्य चंद्रपाल चौहान, प्रभारी दिनेश शर्मा, उत्तरपश्चिम लोकसभा दिल्ली प्रभारी सत्येंद्र सिसोदिया, महासचिव ओपी पवार, सचिव कृष्ण मुरारी, उपाध्यक्ष श्रीराम कुशवाहा, हरी सिंह कुशवाहा सैकड़ों पदाधिकारियो ने भाग लिया। जिसमें सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। सभी ने स्थापना दिवस के दिन संकल्प लिया की पार्टी को मजबूत करने का कार्य करेंगे। अध्यक्ष सत्यपाल सिंह सिसोदिया ने आए हुए सभी पदाधिकारियों, सदस्यों, युवाओं का पार्टी की टोपी व फूल माला पहनाकर स्वागत किया।



बादली विधानसभा क्षेत्र के समयपुर में आयोजित मंक्रर संक्रांति कार्यक्रम में सम्मानित होते हुए सिविल लाईन जोन के पूर्व चेयरमैन सुरेन्द्र खर्ब। साथ में है भाजपा नेता हिमांशु भारद्वाज व अन्य गणमान्य लोग।

# शालीमार गांव: भारतीय जनता पार्टी ने चलाया स्वच्छता अभियान






**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**22 तारीख** को प्रभु श्रीराम जी प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम होगा उसी के उपलक्ष्य में देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवाहन पर रविवार को शिव मन्दिर शालीमार गांव में सफाई अभियान का आयोजन किया गया। उक्त जानकारी शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र के भाजपा नेता व पूर्व निगम पार्षद सुजीत ठाकुर ने दी।
इस मौके पर जिला केशवपुरम के जिला अध्यक्ष वीरेंद्र गोयल, जिला महामंत्री अशोक भारद्वाज, पूर्व मंडल अध्यक्ष श्रीकृष्ण यादव, पूर्व मंडल महामंत्री वीरेंद्र सिंह पिंटू, पूर्व निगम प्रत्याशी सुरभि जाजू, पूर्व मंडल अध्यक्ष श्रीकृष्ण स्वामी, सतीश कालीरमन, बालिंदर साहनी, रवि गौतम, सरिता , तरुण जैन, संदीप सागर, ईश्वर सैनी, नीलिमा मिश्रा, सिम्मी कठपाल अन्य सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे और सभी ने मंदिरों में सफाई की। इस अवसर पर पंडित जी ने जिला अध्यक्ष वीरेंद्र गोयल, जिला महामंत्री अशोक भारद्वाज और सभी का माला पहनाकर भगवान का आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर पूर्व पार्षद सुजीत ठाकुर ने कहा कि स्वच्छता बेहद ही जरूरी है और 22 तारीख को प्रभु श्रीराम जी प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम होगा इसको लेकर आज शालीमार बाग में सफाई अभियान मंदिरों में चलाया गया है।
इस मौके पर कई गणमान्य लोग मौजूद रहे और अपने-अपने विचार व्यक्त किये।

# यादव कल्याण समिति ने मनाया अपना 36वां स्थापना दिवस

**सम्मानित**

## 8 10वीं वा 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
यादव कल्याण समिति (रजि.), यादव भवन , सेक्टर- 16 , फरीदाबाद में आज अपना 36 वा स्थापना दिवस 14 जनवरी 2024(दिन रवीवार) , मकर सक्रांति को मनाया ' यादव समाज के लगभग 100 से अधिक विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया जिन्होंने 10वीं वा 12वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

जिन विद्यार्थियों के 80% से अधिक अंक प्राप्त किए थे उन सभी बच्चों को एक पुरस्कार राशि के साथ सर्टिफिकेट और शील्ड भेंट किया गाया। ऐसे बच्चों को भी सम्मानित किया गया जिन्होंने विभिन्न खेलो(वर्ष 2023) में नेशनल लेवल पर अपना स्थान दर्ज करवाया है।
इसके अलावा जिन छात्र-छात्राओं ने क्लास वन नौकरियां (वर्ष 2023) में हासिल की है उन्हें भी यादव कल्याण समिति की तरफ से प्रोत्साहित किया गया। मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर हवन कर प्रसाद वितरण किया गया और जरूरतमंदों को यादव कल्याण समिति ने 500 से अधिक कंबल वितरित किया गया। इस अवसर पर समाज की सरदारी ने भी बढ़ चढ़कर भाग लिया व प्रधान जी के साथ कार्यकारिणी के अन्य सदस्य जैसे पूर्व पार्षद श्री राम कुमार जी, राव निहाल सिंह जी, उप प्रधान श्री ब्रह्म कुमार जी, पत्रकार श्री हरपाल जी, रिटायर्ड प्रिंसिपल श्री अर्जुन जी एवं रिटायर्ड प्रिंसिपल श्री ओपी यादव जी के साथ श्री डी.पी यादव,श्री वीर सिंह जी, श्री पोपेंद्र यादव जी , सुंदर यादव जी बल्लभगढ़ से पार्षद दीपक यादव जी.सिंह जी दयाचंद जी नारायण सिंह जी, एवं श्री रघुवीर जी , रामानंद यादव जी डॉक्टर अजीत यादव जी के साथ विक्रम यादव, सम्राट यादव ,विवेक यादव, महेश लाम्बा, अरुण यादव आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# मकर सक्रांति पर किया दान अश्वमेध यज्ञ के बराबर : प्रवीण जैन

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
समाज संगठन की ओर से आज मकर संक्राति पर गर्म कपड़े वितरण अभियान के समापन पर संगठन कार्यालय पर आस पास की कालोनी की महिलाओं को शाल व कम्बल वितरित किए गए व बुजुर्ग आश्रम में महिलाओं को गर्म शाल व असंध रोड झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले बच्चो बुजुर्गो व महिलाओं व जाटल रोड असंध रोड राहगीरों व स्लिम बस्ती में गर्म कपड़े वितरण किए गए।

संगठन कार्यालय समापन पर अखिल भारतीय जैन मिलन की ओर से चेयरमैन राजिंद्र जैन व उनकी टीम ने संगठन अध्यक्ष प्रवीण जैन को पगड़ी पटका पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर



सम्मानित किया। संगठन के प्रधान प्रवीण जैन ने कहा कि मकर संक्राति पर कि या गया दान अश्वमेध यज्ञ के बराबर होता है। वहीं उन्होंने सभी मेंबरों का सहयोगियों का और पगड़ी पहनाकर सम्मानित करने के लिए भारतीय जैन मिलन की टीम का धन्यवाद किया। इस मौके पर प्रवीण जैन, विनोद गोयल, राजिंद्र जैन, प्रमोद जैन, अमित जैन, विकास जैन, अंकित माटा, दीपक गोस्वामी, अशोक मखीजा आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### वाहन चोरी करने वाले 2 आरोपियों को क्राइम ब्रांच एनआईटी की टीम ने किया गिरफ्तार, मोटरसाइकिल बरामद

**दोनों आरोपियों पर पूर्व में वाहन चोरी के 17 मामले दर्ज**
**टीम एक्शन इण्डिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
डीसीपी क्राइम हेमेंद्र कुमार मीणा के द्वारा आरोपियों की धर-पकड़ के दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच एनआईटी प्रभारी नरेश कुमार की टीम ने वाहन चोरी करने वाले 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में जावेद और नफीस का नाम शामिल है आरोपी जावेद गांव तिलवाड़ा नूहं का आरोपी नफीस गांव सिंगार नूहं का रहने वाला है। दोनों आरोपी वाहन चोरी के मामले में दिल्ली की जेल में बंद थे। जहां से पुलिस प्रोडक्शन पर लेकर आरोपियों से पूछताछ के दौरान थाना कोतवाली के एरिया टाउन नंबर दो रोज गार्डन से चोरी की गई मोटरसाइकिल आरोपी जावेद के घर से बरामद की गई है। आरोपियों पर पूर्व में दिल्ली में 11 है पलवल में 2 और फरीदाबाद में चार वाहन चोरी के मामले दर्ज हैं। आरोपियों को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया।

### ऑनलाइन जुआ खेलने वाले 4 आरोपियों को क्राइम ब्रांच सेक्टर 17 की टीम ने किया गिरफ्तार

**आरोपियों से मौके पर लैपटॉप, चार्जर,10 मोबाईल फोन व 4480/-रुपये नगद बरामद**
**टीम एक्शन इण्डिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
डीसीपी क्राइम हेमेंद्र कुमार मीणा के द्वारा अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त आरोपियों की धर-पकड़ के दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेक्टर 17 प्रभारी अशोक कुमार की टीम ने ऑनलाइन जुआ खेलने वाले 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि क्राइम ब्रांच टीम गस्त पर थी गस्त के दौरान क्राइम ब्रांच टीम को अपने गुप्त सूत्रों से आरोपियों के ऑनलाइन जुआ खेलने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना पर क्राइम ब्रांच टीम ने गांव नवादा की इंडस्ट्री एरिया में रेड कर 4 आरोपी को काबू किया। काबू आरोपियों में गौरव अरोड़ा, गौरव भाटिया, कुणाल उर्फ मुन्ना और करन वीर उर्फ किट्टी का नाम शामिल है। काबू चारों आरोपी एनआईटी फरीदाबाद के एरिया के रहने वाले हैं। आरोपियों से मौके पर लैपटॉप, चार्जर, रिकोर्डर, डायरी, 3 चार्जर, 3 डाटा केवल, 10 मोबाईल व 4480/-रुपये नगद बरामद किए गए हैं। आरोपियों के खिलाफ थाना डबुआ में जुआ खेलने की धारों में मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर नियमानुसार कार्रवाई की गई।

### अयोध्या में रामलला प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में भव्य कलश यात्रा का आयोजन

**टीम एक्शन इण्डिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
साईं मंदिर मवई रोड में अयोध्या में रामलला प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में एक भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन साईं मित्र मंडल चैरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से हुआ।
कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री के पूर्व राजनीतिक सचिव अजय गौड़ उपस्थित थे।
मुख्यमंत्री के पूर्व राजनीतिक सचिव अजय गौड़ ने उपस्थित श्रद्धालुओं को सम्बोधित कहा कि आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला विराजमान होगें। जिसको लेकर भारत वर्ष ही नहीं बल्कि पूरे विश्व के हिन्दू परिवार अपने घरों में दीपक जलाकर दीपावली मनाएगें। देश भर के सभी मंदिरों में भव्य पूजा अर्चना की जाएगी। यह सभी अपने घरों में दीपक जलाकर भगवान राम के आगमन पर खुशियां मनाए।
साईं मित्र मंडल चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक नरेंद्र जैन ने बताया कि आगामी 22 तारीख को मंदिर में रामचरित मानस का पाठ एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है।
वहीं यात्रा में आसपास की कॉलोनी की महिलाओं एवं पुरुषों में बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। यात्रा के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया।
कार्यक्रम में आरएसएस नगर कार्यवाहक दिनेश बंसल, शोभित अरोड़ा, प्रवीण चौधरी, जतिन प्रधान, डॉक्टर नवीन, पंडित विनय शास्त्री, ब्रह्मानंद शर्मा विशेष तौर पर उपस्थित थे।

## घर से लापता 17 वर्षीय नाबालिक लड़की को क्राइम ब्रांच ने किया परिजनों के हवाले

**टीम एक्शन इण्डिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
डीसीपी क्राइम हेमेंद्र कुमार मीणा के द्वारा दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच कैट प्रभारी सरजीत सिंह की टीम ने घर से लापता नाबालिक लड़की को तलाश कर परिजनों के हवाले करने का सराहनीय कार्य किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि नाबालिक लड़की अपने घर से 6 जनवरी को बिना बताए अपने घर से निकल गई थी। जिसकी परिजनों के द्वारा काफी तलाश की गई लड़की के नहीं मिलने पर परिजनों द्वारा लड़की के गुम होने की सूचना पुलिस को दी

# जल्द ही गुर्जर समाज करेगा प्रदेश स्तरीय सम्मेलन, दिखाएगा ताकत

**अनदेखी**

## 8 जो पार्टी गुर्जर समाज की अनदेखी करेगी, समाज भी उस पार्टी की अनदेखी करने से पीछे नही हटेगा-पसीना

**टीम एक्शन इण्डिया/पानीपत**
हरियाणा प्रदेश में गुर्जर समाज की सरेआम अनदेखी की जा रही है। पिछड़ा वर्ग (बीसी-बी) में जो पहले गुर्जर समाज को आरक्षण मिलता था उसमें भी हरियाणा सरकार ने कटौती करने का काम किया है। इतना ही नही बल्कि देश प्रदेश के अंदर आज तक भाजपा सरकार ने किसी भी गुर्जर समाज के व्यक्ति को किसी विश्वविद्यालय



का कुलपति तक नही बनाया है, आईएएस व आईपीएस रैक से रिटायर अधिकारी को सरकार कोई ना कोई जिम्मेदारी देती है,लेकिन हरियाणा सरकार में डीजीपी पद से रिटायर डा.केपी सिहं की भी सरेआम सरकार ने अनदेखी कर साबित कर दिया है कि भाजपा सरकार गुर्जर समाज की अनदेखी कर रही है। उक्त बाते हरियाणा के विभिन्न जिलों से आए गुर्जर सभा के प्रधानों पानीपत के डझा रोड स्थित गुर्जर भवन में दहाड़ते हुए कही। साथ ही जल्द से जल्द प्रदेशस्तरीय गुर्जर सम्मेलन करने की बात कही। रविवार को गुर्जर भवन में पूर्व जिला पार्षद व गुर्जर सभा पानीपत के जिला प्रधान कर्णसिंह पसीना की अध्यक्षता में हरियाणा प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए गुर्जर सभा के प्रधानों की बैठक आयोजित हुई। बैठक के संचालन के लिए जयपाल छौक्कर को प्रधान नियुक्त किया गया। मंच का संचालन मा.मुकेश बोस व पूर्व चेयरमैन सुरेन्द्र जलमाना ने किया। इस दौरान गुर्जर सभा के विभिन्न जिलों से आए गुर्जर सभा के प्रधानों व विभिन्न पदाधिकारियों ने कहा कि गुर्जर समाज ने 90 प्रतिशत वोट भाजपा को दिए,लेकिन देश के अंदर समाज का एक भी मुख्यमंत्री नही है। गुर्जर सभा प्रधान कर्ण सिंह ने कहा कि अगर हमें समाज हित में कार्य करने है तो एकता का परिचय देना होगा और सरकार को अपनी ताकत दिखाने के लिए प्रदेश स्तरीय गुर्जर सम्मेलन करना होगा,ताकि सरकार के गुर्जर समाज की ताकत का पता चल सकें। पसीना ने कहा कि जो पार्टी गुर्जर समाज की अनदेखी करेगी,समाज भी उस पार्टी की अनदेखी करने से पीछे नही हटेगा। प्रदेश स्तरीय गुर्जर महासम्मेलन पर प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए गुर्जर सभा के प्रधानों ने सहमति जताते हुए तन-मन-धन सहित हर प्रकार से सहयोग करने का आश्वासन दिया।

# क्राइम ब्रांच ने हथियार सहित 2 आरोपियों को अलग-अलग स्थान से किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इण्डिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
डीसीपी क्राइम हेमेंद्र कुमार मीणा के द्वारा आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त आरोपियों की धर-पकड़ के दिए गए दिशा-निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच डीएलएफ प्रभारी कप्तान सिंह की टीम ने अवैध हथियार रखने वाले दो आरोपियों को अलग-अलग स्थान से गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में प्रदीप उर्फ पड़डा और बंटी का नाम शामिल है। आरोपी प्रदीप उर्फ पड़डा रामनगर बाटा पुल का तथा आरोपी



बंटी नेहरू कॉलोनी एनआईटी का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच टीम ने आरोपी प्रदीप उर्फ पड़डा को बाटा पुल के पास से आरोपी बंटी को मुल्ला होटल के पास से काबू किया है।
दोनों आरोपियों की तलाशी लेने पर देसी पिस्तौल बरामद की गई है। दोनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित थानों में मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। आरोपी प्रदीप उर्फ पड़डा देसी पिस्तौल को उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ में किसी व्यक्ति से हवाबाजी के लिए ?3000 में खरीद कर लाया था तथा आरोपी बंटी मेरठ किसी कम से गया था वहां पर झगड़े होते हुए देखा था झगड़े में आरोपी को देसी

## क्राइम ब्रांच 85 ने देसी कट्टे सहित आरोपी को किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इण्डिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
डीसीपी क्राइम हेमेंद्र कुमार मीणा के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच 85 प्रभारी जोगिंदर सिंह की टीम ने अवैध हथियार के मुकदमे में आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम बंटी है जो मथुरा का रहने वाला है और फरीदाबाद में एनआईटी एरिया में रहता है। क्राइम ब्रांच की टीम ने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर आरोपी को अवैध हथियार सहित बीपीटीपी एरिया से काबू किया था। आरोपी के कब्जे से 1 देशी कट्टा बरामद किया गया।

## साइबर अपराधियों द्वारा सोशल मीडिया पर पैसे कमाने का लालच या राम मंदिर के उद्घाटन के नाम पर की जा रही ठगी

**टीम एक्शन इण्डिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
पुलिस द्वारा आमजन को साइबर ठगी से बचाने के लिए साइबर एडवाइजरी जारी की गई है जिसमें आमजन को सोशल मीडिया पर टास्क के लालच में फंसा कर या राम मंदिर उद्घाटन के निमंत्रण के नाम पर होने वाली साइबर ठगी से बचने का आह्वान किया गया है।
साइबर अपराध के तरीकेः
सोशल मीडिया पर टास्क देकर पैसे कमाने के लालच में फसाकरः
घर बैठे कम समय में पैसे कमाने के लिए टास्क देकर या जानकार बनाकर पैसे खाते में भेजने का लालच देकर व ट्रेडिंग या इन्वेस्टमेंट में कम समय में कई गुना मुनाफे का लालच देकर लोगों की जमापूंजी हड़पने वाले साइबर ठगों से सावधान रहें।
यदि आपको कोई भी कम समय में ज्यादा पैसे कमाने की बात कहता है तो समझ जाएँ कि वो साइबर ठग हैं जो आपका पैसा हड़पने की फिराक में हैं
राम मंदिर उद्घाटन के निमंत्रण के नाम पर अढङ फाइल भेजकरः
राम मंदिर उद्घाटन के नाम पर अढङ फाइल से सावधान रहें। लोगों को एपीके फाइल वाला व्हाट्सएप संदेश मिल रहा है जिसमें कहा गया है कि "राम मंदिर उद्घाटन के लिए वीआईपी पास प्राप्त करेंह्न यह एपीके फाइल एक मैलवेयर है जो आपका डेटा चुरा लेगी। ऐसे



मेसेज को तुरंत डिलीट कर दीजिए ताकि आपकी पर्सनल जानकारी साझा ना हो।
साइबर पुलिस की उपलब्धियाँः
5 जनवरी से 11 जनवरी तक फरीदाबाद की साइबर पुलिस ने 7 केस सुलझाते हुए 11 आरोपियों को गिरफ्तार कर 32200 रूपए किए बरामद
3 केस साइबर सेंट्रल, 3 साइबर बल्लबगढ़ तथा 1 मामला साइबर एनआईटी ने सुलझाया है।
इस सप्ताह में साइबर पुलिस ने 170 शिकायतों का निस्तारण करते हुए 40 लाख 30 हजार रूपए रिफंड करवाए
पिछले 02 माह में साईबर अपराध में संलिप्त 617 फ्रॉड सिम को बन्द करवाया जा चुका है।
साइबर अपराध होने पर अपनी शिकायत साइबर हेल्पलाइन 1930 या https://cyber-crime.gov.in पर दर्ज करवाएं।
साइबर पुलिस द्वारा साइबर अपराधियों के बैंक खातों को फ्रीज करके ठगी से प्राप्त की गई राशि वापस आपके बैंक खाते में ट्रांसफर करवा दी जाएगी।

# 22 जनवरी को दीवाली से भी बड़ा त्यौहार मनाएं लोगः नागर

**टीम एक्शन इण्डिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
बीपीटीपी क्यू ब्लॉक आरडब्ल्यूए की ओर से मकर संक्रांति के अवसर पर जरूरतमंदों को कंबल का वितरण किया गया और उन्हें भोजन कराया गया। इस अवसर पर विधायक राजेश नागर ने कहा कि इस 22 जनवरी को सभी लोग दीवाली से भी बड़ा त्यौहार मनाएं। उन्होंने कहा कि आज 550 वर्षों के बाद भगवान श्रीराम का मंदिर लोकार्पित होने जा रहा है। 22 जनवरी के दिन पीएम नरेंद्र मोदी द्वारा भगवान श्रीराम लला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है। इन दिन पूरी दुनिया भगवान श्रीराम लला को सम्मान दे रही है। अनेक देशों ने इस दिन छुट्टी की घोषणा की



है कि सनातनी परिवार अपने भगवान के सम्मान को त्यौहार के रूप में मना सकें। यूके और मॉरीशस जैसे देशों में भगवान की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का लाइव प्रसारण होगा।

नागर ने कहा कि आज पीएम नरेंद्र मोदी दुनिया के सबसे मजबूत और पॉपुलर नेता हैं। उन्हें करीब 76 प्रतिशत वोट मिले हैं। उन्होंने एक ऐसा माहौल बना दिया है कि लोगों को सनातनी होने पर गर्व हो रहा है। उनके अथक प्रयासों से हमें यह अवसर प्राप्त हो रहा है कि हमारे भगवान श्रीराम अयोध्या में नवनिर्मित भव्य मंदिर में आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम सभी के हैं। सभी को पार्टी लाइन से अलग होकर एक भारतीय के नाते भगवान के स्वागत में अपने मन मंदिर और घर को सजाना चाहिए। विधायक राजेश नागर ने कहा कि मैं आपके क्षेत्र के विकास के काम में लगा हुआ हूं। सभी काम होंगे। आपके किन्हीं कामों के बारे में हम जल्द आपस में बात कर लेंगे। उन्होंने बताया कि यहां भी एक मंदिर को लेकर बिल्डर परेशान कर रहा था लेकिन उसे समझा दिया गया है कि जनता को परेशान न करें और अब मंदिर बन रहा है।

# थानेसर हलका के 57 गांवों में योजनाओं से वंचित नागरिकों को मिला फायदाः सुधा

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**विधायक सुभाष सुधा ने कहा कि थानेसर हलका के 57 गांवों में विकसित भारत सकंल्प यात्रा के दौरान थानेसर हलका के हजारों लोगों को फायदा मिला है। यह नागरिक सरकार की योजनाओं के लाभ से वंचित थे। इन लोगों को उमके घर जाकर योजनाओं का लाभ दिया गया है। इस हलका में राज्य व केंद्र सरकार की तरफ से विकास कार्यो पर करीब 4 हजार करोड़ रुपए का बजट खर्च किया गया है और कई परियोजनाओं पर काम किया जा रहा है। इस नए साल में उनका ड्रीम प्रौजेक्ट एलिवेटेड रेल ट्रैक का निर्माण कार्य भी मार्च माह में पूरा हो जाएगा। इस प्रौजेक्ट पर लगभग 225 करोड़ का बजट खर्च होगा।विधायक सुभाष



सुधा रविवार को थानेसर नई अनाजमंडी में हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड की तरफ से आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। इससे पहले विधायक सुभाष सुधा ने हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड की तरफ से 2.5 करोड़ की लागत से अनाडमंडी में व्यक्ति प्लेटफार्म, कामन प्लेटफार्म, सर्विस रोड, पार्किंग एंव जन स्वास्थ्य संबंधी निर्माण कार्य व विशेष रिपेयर कार्य तथा सब्जी मंडी में 1.5 करोड़ रुपए की लागत से बूथ नंबर 288 से 298 के आगे व पीछे तथा 298 से 309 के पीछे वाली जमीन पर पेवर ब्लाक लगाने के कार्य का शिलान्यास किया है। इस कार्य का आगामी 6 माह में पूरा कर लिया जाएगा। विधायक ने हलका वासियों को मंकर सक्रांती की बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल के प्रयासों से थानेसर हलका में पिछले 9 सालों में विकास कार्यो पर करीब 4 हजार करोड़ रुपए का बजट खर्च किया जा चुका है। इस हलका में जगमग हरियाणा योजना, पलवल में महिला कालेज, नर्सिंग कालेज, देश की पहली आयुष यूनिवर्सिटी, किरमच व सब्जी मंडी में 9 करोड़ की लागत से राजकीय स्कूलों के भवन, संस्कृत स्कूल, 100 बैड का वाताअनुकुलित अस्पताल, 100 बैड का एक और अस्पताल, बारना में सीएससी, पिपली से थर्ड गेट व रेलवे रोड का निर्माण कार्य पूरा किया है।जिप वाइस चेयरमैन डीपी चौधरी ने कहा कि विधायक सुभाष सुधा की तरफ से पिछले 9 सालों में रिकार्ड तौर विकास कार्य पूरे करवाए गए है। इस सरकार के कार्यकाल में हर वर्ग के लिए योजनाओं को अमलीजामा पहनाने का काम किया गया है। नई अनाजमंड़ी के प्रधान दयाल चंद ने मेहमानों का स्वागत किया और सब्जी मंडी के प्रधान राकेश कुमार ने आभार व्यक्त किया। इस मौके पर कार्यकारी अभिंयता सतीश कुमार, सचिव हरजीत सिंह, एसडोओ राकेश कुमार, धर्मपाल, जेई मुनीष कुमार, समाजसेवी मुकुंद सुधा,शशी जैन, मनिंद्र छिंदा,सब्जी मंडी से कृष्ण कुमार, गजेंद्र जैन, संजीव गर्ग, रामेश्वर जिंदल, राकेश मंगल, मनजीत सिंह, विष्णु मितल, सुरजीत विज, पवन कुमार, कृष्ण लाल, मनोहर लाल, संजीव, चरण सिंह, राजेश अग्रवाल, पूर्व सरपंच बचकी मलकीत सिंह, श्याम लाल आदि उपस्थित थे।

# स्वास्थ्य विभाग की 850 से ज्यादा फाइलें धूल फांक रही : राकेश चुघ

**टीम एक्शन इण्डिया/पानीपत, कमाल हुसैन**
आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष राकेश चुघ ने पार्टी कार्यालय में प्रेसवार्ता कर हरियाणा में बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर खट्टर सरकार को घेरा। उनके साथ प्रदेश सहसचिव कृष्ण अग्रवाल और सुखबीर मलिक मौजूद रहे। राकेश चुघ ने खट्टर सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था के कारण हरियाणा के हालात दिन प्रतिदिन खराब होते जा रहे हैं। हरियाणा में स्वास्थ्य व्यवस्था पर खट्टर सरकार का कोई ध्यान नहीं है। हरियाणा में



भाजपा सरकार पूरे तरह से विफल हो चुकी है। उन्होंने खट्टर सरकार से डॉक्टर्स के खाली पड़े 50 प्रतिशत से ज्यादा पदों को भरनेए अस्पतालों में मशीनों के प्रबंध और अस्पतालों के जर्जर हो चुके भवनों को ठीक करवाने की मांग की। उन्होंने कहा कि हरियाणा के गृह और स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज के अपने क्षेत्र में सरकारी अस्पताल की लापरवाही का एक बड़ा मामला सामने आयाए जिसने इंसानियत को शर्मसार कर दिया है। एक महिला ने सरकारी अस्पताल की लापरवाही के चलते अस्पताल के गेट के बाहर ही सब्जी की रेहड़ी पर ही बच्चे को जन्म दे दिया। महिला का पति बार.बार डॉक्टरों से मदद की गुहार लगाता रहाए लेकिन डॉक्टरों ने कोई ध्यान ही नहीं दिया और कोई स्ट्रेचर तक लाने को तैयार नहीं हुआ। इस मौके पर जिला मीडिया प्रभारी दीपक बग्गा, अशद खान,चंदन छाबड़ा, होशियार सिंह, योगेश कौशिक व संदीप मनचंदा मौजूद रहे।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group



# मुख्यमंत्री ने अयोध्या को दी ईवी की सौगात

## मुख्यमंत्री ने अयोध्या में 50 ई-बसों और 25 ई-ऑटो को दिखाई हरी झंडी, 22 जनवरी की तिथि भारत की श्रद्धा और आस्था को सम्मान देने की तिथि

**धुआं रहित**

**8 डिजिटल टूरिज्म एप और अयोध्या पुलिस की आधिकारिक वेबसाइट का भी किया उद्घाटन**



**टीम एक्शन इंडिया/अयोध्या**
**अयोध्या** धाम में नवनिर्मित मंदिर में भगवान श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने विभिन्न कार्यक्रमों में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने ई वाहनों (50 इलेक्ट्रिक बसों एवं 25 ई ऑटो) का फ्लैग ऑफ कर अयोध्यावासियों को उपहार दिया। साथ ही मुख्यमंत्री ने डिजिटल टूरिस्ट एप के साथ ही अयोध्या पुलिस की आधिकारिक वेबसाइट को भी लॉन्च किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने उपस्थित लोगों को संबोधित किया। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि अयोध्या धाम में श्रीराम लला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पूर्व आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पब्लिक ट्रांसपोर्ट की बेहतरीन सुविधा उपलब्ध हो सके, इस उद्देश्य से अयोध्या नगर निगम और अयोध्या सिटी में ई-बसों एवं ई-ऑटो के शुभारंभ व टूरिज्म सेंट्रिक मोबाइल एप और अयोध्या पुलिस की आधिकारिक वेबसाइट का शुभारंभ किया गया है। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी की तिथि भारत की श्रद्धा और आस्था को सम्मान देने की तिथि है व भारत के स्वाभिमान और सम्मान को पुनर्स्थापित करने की भी पावन तिथि है। जब प्रभु श्रीराम 500 वर्षों के बाद अपने भव्य मंदिर में विराजमान होंगे तो न केवल अयोध्या धाम में बल्कि पूरे देश और प्रदेश में रामराज्य की स्थापना का जो कार्य 2014 में प्रारंभ हुआ था, इसे मूर्त रूप प्रदान करते हुए यशस्वी भविष्य की कामना के साथ हमें उनका आशीर्वाद प्राप्त होगा।

उन्होंने कहा कि स्वाभाविक रूप से इस पौराणिक और ऐतिहासिक तिथि को आने वाले श्रद्धालुओं, भक्तों, आस्थावान यात्रियों और पर्यटकों की सुविधा के लिए अयोध्या सज धज रही है। यहां इंफ्रास्ट्रक्चर का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 30 दिसंबर 2023 को किया है। क्या कोई सोचता था कि अयोध्या में इतनी शानदार सड़कें होंगी। आज आप अयोध्या में राम पथ, भक्ति पथ, धर्म पथ, जन्मभूमि पथ को देखेंगे तो हर कोई अभिभूत होगा। मल्टीलेवल पार्किंग, गुप्तार घाट से लेकर रामकी पैड़ी और नए घाट तक के घाटों का निर्माण, सूरजकुंड, भरतकुंड इन सबके सौंदर्यीकरण के कार्यक्रम को देखेगा तो हर कोई अभिभूत हो जाएगा। उसी श्रृंखला में आने वाले श्रद्धालुओं की अवस्थापना सुविधाओं के लिए अच्छे यात्री निवास, धर्मशालाओं का निर्माण, अच्छे होटल, टेंट सिटी भी बन रही है या बन चुकी है।

### देश और दुनिया अयोध्या के प्रति आतुरः

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि आने वाले यात्रियों को कोई परेशानी न हो, इसके लिए इलेक्ट्रिक बसें, ई ऑटो और अन्य सुविधाएं यहां पर प्रारंभ हो रही हैं। यही नहीं, डिजिटल टूरिस्ट एप के द्वारा कोई भी आने वाला श्रद्धालु अयोध्या के हर स्पॉट का अवलोकन कर सके और अयोध्या को नजदीक से निहार सके, इस दृष्टि से भी इस कार्यक्रम को आज यहां संपन्न किया गया है। सीएम योगी ने अयोध्यावासियों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस अवसर पर मैं सभी अयोध्यावासियों को बधाई और मकर संक्रांति की शुभकामनाएं देता हूं। आने वाले सभी श्रद्धालुजनों के लिए अभी से उनका अग्रिम अभिनंदन करते हुए सभी अयोध्यावासियों का अभिवादन करता हूं। हजारों वर्षों बाद यह अवसर आता है, जब प्रभु की सेवा में कुछ कर गुजरने का अवसर मिलता है। हमारी पीढ़ी को यह अवसर मिला है। 500 वर्षों बाद प्रभु श्रीराम स्वयं के भव्य मंदिर में विराजमान होंगे। देश और दुनिया अयोध्या के प्रति आतुर है। कब उन्हें अयोध्या में प्रभू श्रीराम के दर्शन का अवसर मिलता है। हम सौभाग्यशाली हैं कि यहां पर हमें प्रभु का आशीर्वाद मिल रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी जिम्मेदारी बनती है कि सबसे पहले अयोध्या स्वच्छ और सुंदर दिखाई दे। सरकार का जो काम है वो सरकार कर रही है।

---

**फास्ट न्यूज**

## नृसिंह मंदिर जोशीमठ में चला स्वच्छता अभियान

**जोशीमठ/उखीमठ:** अयोध्या में भगवान राम मंदिर में श्रीराम लला प्राण प्रतिष्ठा समारोह के उपलक्ष्य में श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) ने श्री नृसिंह मंदिर जोशीमठ सहित श्री ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ और अधीनस्थ मंदिरों में स्वच्छता अभियान तथा जन जागरण अभियान चलाया। अभियान में महिला मंगल दल सहित स्कूल के छात्र-छात्राओं तथा एनसीसी कैडेटों ने भी प्रतिभाग किया। उल्लेखनीय है कि जहां प्रदेश में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अयोध्या में भगवान श्री राममंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह 22 जनवरी के उपलक्ष्य में दीपोत्सव, भक्ति-भजन, जागरण कार्यक्रमों, स्वच्छता अभियान हेतु प्रदेशवासियों का आह्वान किया है। श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति अध्यक्ष अजेंद्र अजय के निर्देश पर बीकेटीसी के सभी मंदिरों में विशेष पूजाओं, दीपोत्सव स्वच्छता अभियान हेतु मुख्य कार्याधिकारी योगेंद्र सिंह ने आदेश जारी किये, इसी क्रम में पहले बीते शनिवार को श्री योग बदरी पांडुकेश्वर में स्वच्छता जनजागरण अभियान शुरू हुआ। रविवार को आदि गुरु शंकराचार्य गद्दी स्थल, श्री नृसिंह मंदिर जोशीमठ सहित नव दुर्गा मंदिर, वासुदेव मंदिर, गोपाल मंदिर नंद प्रयाग, सीता माता मंदिर चाई तथा श्री ओंकारेश्वर मंदिर उखीमठ, श्री विश्वनाथ मंदिर गुप्तकाशी, श्री त्रिजुगीनारायण मंदिर, काली माता मंदिर कालीमठ, वाराही मंदिर सहित सभी अधिनस्थ मंदिरों में भी बीकेटीसी जनजागरण एवं स्वच्छता अभियान आज से शुरू हो गया है जोकि भगवान राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा तिथि 22 जनवरी के बाद तक चलता रहेगा। बीकेटीसी मीडिया प्रभारी डा. हरीश गौड़ ने बताया कि जन जागरण एवं स्वच्छता अभियान में मंदिर समिति कर्मचारी तथा स्थानीय जनता तथा शिक्षण संस्थाएं महिला मंगल दल भी स्वेच्छा से प्रतिभाग कर रहे हैं। आज जोशीमठ श्री नृसिंह मंदिर में चले स्वच्छता अभियान में मंदिर समिति कर्मचारी तथा महिला मंगल दल जोशीमठ के पदाधिकारी सदस्य भी शामिल रहे।इस अवसर पर बीकेटीसी उपाध्यक्ष किशोर पंवार ने अभियान में शामिल रहकर कर्मचारियों का उत्साह वर्धन किया।

## शिर्गुल महाराज व विजट महाराज के मंदिर में मकर संक्रांति पर उमड़ी भीड़

**नाहन:** मकर संक्रांति के अवसर पर क्षेत्र के मंदिर में काफी भीड़ देखी गई। इसी दौरान जहां उत्तर भारत के प्रमुख आस्था स्थल श्री रेणुका जी स्थित मां रेणुका भगवान परशुराम और मां गायत्री आदि मंदिरों में काफी भीड़ जुटी। वहीं ठंड के बावजूद सैकड़ों श्रद्धालुओं द्वारा झील में स्नान किया। उपमंडल सगड़ाह के मां भगायणी मंदिर हरिपुरधार में भी काफी भीड़ रही। इसके अलावा विकासखंड संगड़ाह के सभी 44 पंचायतों में ग्रामीणों ने अपने कुल देवता की पूजा की। चुडधार की तलहटी में बसे माँ भगायणी मंदिर हरिपुर धार प्राचीन देव मानल में स्थित शिरगुल महाराज और विजट महाराज मंदिर में भी सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। परंपरा के अनुसार गिरिपार में मांगो रे साजे के नाम से मनाई जाने वाली मकर संक्रांति पर लोग अपने कुलदेवता को अनाज व घी आदि चढ़ाते हैं।

---

## 315 यूथ क्लबों को 1.50 करोड़ रुपए की राशि जारी



**युवा दिवस**

**8 मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली राज्य सरकार द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर यूथ क्लबों को तोहफा**

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**मुख्यमंत्री** स. भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली राज्य सरकार ने राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर राज्य के यूथ क्लबों को तोहफा देते हुए पिछले दो सालों के समय के दौरान पूरी तरह से सक्रिय रहने वाले 315 यूथ क्लबों को 1.50 करोड़ रुपए की राशि जारी की।

युवा सेवाएं मंत्री गुरमीत सिंह मीत हेयर ने आज यहाँ पंजाब भवन में सांकेतिक तौर पर 20 क्लबों के प्रतिनिधियों को बुलाकर चैक सौंपे। युवा सेवा द्वारा बाकी क्लबों को राशि बाँटने के लिए जिला वार यह राशि दी गई है। मीत हेयर ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देशों पर आज पहले पड़ाव में 1.50 करोड़ रुपए की राशि दी गई है और दूसरे पड़ाव में आने वाले समय में 1.50 करोड़ रुपए की और राशि दी जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि 315 यूथ क्लबों का चयन पिछले दो सालों की जमीनी स्तर की गतिविधियों को ध्यान में रखते हुए चयन किया गया है। मीत हेयर ने यूथ क्लबों के लिए एक और बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि नयी युवा नीति में यूथ क्लबों के लिए सालाना अवॉर्ड शुरू किया जा रहा है। जिला स्तर पर अवॉर्डों का चयन करके पहले तीन स्थानों पर आने वाले क्लबों को क्रमवार 5 लाख, 3 लाख और 2 लाख रुपए की नकद राशि दी जायेगी। अवॉर्ड के चयन के लिए क्लबों की सरगर्मियों को आधार बनाया जायेगा। पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक बुराईयों को जड़ से खत्म करने के लिए यूथ क्लबों को आगे आने का न्योता देते हुए उन्होंने आगे कहा कि पराली जलाने के रुझान को खत्म करने के लिए सरकार द्वारा भी प्रयास किए जा रहे हैं।

## नैनीताल से प्रदेश में सांस्कृतिक उत्सव का हुआ आगाज

**उत्सव**

**8 सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कैंची धाम परिसर स्थित श्री राम शिला की साफ सफाई कर की पूजा अर्चना**



**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**
प्रदेश के सभी धार्मिक स्थलों और प्रतिष्ठानों में 14 जनवरी से 22 जनवरी तक सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। रविवार को कैंची धाम से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश में सांस्कृतिक उत्सव का शुभारंभ किया। उन्होंने कैंचीधाम और घोड़ाखाल मंदिर में स्वच्छता अभियान चलाकर जन जन को इस मुहिम से जुड़ने का आह्वान किया। सर्वप्रथम उन्होंने कैंची धाम में श्री राम शिला की साफ सफाई कर पूजा अर्चना की। फिर कैंची धाम मंदिर परिसर में आयोजित श्री राम भजन कार्यक्रम में भी सम्मिलित हुए। रामभक्ति में लीन होकर राम भजनों की स्तुति की। मुख्यमंत्री ने इससे पूर्व कैंची धाम में नीब करौरी बाबा की पूजा अर्चना कर प्रदेश की सुख, समृद्धि, शांति, एवं खुशहाली की कामना की। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कैंचीधाम में आए भक्तों को प्रसाद वितरण किया। साथ ही विभिन्न प्रदेशों से आए लोगों से सरकार की कार्यप्रणाली के बारे में फीडबैक भी लिया। स्वच्छता अभियान में शामिल पर्यावरण मित्रों के कार्यों की सराहना करते हुए उनसे बातचीत की। मुख्यमंत्री ने स्कूली बच्चों, स्वयं सहायता समूह, ग्राम प्रधानों एवं पर्यावरण मित्रों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

## मिक्सिंग कर विदेशी कोयला चुरा रहे तीन गिरफ्तार

**जयपुरः** पुलिस मुख्यालय की स्पेशल टीम क्राइम इन्वेस्टिगेशन डिपार्टमेंट (सीआईडी क्राइम ब्रांच) टीम ने विदेश से आयातित महंगे कोयले में मिलावट कर चोरी करने के मामले का खुलासा किया है। जोधपुर ग्रामीण जिले के बिलाड़ा थाना क्षेत्र स्थित एक गोदाम में स्थानीय पुलिस के सहयोग से छापा मार दो ट्रक ट्रेलर व एक बिना नंबरी मिक्सिंग लोडर ट्रैक्टर के साथ हजारों किलो ग्राम मिलावटी कोयला व सील मशीन जब्त की। मौके से पुलिस ने तीन आरोपितों को भी गिरफ्तार किया है।

## सरपंचों से रिश्वत बी.डी.पी.ओ. गिरफ्तार

**चंडीगढ़**-पंजाब विजीलैंस ब्यूरो ने आज ब्लॉक ममदोट, जिला फिरोजपुर में तैनात ब्लॉक विकास एवं पंचायत अधिकारी (बीडीपीओ) सरबजीत सिंह को इलाके के सरपंचों से रिश्वत लेने के दोष अधीन गिरफ्तार किया है। सरपंच पिप्पल सिंह, गाँव मुहम्मद खान नियाजियां के सरपंच परगट सिंह, गाँव गट्टी मस्तान नंबर 2 के सरपंच अनोख सिंह, गाँव चक्क अमरीक सिंह वाला की सरपंच परमजीत कौर के पति गुरबचन सिंह, गट्टी मस्ता नंबर-01 गाँव के सरपंच सरजीत सिंह और गाँव कोट बिशन सिंह तफतीशी अफसर के आगे बयान दिया कि उक्त बी.डी.पी.ओ. ब्लॉक की पंचायतों के काम करवाने से पहले और काम मुकम्मल होने के बाद उनसे रिश्वतें लेता था।

## मकर संक्रांति के उपलक्ष्य पर श्रद्धालुओं ने देविका में लगाई डुबकी

**टीम एक्शन इंडिया/उधमपुर**
मकर संक्रांति का उत्सव श्रद्धा एवं धूमधाम से मनाया गया। प्रातः से ही लोगों ने पवित्र देविका नदी में स्नान किया तथा वहां के मंदिरों में पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर लोगों ने पड़ रही कड़ाके की सर्दी की परवाह ना करते हुए वहां स्थित बावलियों में डुबकियां लगाई तथा गरीब लोगों में दान भी किया। प्रशासन द्वारा वहां पर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए थे तथा हर आने-जाने वाले पर गहरी नजर रखी जा रही थी। वहीं नगर के अंदर अन्य मंदिरों में भी श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ था। मंदिरों में हलवा का प्रसाद बनाया गया था तथा वह वितरित कर रहे थे। वहीं नगर में स्थान-स्थान पर स्टाल लगे हुए थे जिनमें खिचड़ी, दही, हलवा व अन्य सामान दिया जा रहा था। आज प्रातः से ही आसमान बिल्कुल साफ था तथा हवाएं भी बंद थी, जिस कारण सर्दी के प्रकोप से कुछ राहत मिली। इस त्यौहार का काफी महत्व है। आज से शुभ कार्य एवं विवाह आदि प्रारंभ हो जाएंगे।

## मुख्यमंत्री साय ने की तातापानी स्थित तपेश्वर महादेव मंदिर में पूजा अर्चना

**टीम एक्शन इंडिया/रायपुर**
मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रविवार को बलरामपुर-रामानुजगंज जिले में तातापानी स्थित तपेश्वर महादेव मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की समृद्धि और खुशहाली का आशीर्वाद मांगा। साय आज संक्रांति परब तातापानी महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर तातापानी पहुंचे थे। मुख्यमंत्री साय ने तपेश्वर महादेव पर जल का अर्घ्य देकर तपेश्वर महादेव के



विशाल प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।

**पतंगबाजी का लिया आनन्दः** मुख्यमंत्री साय ने इस दौरान स्वामी आत्मानन्द एवं जवाहर नवोदय स्कूल के बच्चों के साथ चकरी एवं मांझा थाम कर पतंगबाजी का आनन्द लिया।

**निर्देश** शहरों को स्वच्छता रैंकिंग में ऊपर लाने के लिए प्रभावी कार्ययोजना बनाई जाए

## 'राज्य में जन सहभागिता से स्वच्छता अभियान व्यापक स्तर पर चलाया जाए'

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**
**मुख्यमंत्री पुष्कर** सिंह धामी ने मुख्यमंत्री आवास में उच्च स्तरीय बैठक लेते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि राज्य में स्वच्छता अभियान व्यापक स्तर पर चलाया जाए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता के प्रति जागरूकता के साथ ही इसके लिए जन सहभागिता भी सुनिश्चित की जाय। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि एक साल के अंदर देहरादून, हरिद्वार, रुद्रपुर, हल्द्वानी और कोटद्वार को स्वच्छता रैंकिंग में ऊपर लाने के लिए सुनियोजित योजना बनाकर कार्य किए जाय। जिन राज्यों में स्वच्छता के लिए अच्छे कार्य हुए हैं, उन राज्यों की बेस्ट प्रैक्टिस को



भी अपनाया जाय। मुख्यमंत्री ने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड में करोड़ों श्रद्धालु दर्शन करने के लिए आते हैं। यह सुनिश्चित किया जाय कि देवभूमि उत्तराखंड की स्वच्छता का संदेश देश- दुनिया तक जाए। उन्होंने कहा शहरों के सौंदर्यीकरण और इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट की दिशा में भी निरंतर कार्य किए जाय। उन्होंने कहा कि जन सहभागिता से ही जन सरोकारों से संबंधित अभियान सफल होते हैं, स्वच्छता अभियान में भी जन सहभागिता और सामाजिक संगठनों का पूरा सहयोग लिया जाय। राज्य में बुके नहीं बुक की संस्कृति बनाई जाय, विभिन्न कार्यक्रमों और अतिथियों को भेंट करने के लिए बुके के स्थान पर बुक भेंट की जाय। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि हर जनपद एवं ब्लॉक में एक-एक लाइब्रेरी बनाई जाय। लाइब्रेरी में जन सामान्य और प्रतियोगी परीक्षाओं में भाग लेने वालों के लिए के लिए उपयोगी पुस्तकों की व्यवस्था की जाय।

मुख्यमंत्री ने कहा कि खेलों को बढ़ावा देने और युवाओं को नशा मुक्त अभियान से जोड़ने के उद्देश्य से स्कूलों में खेल मैदानों को सुदृढ़ करने के लिए शिक्षा विभाग से समन्वय कर विकास प्राधिकरण और नगर निकाय कार्य करें, ताकि शैक्षणिक समय के बाद इन खेल मैदानों का खेल प्रेमियों की सुविधा के लिए बेहतर उपयोग हो सके।

